संस्थापक- स्व. श्री राजेंद्र के. गोधा

अजमेर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भीलवाड़ा, सीकर, बीकानेर, अलवर, भरतपुर, टोंक से एक साथ प्रसारित | डाक संस्करण | वर्ष : 47 | अंक : 111 | पेज-12 | मूल्य : 2.50 रु.

विश्वास आपका... साथ हमारा...

# समाचार जगत

आर.एन.आई.नं. 35236/80

www.samacharjagat.com

जयपुर, सोमवार, 24 अगस्त 2026, श्रावण शुक्ल पक्ष द्वादशी संवत् 2083

@ पृष्ठ 8

कप्तान शुभमन गिल के साथ शतकीय साझेदारी कर टीम को संभाला

## न्यूज गैलरी

### नदी में फंसे नौ युवक-युवतियों को सुरक्षित बचाया

सागर (वार्ता). मध्यप्रदेश में सागर जिले में दो दिन से जारी मूसलाधार बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। इसी दौरान सानौधा थाना क्षेत्र की गदेरी नदी में आबचंद गुफा क्षेत्र में पानी के तेज बहाव के बीच फंसे नौ युवक-युवतियों को पुलिस, एसडीआरएफ, होमगार्ड और स्थानीय ग्रामीणों की संयुक्त टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पुलिस के अनुसार गदेरी नदी के तेज बहाव और चारों ओर पानी से घिरे नौ युवक-युवतियों के फंसे होने की सूचना मिलते ही चौकी शाहपुर प्रभारी उप निरीक्षक मनीषा ने वरिष्ठ अधिकारियों और एसडीआरएफ टीम को तत्काल सूचना दी। आबचंद गुफा की ओर से सीधे घटनास्थल तक पहुंचना अत्यंत कठिन और जोखिमपूर्ण होने पर अधिकारियों ने आबचंद गांव की ओर से दूसरे रास्ते से रेस्क्यू टीम भेजने का निर्णय लिया।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर नरेंद्र सोलंकी और एसडीओपी रहली प्रकाश मिश्रा पुलिस टीम के साथ दूसरे मार्ग से घटनास्थल की ओर रवाना हुए।

### नीट यूजी काउंसलिंग में विद्यार्थियों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं : जायसवाल

रायपुर (वार्ता). छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रविवार को कहा कि नीट यूजी काउंसलिंग में प्रदेश के विद्यार्थियों के हितों और उनके अधिकारों के साथ किसी भी तरह की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा उनके हक की एक भी सीट प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। जायसवाल ने यहां कहा कि प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों और एमबीबीएस की सीटों में वृद्धि का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराना है। डोमिसाइल को लेकर किसी भी प्रकार की शंका या शिकायत सामने आने पर उसकी गंभीरता से जांच कराई जाएगी।उन्होंने कहा कि काउंसलिंग व्यवस्था को पारदर्शी और पुख्ता बनाया गया है। जिन अभ्यर्थियों के दस्तावेज सही हैं।

## मिर्च मसाला

यूपी-गुजरात समेत चुनावी राज्यों पर मंथन, युवाओं और आम लोगों से सीधा संवाद बढ़ाने पर जोर

# नितिन नवीन ने संभाला मोर्चा, 7 राज्यों के चुनाव को लेकर बीजेपी में नई रणनीति

समाचार जगत ब्यूरो

**नई दिल्ली.** भारतीय जनता पार्टी ने अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय पदाधिकारियों, प्रदेश अध्यक्षों और प्रदेश प्रभारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में उत्तर प्रदेश और गुजरात समेत आगामी विधानसभा चुनाव वाले राज्यों की चुनावी रणनीति, संगठन की सक्रियता और जमीनी स्तर पर जनसंपर्क बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई।सूत्रों के मुताबिक बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। खास तौर पर उन राज्यों पर फोकस किया गया, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। पार्टी ने कार्यकर्ताओं को बूथ और मंडल स्तर तक अधिक सक्रिय करने के साथ आम जनता तथा युवाओं के बीच संवाद मजबूत करने की रणनीति पर जोर दिया।

युवा वोटरों पर विशेष नजर

भाजपा की रणनीति में युवा मतदाताओं को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। पार्टी संगठन को निर्देशित किया जा रहा है कि युवाओं से सीधे संवाद बढ़ाया जाए और उनकी आकांक्षाओं, रोजगार, शिक्षा तथा विकास से जुड़े मुद्दों को संगठनात्मक गतिविधियों में प्रमुखता दी जाए। इसके साथ ही नेताओं और पदाधिकारियों को जमीन पर अधिक समय देने तथा जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने पर जोर दिया गया।अगले साल पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, हिमाचल प्रदेश और गुजरात में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन राज्यों में पंजाब और हिमाचल प्रदेश में भाजपा सत्ता में नहीं है, जबकि बाकी राज्यों में पार्टी या उसके नेतृत्व वाला गठबंधन सत्ता में है। ऐसे में भाजपा शेष पृष्ठ 4 पर

## कार्यकर्ता हमारी पूंजी, संगठन हमारी ताकत: मदन राठौड़

भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय विस्तार कार्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने 'चुनावी रणनीति एवं संगठन' विषय पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश एवं सीदान सिंह सहित राष्ट्रीय पदाधिकारी, सभी प्रांतों के प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री संगठन, प्रभारी एवं सह प्रभारी उपस्थित रहे। राठौड़ ने अपने प्रस्तुतीकरण में संगठन की मूल शक्ति को रेखांकित करते हुए कहा कि हमारा कार्यकर्ता ही हमारी पूंजी है और हमारा संगठन ही हमारी ताकत है। इसलिए संगठन को निरंतर मजबूत करना और प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता को काम और हर काम के लिए समर्पित कार्यकर्ता की भावना संगठन को सुचारू, प्रभावी और परिणामदायी बनाती है उन्होंने कहा कि संगठन में प्रत्येक स्तर पर जिम्मेदारियां स्पष्ट होनी चाहिए और दायित्व के साथ उसकी प्रभावी मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित हो। संगठन की वास्तविक शक्ति उसके कार्यकर्ताओं और जनता के बीच निरंतर संवाद में है। इसलिए बेहतर फीडबैक व्यवस्था, लगातार प्रवास और जमीनी स्तर से मिलने वाले सुझावों को संगठनात्मक निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा बनाना आवश्यक है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आमजन से मिलने वाले सुझाव और उनकी अपेक्षाएं संगठन के लिए महत्वपूर्ण फीडबैक हैं। कार्यकर्ताओं को जनता के बीच लगातार रहकर उनकी समस्याओं और सुझावों को समझना चाहिए तथा उन्हें संगठन के माध्यम से सरकार तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनना चाहिए, ताकि शासन के स्तर पर आवश्यक शेष पृष्ठ 4 पर

सीएम ने ली त्योहारी सीजन पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक

# सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को लेकर बनाएं प्रभावी कार्ययोजना: मुख्यमंत्री

- जनसहभागिता और आमजन से प्रभावी समन्वय हो सुनिश्चित

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था पर प्रभावी कार्ययोजना बनाकर काम किया जाए। यदि कहीं विवाद अथवा किसी अन्य घटना के कारण माहौल प्रभावित होता है, तो संबंधित पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक तत्काल पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लें।मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में बारावफात, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी जैसे बड़े त्योहार एवं पर्व आ रहे हैं। ऐसे में, जनसहभागिता और आमजन के साथ प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया जाए, ताकि छोटी-बड़ी जानकारी समय पर प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) भास्कर ए. सावंत सहित अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

### महाराष्ट्र में भुजबल ने ओबीसी आरक्षण कम करने के दावों को किया खारिज

मुंबई, (वार्ता). महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने रविवार को उन दावों को सख्ती से खारिज किया, जिसमें कहा गया है कि ओबीसी आरक्षण खतरे में है। भुजबल ने कहा कि प्रशासन समुदाय की मांगों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल के राज्य-व्यापी प्रदर्शनों की तैयारी तेज करने शेष पृष्ठ 4 पर

# दुर्ग में स्वाइन फ्लू का पहला मामला, करीब तीन साल की बच्ची में एच1एन1 की पुष्टि

दुर्ग (वार्ता) छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में स्वाइन फ्लू का पहला मामला सामने आया है। जिले के एक निजी अस्पताल में भर्ती 2 साल 11 माह की बच्ची की आरटी-पीसीआर जांच में एच1एन1 वायरस की पुष्टि हुई है। मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता बढ़ाते हुए बच्ची के परिजनों और उसके संपर्क में आए लोगों की निगरानी शुरू कर दी है।दुर्ग के सिविल सर्जन डॉ. आशीष कुमार मिंज ने बताया कि बच्ची को करीब दो दिन पहले तेज बुखार और फ्लू जैसे लक्षण होने पर अस्पताल लाया गया था। लक्षणों को देखते हुए डॉक्टरों को स्वाइन फ्लू की आशंका हुई। इसके बाद बच्ची की आरटी-पीसीआर जांच कराई गई। जांच रिपोर्ट में एच1एन1 वायरस की पुष्टि हुई।बच्ची का फिलहाल निजी अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उपचार किया जा रहा है। चिकित्सक लगातार उसकी स्वास्थ्य स्थिति पर नजर रख रहे हैं।एच1एन1 की पुष्टि के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम बच्ची के घर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है। स्वास्थ्य अमला घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी जुटा रहा है। बच्ची के परिवार के अन्य सदस्यों के भी सैंपल लिए गए हैं, जिससे यह पता लगाया जा सके कि उनमें संक्रमण के कोई लक्षण हैं या नहीं। इसके साथ ही बच्ची के संपर्क में आए लोगों की जानकारी जुटाकर संक्रमण के संभावित प्रसार का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। विभाग के अनुसार स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।संक्रमित बच्ची की उम्र 5 साल से कम है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस आयु वर्ग के बच्चों में फ्लू के कारण गंभीर बीमारी का जोखिम अधिक रहता है। फ्लू का संक्रमण संक्रमित व्यक्ति के खांसने, छींकने अथवा बात करने के दौरान निकलने वाली छोटी बूंदों या कणों के माध्यम से दूसरे व्यक्ति तक पहुंच सकता है। बंद और भीड़भाड़ वाले स्थानों में इसके प्रसार की आशंका अधिक रहती है।स्वाइन फ्लू के प्रमुख लक्षणों में अचानक तेज बुखार, खांसी, गले में खराश, शरीर में दर्द, सिरदर्द, कमजोरी और नाक बहना शामिल हैं। कुछ मरीजों में सांस लेने में परेशानी भी हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार विशेष रूप से छोटे बच्चों में लगातार शेष पृष्ठ 4 पर

प्रदेशभर में सघन निरीक्षण, नमूनीकरण, जब्ती एवं सीलिंग की कार्रवाई तेज

# शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान जयपुर में 300 किलो संदिग्ध पनीर नष्ट

- फलोदी में 690 किलो वनस्पति फैट जब्त कर अवैध फैक्ट्री सीज
- धौलपुर में दूध एवं घेवर के नमूने लिए गए

**जयपुर में 300 किलो संदिग्ध पनीर नष्ट**

जयपुर मुख्यालय की केंद्रीय टीम ने झोटवाड़ा स्थित मैसर्स माया डेयरी का निरीक्षण किया। मौके पर पनीर का नमूना लिया गया तथा करीब 300 किलो पनीर नष्ट कराया गया। पनीर अत्यंत अस्वच्छ परिस्थितियों में संग्रहित पाया गया। प्रथम दृष्टया इसे अनसेफ फूड की श्रेणी में पाया गया है।

**जयपुर, समाचार जगत न्यूज.** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में संचालित "शुद्ध आहार–मिलावट पर वार" अभियान के तहत रविवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा प्रदेशभर में सघन निरीक्षण एवं प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। त्योहारी सीजन को देखते हुए दूध, मावा, मिठाई, पनीर, घी एवं अन्य खाद्य पदार्थों की विशेष निगरानी की जा रही है।प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, गायत्री राठौड़ ने कहा कि जनस्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के विरुद्ध विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशन तथा अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह एवं संयुक्त आयुक्त डॉ. विजय प्रकाश शर्मा के पर्यवेक्षण में राज्य एवं जिला स्तरीय टीमों द्वारा निरीक्षण, नमूनीकरण, जब्ती एवं सीलिंग की कार्रवाई की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**फलोदी में 690 किलो वनस्पति फैट जब्त, अवैध फैक्ट्री सीज :** विशेष अभियान के तहत फलोदी जिले के गांव खींचन में संचालित अवैध वनस्पति फैट निर्माण इकाई पर छापामार कार्रवाई की गई। मौके से भारी मात्रा में कच्चा माल, पैकिंग मशीन एवं तैयार उत्पाद बरामद हुए। टीम ने करीब 690 किलो वनस्पति फैट जब्त कर फैक्ट्री को तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया।

**धौलपुर में दूध एवं घेवर के नमूने :** धौलपुर जिले के सरमथुरा कस्बे में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार के नेतृत्व में निरीक्षण किया गया। इस दौरान धर्मेंद्र डेयरी से मिश्रित दूध तथा जोधपुर मिष्ठान भंडार से घेवर का नमूना लिया गया। नमूनों को खाद्य प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर शेष पृष्ठ 4 पर

मुख्यमंत्री की जापानी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक : उद्योगों के विकास के लिए रोडमैप बनाकर काम कर रही सरकार

# राजस्थान में निवेश और निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण: मुख्यमंत्री शर्मा

- जयपुर और यामानाशी ज्वैलरी एसोसिएशन्स मिलकर बढ़ाएं व्यापार

समाचार जगत न्यूज

**जयपुर.** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान और जापान के बीच वर्षों पुराना नाता है। ऐसे में, राज्य सरकार राजस्थान और जापान के बीच रत्न-आभूषण सहित अन्य उद्योगों के विकास के लिए रोडमैप बनाकर कार्य कर रही है।

इसी क्रम में जापानी जोन बनाकर विशेष सुविधाएं विकसित की गई हैं, जिससे जापानी कम्पनियों को अनुकूल आधारभूत सुविधाएं सुलभ हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने रविवार को जापान के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक कर उद्योगों एवं निवेश को लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जयपुर ज्वैलरी एसोसिएशन और यामानाशी ज्वैलरी एसोसिएशन मिलकर तकनीक और निवेश के साथ रत्न-आभूषण व्यापार को और आगे लेकर जाएं, जिससे व्यापार बढ़ने के साथ ही रोजगार के भी ज्यादा से ज्यादा अवसर सृजित हों।

उन्होंने 2024 में अपने जापान दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि जापानी कम्पनियों ने राजस्थान में निवेश पर तीन से चार गुना फायदे पर आभार भी जताया था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जापान के निवेशकों को राजस्थान में उद्योग लगाने के लिए आमंत्रित करती है।

### जापानी प्रतिनिधिमंडल ने की राज्य सरकार की सराहना

बैठक में जापान के कोफू सिटी मेयर युइची हिगुची ने राजस्थान सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों और यहां उपलब्ध निवेश अवसरों की सराहना करते हुए कहा कि जापान की 180 कम्पनियां राजस्थान में कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जयपुर और कोफू सिटी के ज्वैलर्स मिलकर पूरी दुनिया में ज्वैलरी का बिजनेस कर रहे हैं। जयपुर की लगभग 60 कम्पनियां कोफू सिटी में ज्वैलरी का कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और जापानी प्रतिनिधिमंडल ने राधे-राधे कहकर एक-दूसरे का अभिवादन किया। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) अखिल अरोड़ा, जयपुर ज्वैलरी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला, यामानाशी ज्वैलरी एसोसिएशन इंटरनेशनल कमेटी के चेयरमैन नवीन सोनकिया, कोशिन कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष काजुओ मात्सुमोटो, क्रिएट ताकानो कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष चिकारा यानागिमोटो, द यामानाशी चुओ बैंक लिमिटेड के वरिष्ठ सलाहकार शेष पृष्ठ 4 पर

# राजस्थान पुलिस की 25 महिला कार्मिक लेंगी एनएसजी का 12 सप्ताह का कमाण्डो प्रशिक्षण

- 24 अगस्त से मानेसर में शुरू होगा गहन प्रशिक्षण, एडीजी आर्म्स बटालियन्स रूपेन्द्र सिंह ने जवानों को दी ब्रीफिंग

**जयपुर, समाचार जगत न्यूज.** राजस्थान पुलिस के आरएसी एवं एमबीसी कैडर से चयनित 25 महिला पुलिस कार्मिक राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के प्रशिक्षण केन्द्र, मानेसर में 12 सप्ताह का गहन कमाण्डो प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। प्रशिक्षण 24 अगस्त 2026 से 13 नवम्बर 2026 तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए रवाना होने से पूर्व रविवार को पांचवीं बटालियन आरएसी, घाटगेट जयपुर के प्रांगण में इन महिला कार्मिकों को अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, आर्म्स बटालियन्स राजस्थान रूपेन्द्र सिंह ने ब्रीफ किया। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड से प्राप्त होने वाले कमाण्डो प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए जवानों को प्रशिक्षण के दौरान कड़े अनुशासन, अत्याधुनिक हथियार तकनीक और जीरो एरर की नीति को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। एडीजी सिंह ने कहा कि कमाण्डो प्रशिक्षण का उद्देश्य जवानों को ऐसी दक्षता प्रदान करना है, जिससे वे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी क्षमता और आत्मविश्वास के साथ कार्य कर सकें। उन्होंने "सर्वत्र सर्वोत्तम सुरक्षा" के मूल मंत्र पर महिला कार्मिकों को ब्रीफ करते हुए उन्हें प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके बाद एडीजी श्री रूपेन्द्र सिंह ने सभी 25 महिला कार्मिकों को राजकीय वाहन से राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड प्रशिक्षण केन्द्र, मानेसर (हरियाणा) के लिए रवाना किया।

# सवा चार लाख से अधिक जाली नोटों की खेप पकड़ी, अंतरराज्यीय गिरोह के 4 गिरफ्तार

समाचार जगत न्यूज

**जयपुर, समाचार जगत न्यूज।** बजाज नगर थाना व सीएसटी पुलिस ने जाली नोट अंतरराज्यीय गिरोह खुलासा कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर 4 लाख 30 हजार 500 रुपए के जाली नोट बरामद किए हैं। उनसे परिवहन में प्रयुक्त दो लग्जरी वाहन जप्त किए हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर ईस्ट रंजिता शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अंशुल जाट निवासी राजीव कोलोनी, सुपरा चौक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक हरियाणा , साहिल चौधरी निवासी गांव रामसीसर थाना फतेहपुर सदर जिला सीकर ,प्रियांशु जाट निवासी गांव करौया थाना शिवाजी कोलोनी रोहतक, हरियाणा एवं आकाश वाल्मिकी निवासी काहनौर थाना कलानौर रोहतक, हरियाणा हैं। इनके कब्जे से 4 लाख 30 हजार 500 रुपए के जाली नोट बरामद किए हैं। उनसे परिवहन में प्रयुक्त दो लग्जरी वाहन स्कार्पियो व फॉर्च्यूनर जप्त किए हैं। आरोपियों से पूछताछ जारी है, जिनसे जाली नोटों को कहां से लेकर आए का पता किया जा रहा है।

**ढाका से कोलकाता, फिर हिरयाणा पहुंची नकली नोटों की खेप**

पुलिस की शुरुआती पूछताछ में नकली नोटों की सप्लाई का इंटरनेशनल कनेक्शन सामने आया है। पुलिस के अनुसार, नकली नोट ढाका(बांग्लादेश) में प्रिंट किए जाते थे, जिन्हें तस्करी के जरिए भारत लाया जाता था। इसके बाद नकली नोटों की खेप कोलकाता से हरियाणा पहुंची और वहां से जयपुर लाई गई। पुलिस के मुताबिक, इस नेटवर्क की मुख्य कड़ी अमन राणा निवासी रोहतक, हरियाणा है। वह फिलहाल कोलकाता में रहकर नकली नोटों का नेटवर्क संचालित कर रहा है। पुलिस अब अमन राणा और उसके अन्य साथियों की तलाश में जुट गई है।

**1 लाख असली नोटों के बदले 5 लाख रुपए नकली नोट**

स्पेशल कमिश्नर (ऑपरेशन) ओमप्रकाश के अनुसार, आरोपी एक लाख रुपए के असली नोट के बदले 5 लाख रुपए की नकली करेंसी उपलब्ध कराते थे। शुरुआती जांच में सामने आया है कि पकड़ी गई खेप को टेस्ट के तौर पर जयपुर भेजा गया था। पुलिस को आशंका है कि आगामी चुनावों के दौरान नकली करेंसी की बड़ी खेप जयपुर में खपाने की तैयारी थी।

**क्रिप्टो करेंसी के जरिए होता था भुगतान :** पुलिस जांच में नकली नोटों के कारोबार में डिजिटल करेंसी के इस्तेमाल का भी खुलासा हुआ है। आरोपी भुगतान के लिए क्रिप्टो करेंसी का यूज करते थे। पुलिस के अनुसार, ऐसा करने का मकसद लेनदेन को ट्रेस होने से बचाना था। जयपुर में पकड़ा गया साहिल चौधरी क्रिप्टो करेंसी से जुड़ा काम करता है। पुलिस के मुताबिक, हरियाणा से आए तीन आरोपी साहिल को ही नकली करेंसी की खेप देने के लिए जयपुर पहुंचे थे।

**23 मई 2025 को गए थे कोलकाता :** पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल फोन की जांच की तो कई अहम सुराग हाथ लगे। जांच

में आरोपियों के मोबाइल से 23 मई 2025 को कोलकाता जाने से संबंधित वीडियो मिले हैं। इन वीडियो से पुलिस को पता चला कि आरोपी पहले भी एक-दूसरे के संपर्क में थे और कोलकाता गए थे। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में सभी आरोपी संगठित तरीके से अपराध करने वाले नेटवर्क का हिस्सा नजर आ रहे हैं।

**महंगे फोन और लग्जरी गाड़ियों से ऐशो-आराम की जिंदगी :** आरोपियों के बैकग्राउंड की जांच में पुलिस को उनके महंगे मोबाइल फोन, लग्जरी वाहनों और विदेश यात्राओं से जुड़े तथ्य भी मिले हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि नकली नोटों के कारोबार से आरोपियों ने कितनी संपत्ति जुटाई और इस नेटवर्क में कितने लोग शामिल हैं।

**रोहतक और कोलकाता भेजी जाएंगी पुलिस टीमें :** पुलिस अब गिरोह के मुख्य आरोपी अमन राणा और उसके अन्य साथियों की तलाश कर रही है। आरोपियों से पूछताछ के आधार पर नकली नोटों की अन्य खेप और नेटवर्क से जुड़े लोगों का पता लगाया जा रहा है। इसके लिए पुलिस टीमें रोहतक भेजी जा रही हैं, वहीं कोलकाता पुलिस से भी संपर्क कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि जयपुर में इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोग तो सक्रिय नहीं हैं। बरामद नकली करेंसी की जानकारी RBI को भी दी गई है।

**चुनाव से पहले बड़ी खेप की थी तैयारी :** पुलिस के अनुसार, पकड़ी गई खेप को शुरुआती तौर पर टेस्ट के लिए भेजा गया था। आगामी चुनावों को देखते हुए पुलिस को आशंका है कि गिरोह जयपुर में बड़ी मात्रा में नकली करेंसी खपाने की तैयारी कर रहा था। समय रहते कार्रवाई होने से पुलिस ने गिरोह की इस योजना को नाकाम कर दिया। पुलिस मामले में बजाज नगर थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच में जुट गई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ के आधार पर नकली नोटों के पूरे नेटवर्क और इसके पीछे जुड़े मुख्य आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

## न्यूज गैलरी

### महाप्रबंधक ने किया जयपुर-फुलेरा-जयपुर रेल खंड का निरीक्षण

**जयपुर, समाचार जगत न्यूज।** उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक पंकज शर्मा ने शनिवार को जयपुर मंडल के जयपुर-फुलेरा-जयपुर रेल खंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फुलेरा रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत लगभग 34 करोड़ रुपए की लागत से किए जा रहे विभिन्न विकास एवं यात्री सुविधा संबंधी कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही महाप्रबंधक ने फुलेरा स्टेशन पर केंद्रीय क्रू लॉबी एवं आईआरसीटीसी की रिफ्रेशमेंट रूम का भी निरीक्षण किया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक भूपेश यादव ने बताया कि महाप्रबंधक ने स्टेशन पर यात्रियों के आवागमन, स्वच्छता,प्रकाश व्यवस्था, यात्री प्रतीक्षालय,प्लेटफॉर्म सुविधाओं सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों के दौरान यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। महाप्रबंधक ने केंद्रीय क्रू लॉबी का निरीक्षण कर वहां रनिंग स्टाफ के लिए उपलब्ध सुविधाओं,विश्राम व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने क्रू सदस्यों के लिए बेहतर कार्य वातावरण एवं सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आईआरसीटीसी की रिफ्रेशमेंट रूम इकाई का निरीक्षण किया।

### बिजनेसमैन से 2 लाख रुपयों से भरा बैग लूटा

**जयपुर, समाचार जगत न्यूज।** शहर के सदर थाना इलाके में बदमाश एक बिजनेसमैन के हाथ से 2 लाख रुपयों से भरा बैग छीनकर भाग जाने का मामला सामने आया है। एसआई दिनेश ने बताया कि सदर इलाके में पावर हाउस रोड पर रहने वाले राजु अग्रवाल (50) से लूट की वारदात हुई। वह रेलवे स्टेशन के पास सिगरेट-गुटखा का बिजनेस करते हैं। बुधवार रात करीब 10:45 बजे राजु और उनके भाई चिरंजीलाल ने साथ मिलकर शॉप क्लोज की। कपड़े का बैग हाथ में लेकर घर जाने के लिए निकले। शिकायत के अनुसार, महज कुछ दूरी पर ही तंवर गेस्ट हाउस के पास पहुंचते ही पीछे से दो लड़के आए। और दौड़ते हुए झपट्टा मारकर उनके हाथ में लगा बैग छीनकर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस शिकायत में बताया कि लुटे गए बैग में दुकान के पूरे दिन का कलेक्शन 2 लाख रुपए रखे थे। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

### न्यायालय में दी थी सशपथ झूठी गवाही, अदालत ने मुकदमा दर्ज कराने के दिए आदेश

**जयपुर, समाचार जगत न्यूज।** जयपुर, समाचार जगत न्यूज। अदालत में सशपथ झूठी गवाही देने से जुड़े प्रकरण में एनआई एक्ट मामलों की स्पेशल कोर्ट में जज तेजकिरण कौर चावला ने आरोपी रविन्द्र सक्सेना के खिलाफ न्यायालय के रीडर को परिवाद पेश करने के आदेश दिए है। परिवादी के एडवोकेट संदीप सिखवाल ने बताया कि चेक बाउंस के केस में आरोपी रविन्द्र सक्सेना ने कोर्ट में झूठी गवाही दी थी। जिसको लेकर परिवादी अशोक कुमार गोयल ने उसके खिलाफ सीआरपीसी की धारा-340 के तहत उपरोक्त परिवाद पेश किया था। अधिवक्ता संदीप सिखवाल ने कोर्ट को बताया कि आरोपी रविन्द्र सक्सेना ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अपनी पहचान बदल कर झूठी गवाही दी थी। उसने अदालत के समक्ष स्वयं को रवि सक्सेना होना बताया, जबकि अदालत के समक्ष पेश किए गए दस्तावेजों के आधार पर वह अदालत में रविन्द्र सक्सेना साबित हुआ। आरोपी ने झूठी गवाही देकर न्याय प्रक्रिया को अनुचित रूप से प्रभावित करने का गंभीर आपराधिक कृत्य किया है। उक्त फर्जीवाड़ा से कोर्ट को गुमराह करने का भी प्रयास किया गया है।

### कबड्डी में रायसिंहपुरा रहा विजेता

**चूरू, समाचार जगत ब्यूरो.** शहीद नायब सूबेदार प्रभुसिंह राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय,रामपुरा बास में बीकानेर संभाग की संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता छात्र वर्ग के तीसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एथलेटिक्स में 100 मीटर दौड़ व लंबी कूद में प्रथम स्थान संस्कृत विद्यालय मूंडरू, 400 मीटर व 1500 मीटर दौड़ व त्रि कूद में संस्कृत विद्यालय, बेलासर विजेता रहे। वॉलीबॉल फाइनल में मूंडरू विजेता व बेलासर उपविजेता रहा। कबड्डी का मैच रायसिंहपुरा व लोसल के बीच हुआ जिसमें रायसिंहपुरा विजेता रहा। शतरंज प्रतियोगिता में संस्कृत विद्यालय संगरिया विजेता रहा। बैडमिंटन में रामपुरा बास व श्योपुरा के बीच मैच हुआ जिसमें श्योपुरा विद्यालय विजेता रहा। विविध साहित्यिक प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता कुमारी, कृष्ण सिंह राठौड़, विभागीय अधिकारी सोमदत्त शर्मा आदि साहित्यिक प्रतियोगिता आयोजन में उपस्थिति रहे।

### भुसावर में बिजली कटौती आज, 6 घंटे बंद रहेगा एमआईपी क्रेशर फीडर

**भुसावर, समाचार जगत ब्यूरो .** कस्बा भुसावर के जीएसएस से जुड़े बिजली उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक सूचना है। सोमवार, 24 अगस्त 2026 को आवश्यक रख-रखाव और मरम्मत कार्य के कारण बिजली आपूर्ति 6 घंटे प्रभावित रहेगी। कनिष्ठ अभियंता बल्लभगढ नरेंद्र चौधरी ने बताया कि भुसावर जीएसएस से निकलने वाले एमआईपी क्रेशर फीडर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रखा जाएगा। इस 6 घंटे की कटौती के दौरान फीडर से जुड़े संबंधित क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। विद्युत निगम ने उपभोक्ताओं से इस कार्य में सहयोग करने की अपील की है और असुविधा के लिए खेद जताया है।

### कोर्ट ने महिला सहित 2 को रिहा करने के दिए आदेश

**जयपुर . समाचार जगत न्यूज।** समाचार जगत न्यूज। आपसी लेन-देन की रंजिश को लेकर अपहरण का मुकदमा दर्ज कराने से जुड़े प्रकरण में अपर जिला व सेशन जज सीमा ढाका ने मामले में आरोपी सुमन यादव एवं मोनू गुर्जर के प्रार्थना पत्र स्वीकार कर जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए है। एडवोकेट गोवर्धन सिंह राठौड़ ने आरोपी सुमन की ओर से पैरवी करते हुए अदालत को बताया कि डूंगला, चितौड़गढ़ निवासी ऋत्विज ने बिना कोई ठोस साक्ष्य के रंजिशवश भांकरोटा थाने में 16 अगस्त को सरासर झूठे तथ्यों के आधार पर यह मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें 15 अगस्त को अपहरण करने एवं 40 लाख रुपए की फिरोती मांगने के गंभीर आरोप लगाए गए थे। जबकि तथाकथित वारदात से पहले ही याचिकाकर्ता सुमन ने 07 अगस्त को मुहाना थाने में परिवादी पक्ष पर 40 लाख रुपए के आभूषण, नकदी आदि ले जाने के आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करवाई थी। अधिवक्ता गोवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि सुमन को झूठा फंसाया गया है। उनका इस संबंध व सरोकार ही नहीं है। फरियादी का पिता सुमन के मकान से ही 40 लाख रुपए का सोना व नकदी लेकर गया था। जिसकी रिपोर्ट दी गई थी। उक्त अपराध से बचने के लिए पुलिस से मिलीभगत कर उसे अरेस्ट करवा दिया।

## उदयपुर में तीसरी वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन की तैयारियां तेज

# आधिकारिक जर्सी व पोस्टर का हुआ अनावरण

**उदयपुर, समाचार जगत ब्यूरो.** हिंदुस्तान जिंक द्वारा 6 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली तीसरी वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन की आधिकारिक जर्सी और पोस्टर का अनावरण किया गया। इस के साथ ही उदयपुर के सबसे बड़े खेल आयोजनों में से एक वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन की तैयारियां और तेज हो गयी है। फील्ड क्लब, उदयपुर से शुरू होने वाली यह मैराथन अपने खूबसूरत रूट, खेल भावना और सामाजिक उद्देश्य के लिए देशभर में पहचान बना चुकी है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उदयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक गौरव

श्रीवास्तव, केंद्रीय जीएसटी के संयुक्त आयुक्त रोशन लाल, हिंदुस्तान जिंक के सीईओ व पूर्णकालिक निदेशक अमरेंदु प्रकाश, हिंदुस्तान जिंक और एनीबडी कैन रन के प्रतिनिधि तथा खेल और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। पिछले वर्ष 27 राज्यों और कई देशों से आए करीब 7 हजार धावकों ने इसमें भाग लिया था। इस वर्ष अभी तक 21.097 किमी, 10 किमी और 5 किमी श्रेणियों में 5,500 से अधिक पंजीकरण हो चु के हैं।

## पांच मेडिकल स्टोर पर छापा

# पांच लाख की नकली और प्रतिबंधित दवाएं जब्त

समाचार जगत न्यूज

**जयपुर.** अवैध, नकली, प्रतिबंधित और बिना लाइसेंस दवाओं की बिक्री के खिलाफ जयपुर दक्षिण पुलिस और औषधि नियंत्रण विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मुहाना और सांगानेर सदर थाना क्षेत्रों में पांच मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की। कार्रवाई में करीब पांच लाख रुपए कीमत की संदिग्ध, प्रतिबंधित और बिना बिल की दवाएं बरामद की गईं। जांच के दौरान दवाओं की खरीद-बिक्री से संबंधित वैध दस्तावेज और आवश्यक रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं करने पर संबंधित मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज के निर्देश पर ड्रग कंट्रोलर मदन मोहन सिंघल तथा मुहाना थानाधिकारी देवेंद्र सिंह और सांगानेर सदर थानाधिकारी धर्म सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर टोंक रोड स्थित अभि मेडिकल एंड जनरल स्टोर, श्रीराम की नांगल स्थित शुभम मेडिकल एंड जनरल स्टोर, हाज्यावाला स्थित बालाजी मेडिकल, गोविंदपुरा स्थित श्री श्याम मेडिकोज और वाटिका रोड स्थित देवेश मेडिकल एजेंसी की जांच की।

तलाशी के दौरान मेडिकल स्टोरों पर बड़ी मात्रा में नकली, प्रतिबंधित और बिना बिल की दवाएं मिलीं। इनकी बाजार कीमत करीब पांच लाख रुपए आंकी गई। संचालक दवाओं की खरीद-बिक्री से संबंधित वैध दस्तावेज, ड्रग लाइसेंस और आवश्यक रिकॉर्ड जांच टीम के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद औषधि नियंत्रण विभाग की टीम ने संबंधित दुकानों और गोदामों को सील करते हुए लाइसेंस निलंबित कर दिए। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

पुलिस के अनुसार नशे के खिलाफ चलाए जा रहे 'मिशन जागृति' अभियान के तहत 13 अप्रैल से 31 जुलाई तक 81 प्रकरण दर्ज कर 83 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों और पार्षदों के सहयोग से 'अपना वार्ड नशामुक्त वार्ड' अभियान चलाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान करीब तीन हजार लोगों तक जागरूकता संदेश पहुंचाया गया। अभियान की हेल्पलाइन पर मिली 102 शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत 18 मामले दर्ज किए गए और 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। विभिन्न तिथियों में करीब 5.60 करोड़ रुपए कीमत के अवैध मादक पदार्थों का निस्तारण भी किया गया। पुलिस के मुताबिक वर्ष 2026 में अब तक एनडीपीएस मामलों में 26 वाहन और करीब 3.89 करोड़ रुपए कीमत के मादक पदार्थ जब्त किए जा चुके हैं। अभियान के दौरान एनडीपीएस एक्ट के मामलों में कुल 80 हजार रुपए के 10 इनामी अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया।

# नशे की लत पूरी करने को स्कूटी चुराने वाला गिरफ्तार

समाचार जगत न्यूज

**जयपुर.** वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शिप्रापथ थाना पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके नाबालिग साथी को भी निरुद्ध किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की होंडा एक्टिवा बरामद की गई है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशे की लत पूरी करने के लिए दोपहिया वाहन चोरी करते थे।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विक्रम राज उर्फ विक्की (20) पुत्र

सवाई राम परमार निवासी शिवगंज, सिरोही, हाल निवासी स्वर्ण पथ, मानसरोवर है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ललित शर्मा और सहायक पुलिस आयुक्त मानसरोवर हेमेंद्र शर्मा के निर्देशन में थानाधिकारी हितेश शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस के अनुसार 13 अगस्त को पटेल मार्ग, मानसरोवर निवासी ऋषभ डांगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि अपनी होंडा एक्टिवा घर के बाहर खड़ी की थी। देर रात अज्ञात चोर स्कूटी चुराकर ले गया। इरदात के बाद पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर विक्रम राज उर्फ विक्की को डिटेन किया गया। पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसके नाबालिग साथी को निरुद्ध किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशे के आदी हैं और नशे की जरूरत पूरी करने के लिए मानसरोवर व आसपास के इलाकों से दोपहिया वाहन चोरी करते थे। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की स्कूटी बरामद कर ली है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## शहर में गंभीर यातायात उल्लंघन से होती हैं घातक सड़क दुर्घटनाएं

# जयपुर में रॉन्ग साइड वाहन चालकों के खिलाफ जयपुर पुलिस का विशेष अभियान: दो दिन में कटे 7,134 चालान

समाचार जगत न्यूज

**जयपुर.** शहर में रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों के खिलाफ जयपुर यातायात पुलिस ने दो दिवसीय विशेष अभियान चलाकर 544 चालान किए। पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त यातायात एवं प्रशासन प्रदीप मोहन शर्मा के निर्देशन तथा पुलिस उपायुक्त यातायात योगेश गोयल के नेतृत्व में 20 और 21 अगस्त को जयपुर के पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर जोन में विशेष टीमें तैनात कर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 20

अगस्त को रॉन्ग साइड के 283 तथा 21 अगस्त को 261 चालान किए गए। इस तरह दो दिनों में रॉन्ग साइड वाहन चलाने वाले कुल 544 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

**दो दिन में 7,134 वाहन चालकों पर कार्रवाई :** यातायात पुलिस की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 20 और 21 अगस्त को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 7,134 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। इनमें विओसी ऐप से फोटो खींचकर 798, पीओएस मशीन से 2,633, आईटीएमएस ऑनलाइन चालान से 1,135 तथा इंटरसेप्टर/स्पीड गन के माध्यम से 2,568 चालान शामिल हैं। कुल कार्रवाई में रॉन्ग साइड के 544 चालान भी शामिल हैं। यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वाहन रॉन्ग साइड में नहीं चलाएं, । पुलिस उपायुक्त यातायात योगेश गोयल ने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि सही दिशा में चलें और सुरक्षित घर लौटें। उन्होंने कहा, **"शॉर्टकट से बची हुई दूरी, जिंदगी से ज्यादा जरूरी नहीं है।"**

रामबाग सर्किल पर यातायात जागरूकता अभियान, वाहन चालकों को बताए सुरक्षित सफर के तरीके यातायात पुलिस जयपुर की ओर से आमजन और वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए रामबाग सर्किल पर विशेष यातायात जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। जैन सोशल कैपिटल ग्रुप के सहयोग से आयोजित अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के साथ सुरक्षित यातायात व्यवस्था को बढ़ावा देना रहा। अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात दक्षिण एवं नोडल अधिकारी कालिका पेट्रोलिंग यूनिट सुनीता मीना ने पुलिस अधिकारियों और ग्रुप के सदस्यों के साथ सड़क से गुजर रहे वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना के लिए समझाइश की। वाहन चालकों को बताया गया कि यातायात नियम केवल कानूनी बाध्यता नहीं।

## न्यूज गैलरी

### केईआई कम्पनी का सावन महोत्सव समारोह सम्पन्न

**भीलवाड़ा, समाचार जगत ब्यूरो.** विश्व की प्रसिद्ध इलेक्ट्रीक वायर (केबल) निर्माता कम्पनी के ई आई द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत देव गार्डन रिसोर्ट में सावन महोत्सव समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने कहा कि जिम्मेदार व्यावसायिक उद्यमी को समाज द्वारा किसी निश्चित समय पर निर्धारित, आर्थिक, कानूनी, नैतिक और परोपकारी अपेक्षाओं को भी पूरा करना होता है। इस कड़ी में केईआई कंपनी द्वारा किए गए प्रत्येक आयाम के महत्व को दर्शाता है। हालांकि सभी कंपनियों को कॉरपोरेटर सामाजिक जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाते हुए प्रत्येक व्यावसायिक उद्यमी का दायित्व है कि वह समाज के हितों का भी ध्यान रखें। सावन महोत्सव समारोह में एलनजे ग्रुप के ओएसडी रजनीश वर्मा, माली (सैनी) महासभा के जिला अध्यक्ष भैरूलाल माली भी विशिष्ट अतिथि तौर पर मंचासीन थे। जोधपुर ब्रांच हेड लोकेश खराड़ी ने कंपनी द्वारा सीएसआर के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए कहा की केईआई कंपनी अपनी सामाजिक जिम्मेदारियां को भली-भांति निभाती आ रही है। केईआई उदयपुर हेड धर्मदास वैष्णव, प्रभात प्रजापत,हिमांशु त्रिवेदी, यशवंत सिंह राणावत , अर्जुन सिंह सिसोदिया और आशीष शर्मा ने कंपनी के प्रोडक्ट के बारे में भी विस्तार से बताया इस बार कंपनी द्वारा ग्रीन भारत के तहत ग्रीन वायर का भी महत्व बताते हुए कहा कि यह पर्यावरण के लिए बहुत लाभदायक है। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर शांतिलाल छापरवाल ने किया। अंत में गुरुकृपा इलेक्ट्रिक के सीईओ सत्यनारायण माली ने समारोह में आये हुए सभी आगंतुको का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार जताया।

### नगरपालिका चुनावों की सरगर्मियां हुईं तेज, जगह जगह होने लगी चर्चाएं

**भुसावर, समाचार जगत ब्यूरो .** नगरपालिका भुसावर में 25 वार्डों में पार्षद पद के लिए 9 सितम्बर 2026 को चुनाव होने की तिथि घोषित होते ही क्षेत्र में सरगर्मियां शुरू हो गयीं और उम्मीदवार अपना भाग्य आजमाने के लिए मैदान में आना प्रारम्भ हो गए। वहीं भुसावर में संचालित विभिन्न चाय की थडियों व दुकानों पर ये उम्मीदवार चर्चाएं करते नजर आने लगे हैं। भुसावर नगरपालिका के 25 वार्डों में पार्षद पद के लिए होने वाले चुनावों के लिए जैसे ही चुनावों की तिथि घोषित हुई बैसे ही उम्मीदवारों ने मैदान में आना प्रारम्भ कर दिया और अपने अपने वोटों को गणित लगाना प्रारम्भ कर दिया। नगरपालिका भुसावर में वोर्ड भाजपा का बनाने के लिए स्थानीय विधायक बहादुर सिंह कोली कमर कस चुके हैं तो दूसरी ओर कांग्रेस अपने जीताऊ उम्मीदवारों को टिकिट देने की कवायत शुरू कर चुकी है। जहां पूर्व मंत्री व वर्तमान सांसद भजनलाल जाटव ने कार्यकर्ताओं की बैठक कर जीत का मंत्र भी दिया है। इस बार के होने वाले चुनावों में भुसावर नगरपालिका अयक्ष पद के लिए सामान्य ओपन वर्ग के लिए सीट आरक्षित है। जिस पर कई उम्मीदवार आने के लिए अपना दम खम आजमा रहे हैं।

### ब्रह्माकुमारीज ने मनाया राखी स्नेह मिलन समारोह

**हिंडौन सिटी, समाचार जगत ब्यूरो .** ब्रह्माकुमारीज के तत्वावधान में रविवार को ज्ञान रत्न भवन में राखी मिलन एवं स्नेह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पत्रकार बंधुओं के प्रति सम्मान और आत्मीयता व्यक्त करते हुए समाज में उनकी जिम्मेदारी तथा सकारात्मक पत्रकारिता की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्माकुमारी प्रिया बहन द्वारा कराए गए राजयोग मेडिटेशन से हुआ। शांत वातावरण में मेडिटेशन के माध्यम से उपस्थित लोगों ने कुछ क्षण स्वयं से जुड़कर आंतरिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन भी ब्रह्माकुमारी प्रिया बहन ने किया। करौली क्षेत्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी हेतल दीदी ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि पत्रकार समाज की आंख, कान और आवाज हैं। उनकी कलम केवल समाचार नहीं लिखती, बल्कि समाज की सोच और दिशा को भी प्रभावित करती है। उन्होंने पत्रकारों से अपनी लेखनी के माध्यम से सकारात्मकता, मानवता और श्रेष्ठ मूल्यों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। समारोह में उपस्थित पत्रकार बंधुओं ने अपने आत्मीय अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन केवल सम्मान तक सीमित नहीं रहते, बल्कि मन में सकारात्मकता, आत्मीयता और नई ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम के दौरान 25 अगस्त को स्थानीय ज्ञान रत्न भवन में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। आयोजकों ने बताया कि शिविर में करौली जिला अस्पताल की ब्लड बैंक टीम रक्त संग्रह करेगी। उन्होंने बताया कि ब्रह्माकुमारीज संस्था की पहल पर राजस्थान सरकार द्वारा जिला अस्पताल करौली को ब्लड संग्रहण वैन उपलब्ध कराई गई है, जिसमें पहला रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

# ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान ने पवित्रता व भाईचारे का लिया संकल्प

समाचार जगत न्यूज

**उदयपुरवाटी.** कस्बे के घूमचक्कर के नजदीक स्थित श्री टोडरमल महाविद्यालय में ब्रह्माकुमारीज द्वारा रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष में भव्य आध्यात्मिक स्नेह मिलन का आयोजन हर्षोउल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता नारनौल से पधारे क्षेत्रीय प्रभारी वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी रतन दीदी ने रक्षाबंधन के गहरे आध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट करते हुए बताया कि रक्षाबंधन केवल एक धागे का त्यौहार नहीं है,बल्कि यह आत्मा का परमात्मा के साथ पवित्रता का अटूट बंधन है। सच्चा रक्षा सूत्र वह है जो हमें काम,क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे आंतरिक विकारों से सुरक्षित रखता। उदयपुरवाटी सेवा केंद्र संचालीका वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी सुनीता दीदी ने जोर देकर कहां की समाज में असली शांति और सुरक्षा तभी आ सकती है जब हर व्यक्ति आंतरिक रूप से पवित्र और व्यसन मुक्त बने। प्राचार्य बहन सुरभि गुप्ता ने कहा कि रक्षाबंधन केवल स्थूल धागा बांधने का त्यौहार नहीं

बल्कि आध्यात्मिक जागृति,आत्मा की पवित्रता और दिव्य सुरक्षा का महापर्व है। प्राचार्य बहन रतन सैनी ने कहा पारंपरिक रूप से यह भाई बहन का त्यौहार है लेकिन ब्रह्माकुमारी संस्था इसे असीमित भाईचारे के रूप में देखती है। समाज सेवी एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा की ब्रह्माकुमारीज इस पर्व को शांति संकल्प की राखी के रूप में मानाती है जिसका उद्देश्य स्वयं और समाज का सकारात्मक परिवर्तन करना है। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी बहनों ने उपस्थित गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आगंतुकों को ईश्वरीय स्मृति का रक्षासूत्र (राखी) बांध तथा उन्हें व्यसनमुक्त तथा तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा दी। मंच का संचालन अपनी मधुर वाणी में कुमारी अनुष्का सैनी ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य विशाल गुप्ता, प्राचार्या सुनीता राठौर, पत्रकार सज्जन कुमार उर्मिल, पत्रकार सुमेर सिंह राव, सोशल मीडिया चैनल से ब्रह्मानंद सैनी, सर्वोदय कार्यकर्ता बद्री प्रसाद तंवर, महावीर प्रसाद, देवेंद्र यादव कमलेश यादव, प्रियांशी असवाल उपस्थित रहे।

### रोजगार व विकास परियोजनाओं पर भी हुई चर्चा

# गंगापुर सिटी में इलेक्ट्रिक लोको शेड की मांग प्रमुखता से उठी

समाचार जगत ब्यूरो

**गंगापुर सिटी.** क्षेत्रीय विकास मंच समिति, गंगापुर सिटी की ओर से शहर एवं क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर 21 अगस्त को अग्रवाल धर्मशाला में बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेलवे सुविधाओं के विस्तार, नई विकास परियोजनाओं, रोजगार के अवसरों तथा गंगापुर सिटी के सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में गंगापुर सिटी में इलेक्ट्रिक लोको शेड स्थापित करने की मांग को प्रमुखता से उठाया गया। सदस्यों ने कहा कि गंगापुर सिटी रेलवे की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है। यहां इलेक्ट्रिक लोको शेड स्थापित होने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे तथा क्षेत्र के

आर्थिक विकास को गति मिलेगी। इस संबंध में रेलवे अधिकारियों एवं उच्च स्तर पर प्रभावी तरीके से मांग रखने तथा आवश्यक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। बैठक में रघुवीर मीणा एवं प्रह्लाद सहित उपस्थित अतिथियों ने विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। व्यापार मंडल अध्यक्ष गोविंद गुप्ता, पेंशनर संघ के याकूब खान एवं रामसहाय शर्मा ने भी गंगापुर सिटी के विकास के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को सभी संगठनों एवं नागरिकों को मिलकर मजबूती से उठाना चाहिए। क्षेत्रीय विकास मंच समिति के संयोजक डॉ. हेमन्त शर्मा, अध्यक्ष प्रो. श्यामलाल मीणा, उपाध्यक्ष-महामंत्री डॉ. सीताराम गुप्ता, कोषाध्यक्ष घनश्याम मेथी एवं संगठन मंत्री चौखेलाल वर्मा सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में रेलवे से जुड़े प्रस्तावों, यातायात व्यवस्था, मूलभूत सुविधाओं, औद्योगिक विकास तथा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने पर भी चर्चा हुई।

### जलभराव वाले क्षेत्रों में डेंगू-मलेरिया का खतरा

# रोकथाम के लिए चला सघन अभियान

**भीलवाड़ा, समाचार जगत ब्यूरो.** बारिश के बाद विभिन्न क्षेत्रों में पानी एकत्रित होने से मच्छरों के प्रजनन की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू, मलेरिया व अन्य मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सघन एंटी लारवल व एंटी एडल्ट मच्छर गतिविधियां संचालित की गईं। जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों के अधीन आने वाले क्षेत्रों मे ड्राई - डे मनाकर लोगों को घरों व आसपास पानी जमा नहीं होने देने के लिए जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर सर्वे कर कूलर, पानी की टंकियों, गमलों, पुराने बर्तनों व अन्य जल पात्रों की जांच की गई। जिन पात्रों में लार्वा पाया गया, उन्हें मौके पर ही खाली करवाकर पानी का निस्तारण किया गया। अनुपयोगी व लार्वायुक्त पानी को तत्काल हटवाकर संबंधित स्थानों की सफाई करवाई गई।

**लार्वा वाले खड्डों और तालाबों में किया एंटी लारवल उपचार :** चिन्हित लार्वा वाले खड्डों, तालाबों व अन्य जलभराव वाले स्थानों पर एंटी लारवल गतिविधि के तहत काला तेल डाला गया, ताकि मच्छरों के लार्वा को पनपने से रोका जा सके। साथ ही आवश्यकता वाले क्षेत्रों में एंटी एडल्ट मच्छर गतिविधियां भी संचालित की गईं।

### रक्षाबंधन पर महिलाओं-बालिकाओं को रोडवेज बसों में दो दिन मुफ्त यात्रा

**कोटपूतली-बहरोड़, समाचार जगत ब्यूरो.** रक्षाबंधन के अवसर पर राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम ने महिलाओं और बालिकाओं को राज्य की सीमा में संचालित अपनी बसों में दो दिन निःशुल्क यात्रा की सुविधा देने का निर्णय किया है। यह सुविधा 28 और 29 अगस्त 2026 को उपलब्ध रहेगी।

कोटपूतली मुख्य आगार प्रबंधक मंजू कुमारी गोस्वामी ने बताया कि निगम के 18 अगस्त को जारी कार्यालय आदेश के अनुसार निःशुल्क यात्रा की सुविधा वातानुकूलित, वोल्वो और अखिल भारतीय अनुज्ञापत्र पर संचालित बसों को छोड़कर अन्य श्रेणी की बसों में लागू होगी। यात्रा राजस्थान राज्य की भौगोलिक सीमा के भीतर ही मान्य होगी। महिलाओं और बालिकाओं को इन दोनों दिनों के लिए अग्रिम आरक्षण की सुविधा भी दी जाएगी। परिचालक ईटीआईएम (Electronic Ticket Issuing Machine) से निःशुल्क टिकट जारी करेंगे। मशीन के काम नहीं करने की स्थिति में टिकट बुक से टिकट जारी किया जा सकेगा। टिकट पर 'महिला/बालिका यात्री' और यात्रा की तारीख अंकित करना अनिवार्य होगा। निगम के अनुसार यह सुविधा 28 अगस्त के लिए 27 अगस्त की मध्यरात्रि 12 बजे से तथा 29 अगस्त के लिए 28 अगस्त की मध्यरात्रि 12 बजे से प्रभावी होगी और संबंधित दिवस की मध्यरात्रि तक जारी रहेगी। इन दिनों निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा करने वाली महिलाओं और बालिकाओं की वास्तविक संख्या का भी आधार स्तर पर संधारण किया जाएगा। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि रक्षाबंधन पर दी जाने वाली निःशुल्क यात्रा सुविधा का वित्तीय भार निगम पर पड़ेगा।

### 700 से अधिक दावेदारों ने लिए आवेदन

# अंतिम दिन कांग्रेस कार्यालय में उमड़ी दावेदारों की भारी भीड़

**कोटा, समाचार जगत ब्यूरो.** नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से आवेदन प्रक्रिया के अंतिम दिन रविवार को गुमानपुरा स्थित कांग्रेस कार्यालय में दावेदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आवेदन लेने और जमा कराने के लिए कार्यालय में दिनभर लंबी कतारें लगी रहीं तथा देर शाम तक आवेदन लेने-जमा कराने का सिलसिला जारी रहा। शहर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष राखी गौतम ने दावेदारों की बढ़ती संख्या और कांग्रेस के प्रति कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुए आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 23 अगस्त, रविवार शाम 5 बजे तक निर्धारित की थी। अंतिम दिन भी बड़ी संख्या में दावेदार आवेदन जमा कराने के लिए कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। दावेदारों की भारी भीड़ को देखते हुए जिलाध्यक्ष राखी गौतम के निर्देश पर गठित टीम ने आवेदन जमा कराने की पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से संचालित किया। उम्मीदवारों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए कार्यालय में आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। टीम के सदस्य रविवार शाम करीब 6:30 बजे तक कार्यालय में मौजूद रहकर आवेदन जमा कराने का कार्य करते रहे। जिलाध्यक्ष राखी गौतम भी अंतिम दिन कांग्रेस कार्यालय पहुंचीं और दावेदारों से मुलाकात कर उनसे आवेदन प्राप्त किए। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और संभावित उम्मीदवारों में जिस प्रकार का उत्साह देखने को मिल रहा है, वह संगठन की मजबूती का प्रमाण है। दावेदारों की लगातार बढ़ती संख्या से स्पष्ट है कि जनता कांग्रेस की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। राखी गौतम ने सभी दावेदारों से कहा कि वे संबंधित नगर निगम से एनओसी (अनापत्ति प्रमाण-पत्र) प्राप्त कर अपने पास रखें तथा उसकी एक प्रति कांग्रेस कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा।तथा पीसीसी द्वारा क्यूआर कोड में ऑनलाइन आवेदन भी करे जिससे सही उम्मीदवारों के पैनल चयन में सरल प्रक्रिया हो सके। कांग्रेस कार्यालय प्रभारी एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. विजय सोनी ने बताया कि अंतिम दिन रविवार तक 700 से अधिक दावेदार आवेदन ले जा चुके हैं, जबकि करीब 550 उम्मीदवारों ने अपने आवेदन भरकर कांग्रेस कार्यालय में जमा करा दिए हैं। उन्होंने बताया कि जिलाध्यक्ष राखी गौतम के निर्देशानुसार गठित कमेटी द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों की स्क्रूटनी की जाएगी।

### वार्ड 31 से उठी सभापति की मजबूत आवाज

**रतनगढ़, समाचार जगत ब्यूरो.** नगर निकाय चुनाव की सरगर्मियों के बीच वार्ड नंबर 31 से भाजपा प्रत्याशी व समाजसेवी हेमंत जयप्रकाश ताम्रायत ने सभापति पद की दावेदारी को लेकर जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। ताम्रायत ने वार्ड में डोर-टू-डोर पहुंचकर लोगों से मुलाकात की और शहर के विकास को लेकर अपनी सोच व प्राथमिकताओं को साझा किया।पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि के करीबी माने जाने वाले ताम्रायत को भाजपा की ओर से सभापति पद के प्रबल दावेदारों में माना जा रहा है। जनसंपर्क के दौरान वार्डवासियों व विभिन्न प्रतिनिधियों ने उनका स्वागत करते हुए समर्थन का भरोसा दिलाया। ताम्रायत ने कहा कि रतनगढ़ को विकास की नई दिशा देने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति और जनभागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि "रतनगढ़ के विकास के लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगा और विकास कार्यों में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।"जनसंपर्क के दौरान वार्डवासियों का उत्साह और समर्थकों की सक्रिय भागीदारी चर्चा का विषय बनी रही।

### हर वक्त चिड़चिड़ापन और तनाव रहता है?

# आखिर क्या है इसका हड्डियों के लिए जरूरी विटामिन से संबंध

विटामिन-डी को आमतौर पर हड्डियों की मजबूती के लिए जरूरी माना जाता है, लेकिन इसका संबंध मस्तिष्क और मानसिक स्वास्थ्य से भी देखा गया है। इसकी कमी कुछ लोगों में थकान, नींद की परेशानी, चिड़चिड़ापन और मूड में बदलाव जैसी समस्याओं से जुड़ी हो सकती है।

शरीर को स्वस्थ रखने की बात होती है तो अक्सर हमारा ध्यान हड्डियों, मांसपेशियों और इम्युनिटी पर जाता है। लेकिन शरीर में मौजूद कुछ पोषक तत्व ऐसे भी हैं, जिनका असर हमारी शारीरिक सेहत के साथ-साथ दिमाग और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। विटामिन-डी इन्हीं में से एक है। आमतौर पर इसे हड्डियों को मजबूत रखने वाले विटामिन के तौर पर जाना जाता है, लेकिन इसकी भूमिका सिर्फ इतनी ही नहीं है।

अगर आपको लगातार थकान महसूस होती है, नींद ठीक नहीं आती, बिना किसी खास वजह के चिड़चिड़ापन रहता है या मूड बार-बार बदलता रहता है, तो इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। इनमें तनाव, खराब नींद, जीवनशैली और कुछ स्वास्थ्य समस्याओं के साथ पोषक तत्वों की कमी भी एक कारण हो सकती है। विटामिन-डी की कमी को लेकर हुए शोधों में भी मानसिक स्वास्थ्य के साथ इसके संबंध पर ध्यान दिया गया है।

विटामिन-डी शरीर में कई महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं में भूमिका निभाता है। मस्तिष्क में भी विटामिन-डी के रिसेप्टर्स पाए जाते हैं, जिससे वैज्ञानिकों ने इसके न्यूरोलॉजिकल और मानसिक स्वास्थ्य से संभावित संबंधों का अध्ययन किया है। यह मस्तिष्क के सामान्य कामकाज और कुछ ऐसे रसायनों की प्रक्रिया से जुड़ा माना जाता है, जो मूड और नींद को प्रभावित करते हैं।

**विटामिन-डी की कमी से मूड बार-बार बदल सकता है?**

अगर आप महसूस कर रहे हैं कि छोटी-छोटी बातों पर आपका मूड बदल जाता है, कभी बहुत चिड़चिड़ापन रहता है तो कभी बिना वजह उदासी महसूस होती है, तो इसे सिर्फ तनाव समझकर नजरअंदाज न करें।

विटामिन-डी शरीर और मस्तिष्क की सामान्य कार्यप्रणाली में भूमिका निभाता है।

कुछ अध्ययनों में विटामिन-डी की कमी और अवसाद जैसे लक्षणों के बीच संबंध देखा गया है।

हालांकि, इससे यह साबित नहीं होता कि हर व्यक्ति में विटामिन-डी की कमी ही मूड खराब होने की वजह है।

इसलिए अगर मूड में बदलाव लंबे समय से बना हुआ है, साथ में लगातार थकान, नींद की परेशानी या उदासी जैसे लक्षण भी हैं, तो डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है।

**डिप्रेशन का भी बढ़ जाता है खतरा**

विटामिन-डी और डिप्रेशन के बीच संबंध को लेकर कई शोध हुए हैं। कुछ अध्ययनों में विटामिन-डी का स्तर कम होने और अवसाद के लक्षणों के बीच संबंध पाया गया है। अगर किसी को लगातार उदासी, किसी काम में मन न लगना, नींद या भूख में बदलाव, ऊर्जा की कमी या निराशा जैसी समस्याएं हो रही हैं, तो उसे केवल विटामिन-डी सप्लीमेंट लेकर ठीक करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से सलाह लेना जरूरी है। अच्छी नींद शरीर और दिमाग दोनों के लिए जरूरी है। विटामिन-डी की कमी आपकी नींद को भी प्रभावित कर सकती है।

अगर आपकी नींद लंबे समय से खराब है, रात में बार-बार आंख खुलती है या पर्याप्त समय सोने के बाद भी दिनभर थकान रहती है, तो इसके कई कारण हो सकते हैं। कुछ स्थितियों में विटामिन-डी की कमी को भी जिम्मेदार माना जा सकता है।

**विटामिन-डी की कमी को कैसे पहचानें?**

विटामिन-डी की कमी होने पर हर व्यक्ति में एक जैसे लक्षण नहीं दिखाई देते। कुछ लोगों में कोई स्पष्ट लक्षण भी नहीं होते। वहीं कुछ लोगों में हड्डियों या मांसपेशियों में दर्द, कमजोरी और थकान जैसी समस्याएं हो सकती हैं। अगर आपको लगातार ऐसे लक्षण महसूस हो रहे हैं या आपको लगता है कि आपके शरीर में विटामिन-डी की कमी का जोखिम है, तो डॉक्टर की सलाह से ब्लड टेस्ट कराया जा सकता है।

विटामिन-डी पाने का एक प्रमुख प्राकृतिक स्रोत सूर्य की रोशनी है। इसके अलावा कुछ खाद्य पदार्थों में भी विटामिन-डी पाया जाता है। डाइट में पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करना और संतुलित जीवनशैली अपनाना जरूरी है। ध्यान रखें कि बिना जांच और डॉक्टर की सलाह के विटामिन-डी की हाई डोज वाली सप्लीमेंट लेना सही नहीं है। शरीर में किसी भी विटामिन की जरूरत से ज्यादा मात्रा नुकसानदायक हो सकती है।

## राजपथ

इंदर साहनी

# भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने कांग्रेस को 'नई मुस्लिम लीग' कहा, वंदे मातरम् विवाद गहराया

भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने गुरुवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए पार्टी को 'नई मुस्लिम लीग' करार दिया। नबीन का यह आरोप कांग्रेस के उस फैसले के बाद आया, जिसमें पार्टी कार्यक्रमों में 'वंदे मातरम्' के केवल पहले दो पद ही गाने का निर्णय लिया गया है।कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) ने 1937 के प्रस्ताव के अनुसार पार्टी के कार्यक्रमों में राष्ट्रीय गीत के केवल पहले दो पद गाने का फैसला किया था। नबीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, "कांग्रेस ने अब अपने अपमान को औपचारिक रूप दे दिया है। उसकी कार्यसमिति ने तय किया है कि कांग्रेस के मंचों पर 'वंदे मातरम्' के केवल पहले दो पद ही गाए जाएंगे। कुछ दिन पहले जब यही अपमान किसी व्यक्ति के आचरण में सामने आया था, तब कांग्रेस ने इसे संयोग बताकर टाल दिया था। आज वही अपमान कांग्रेस की नीति बन गया है इसके एक दिन बाद गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस के इस फैसले को 'राष्ट्र-विरोधी' करार दिया और आरोप लगाया कि यह वोट बैंक की राजनीति के लिए किया जा रहा है।

**कपिल सिब्बल का जवाब :** स्वतंत्र सांसद कपिल सिब्बल ने शुक्रवार को अमित शाह के 'राष्ट्र-विरोधी' आरोप का जवाब देते हुए सवाल उठाया कि क्या नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए या अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री रहते हुए 'वंदे मातरम्' के पूरे पद गाते थे? सिब्बल ने एक्स पर लिखा, "अमित शाह ने सीडब्ल्यूसी के दो पद वाले वंदे मातरम् के फैसले को 'राष्ट्र-विरोधी' कहा। मेरा सवाल है—क्या भाजपा ने 1950 से निजी या आधिकारिक कार्यक्रमों में सभी पद गाए? मोदी जी गुजरात सीएम रहते हुए? प्रधानमंत्री वाजपेयी?" उन्होंने आगे कहा, "तब क्या आप भी राष्ट्र-विरोधी थे? अपनी वोट बैंक की राजनीति बेनकाब हो रही है!"

**शाहजाद पूनावाला का बयान :** हाल ही में भाजपा प्रवक्ता पद से इस्तीफा देने वाले शाहजाद पूनावाला ने कहा है कि वे कांग्रेस में तभी लौटने पर विचार करेंगे, जब राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को पार्टी नेतृत्व से हटा दिया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस से जवाहरलाल नेहरू के कार्यों के लिए सार्वजनिक माफी की भी मांग की। पूनावाला का मानना है कि फिलहाल भारत के लिए भाजपा सबसे अच्छी राजनीतिक पार्टी है और वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के प्रति प्रतिबद्ध हैं। उनके इस बयान ने उनके भविष्य के राजनीतिक कदमों को लेकर चर्चा छेड़ दी है।

**एनसीईआरटी किताबों को लेकर विपक्ष का आरोप :** इस बीच विपक्षी दलों और छात्र संगठनों ने आरोप लगाया है कि सरकार स्कूल शिक्षा में आरएसएस की विचारधारा थोपने की कोशिश कर रही है। एनसीईआरटी ने कक्षा 11 और 12 की राजनीति विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तकें लिखने के लिए गठित टीम में संघ से जुड़े कुछ लोगों को शामिल किया है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इसे किताबों का 'सांघीकरण' बताया, जबकि पार्टी सांसद सैयद नसीर हुसैन ने पाठ्यपुस्तक विकास टीम की संरचना पर राजनीतिक स्वतंत्रता को लेकर सवाल उठाए। आरजेडी सांसद मनोज झा ने भी ऐसे संगठनों से जुड़े लोगों को शामिल करने पर आपत्ति जताई। राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) और वामपंथी छात्र संगठन एआईएसए ने भी टीम की संरचना पर हमला बोला। ये प्रतिक्रियाएं पीटीआई की उस रिपोर्ट के बाद आईं, जिसमें बताया गया कि एनसीईआरटी ने पाठ्यपुस्तक विकास टीम का पुनर्गठन किया है और इसमें 'सांस्कृतिक जड़ों', 'भारतीय ज्ञान परंपरा' तथा समावेशन को शामिल करने का आदेश दिया गया है।

**भाजपा विधायक का विवादित बयान, मायावती का ब्राह्मण कार्ड, टीएमसी की जीत समेत अन्य खबरें : गुना विधायक का विवादित बयान: सीता को कहा 'मौत का सामान'** : मध्य प्रदेश के गुना विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक पन्ना लाल शक्य ने मंगलवार को रामayana का उदाहरण देते हुए एक विवादास्पद बयान दे दिया। वे किसी की पत्नी पर बुरी नजर रखने की बात समझा रहे थे, लेकिन शब्दों के चयन ने विवाद खड़ा कर दिया। रावण की गलती बताते हुए उन्होंने सीता के लिए 'मौत का सामान' शब्द का इस्तेमाल किया। इसके बाद उन्होंने दावा किया कि रामायण और महाभारत जैसे हिंदू महाकाव्यों में वर्णित युद्धों में सिर्फ पुरुष ही मरे हैं। मंच पर मौजूद उनकी ही पार्टी की महिला विधायक प्रियंका पैंची (चाचौरा) ने बीच में टोकने की कोशिश की, लेकिन शक्य ने उनकी बात अनसुनी कर दी। उनके इस बयान पर पार्टी के अंदर भी विरोध हुआ।

**मायावती का ब्राह्मण कार्ड: 2027 के लिए 2007 वाला गठजोड़ दोहराने की तैयारी** : बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 के लिए 2007 वाला सामाजिक गठजोड़ फिर से खड़ा करने की कोशिश में जुटी हैं। उन्होंने अपने करीबी सहयोगी और पार्टी के प्रमुख ब्राह्मण चेहरे सतीश चंद्र मिश्रा को चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इनमें कानूनी, मीडिया और चुनाव आयोग से जुड़े मामले शामिल हैं।मायावती ने पहले ही अगले साल के चुनाव के लिए ब्राह्मण और ऊंची जाति के उम्मीदवार घोषित करने शुरू कर दिए हैं। विपक्षी दल इस रणनीति को लेकर चिंतित दिख रहे हैं, क्योंकि बसपा विभिन्न वर्गों, खासकर ब्राह्मणों को जोड़कर व्यापक सामाजिक गठबंधन बनाने की कोशिश कर रही है।

**पश्चिम बंगाल बार काउंसिल चुनाव: तृणमूल की बड़ी जीत, भाजपा को सिर्फ तीन सीटें** : पश्चिम बंगाल बार काउंसिल चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 23 निर्वाचित सीटों में से 15 पर जीत हासिल की। भाजपा को सिर्फ तीन सीटें ही मिलीं। विधानसभा चुनाव में भाजपा की बढ़त के बावजूद कानूनी बिरादरी में तृणमूल का प्रभाव बरकरार दिखा।तृणमूल ने 23 उम्मीदवार उतारे थे, भाजपा ने 22, लेफ्ट फ्रंट ने 12 और 18 स्वतंत्र उम्मीदवार थे। भाजपा ने अपनी पिछली तीन सीटें बरकरार रखीं, कांग्रेस ने दो सीटें बचाईं, जबकि लेफ्ट फ्रंट की सीटें चार से घटकर तीन रह गईं। यह नतीजा विधानसभा चुनाव के बाद तृणमूल के लिए एक महत्वपूर्ण राजनीतिक संदेश माना जा रहा है।

**तमिलनाडु : टीवीके सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप** : तमिलनाडु में ऐतिहासिक जनादेश के बाद सत्ता में आई टीवीके सरकार पर भ्रष्टाचार का पहला आरोप लगा है। मुख्यमंत्री विजय ने हमेशा 'भ्रष्टाचार मुक्त सरकार' का दावा किया है, लेकिन मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) को नए भवन में स्थानांतरित करने की योजना ने विवाद खड़ा कर दिया।भाजपा ने आरोप लगाया है कि फोर्ट सेंट जॉर्ज के मुख्य ब्लॉक से सटे नमक्कल कविंगर मालिगई भवन में सीएमओ स्थानांतरित करने के लिए जारी 5 .54 करोड़ रुपये के टेंडर में अनियमितताएं हुई हैं। टीवीके का कहना है कि यह स्थानांतरण व्यक्तिगत विलासिता के लिए नहीं, बल्कि अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए बेहतर जगह उपलब्ध कराने के लिए किया जा रहा है। विपक्षी दलों डीएमके और भाजपा का आरोप है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही निर्माण कार्य शुरू हो चुका था।

**कनाडा में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के दौरे की मांग** : कनाडा के 100 से अधिक हिंदू और नागरिक स्वतंत्रता संगठनों ने प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की सरकार से अनुरोध किया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत को कनाडा आने की अनुमति दी जाए। संगठनों ने कार्नी और तीन वरिष्ठ मंत्रियों को संबोधित संयुक्त पत्र में कहा कि भागवत से जुड़े किसी भी आव्रजन या सार्वजनिक सुरक्षा संबंधी फैसले को विश्वसनीय सबूतों और उचित प्रक्रिया के आधार पर लिया जाना चाहिए, न कि राजनीतिक दबाव में।

उन्होंने भागवत को अयोग्य घोषित करने की मांगों का विरोध करते हुए कहा कि ऐसा कदम सबूत, उचित प्रक्रिया, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, धार्मिक स्वतंत्रता और कनाडाई कानून के तहत समान व्यवहार पर गंभीर सवाल खड़े करेगा।

पत्र पर 101 संगठनों के हस्ताक्षर हैं और दावा किया गया है कि कुल मिलाकर 500 से अधिक समूह इसका समर्थन करते हैं। कार्नी सरकार की ओर से अभी कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

**कंगना रनौत का बाबा रामदेव पर हमला** : मंडी (हिमाचल प्रदेश) से भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत ने योग गुरु बाबा रामदेव पर तीखा हमला बोला है। बाबा रामदेव ने कंगना की 'गटर जनरेशन' वाली टिप्पणी की आलोचना की थी।कंगना ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर कहा, "बाबा जी, मेरी जवानी या बेडरूम के बारे में सपने मत देखो। कोई सिर्फ अफवाहों और गपशप के आधार पर अनुमान लगा सकता है। कम से कम मुझे कभी सुप्रीम कोर्ट से फटकार नहीं लगी झूठे/धोखाधड़ी वाले मेडिकल दावों के लिए, जो ठोस तथ्यों पर आधारित नहीं बल्कि अफवाहों पर थे।

बाबा रामदेव ने हालिया इंटरव्यू में कंगना की टिप्पणी पर कहा था कि उन्होंने अपना मानसिक संतुलन खो दिया है। उन्होंने पूछा था कि उनकी योग्यता क्या है और उनकी जवानी कैसी थी, तथा कहा था कि भारत के युवाओं के बारे में ऐसे बोलना मानसिक असंतुलन का संकेत है।

# 42.1 एमडब्ल्यूपी सोलर क्षमता के साथ ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में एनएफआर की उल्लेखनीय उपलब्धि

**मालीगांव, समाचार जगत ब्यूरो.** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) अपने मंडल और यूनिट्स में सौर ऊर्जा अवसंरचना का विस्तार कर ग्रीन एनर्जी और सस्टेनेबल रेलवे संचालन की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। हरित ऊर्जा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर, जनवरी से जुलाई 2026 के बीच 23.7 एमडब्ल्यूपी की सौर ऊर्जा क्षमता शुरू की गई, जो भारतीय रेल के सभी ज़ोनल रेलवे में सर्वाधिक है। इस उपलब्धि के साथ, वर्ष 2011 में सोलराइजेशन पहल की शुरुआत के बाद से जुलाई 2026 तक एनएफआर में कुल संस्थापित सोलर क्षमता 42.1 एमडब्ल्यूपी तक पहुँच गई है।

विभिन्न मंडलों में, गुवाहाटी वाले हिस्से को मिलाकर लामडिंग मंडल ने सर्वाधिक कुल 17.7 एमडब्ल्यूपी सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए है और इसके बाद रंगिया मंडल का स्थान है, जिसकी क्षमता 9.6 एमडब्लूपी है। अलीपुरद्वार, कटिहार और तिनसुकिया मंडलों ने भी एनएफआर की कुल सौर उर्जा को बढ़ाने में अहम योगदान दिया है, जिससे स्वच्छ और स्थायी ऊर्जा के प्रति इसकी प्रतिबद्धता और अधिक मजबूत हुई है।सौर संस्थापनों से एनएफआर को कामकाज और आर्थिक रूप से काफी लाभ हुआ है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान, सौर ऊर्जा का उत्पादन लगभग 114 लाख यूनिट तक पहुंच गया, जिससे लगभग 8.6 करोड़ रुपये की बचत हुई। यह 2024–25 की तुलना में सौर ऊर्जा उत्पादन में लगभग 90% और आर्थिक बचत में 95.45% की बढ़ोतरी है। उस समय लगभग 60 लाख यूनिट सौर ऊर्जा का उत्पादन हुआ था, जिससे लगभग 4.4 करोड़ रुपये की बचत हुई थी। सौर ऊर्जा उत्पादन और लागत बचत में हुई यह उल्लेखनीय वृद्धि एनएफआर द्वारा कार्बन फुटप्रिंट कम करने, स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने और ऊर्जा व्यय अनुकूलित करने की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों को प्रदर्शित करती है।हरित ऊर्जा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करते हुए, एनएफआर के विभिन्न मंडलों में फिलहाल 9 एमडब्ल्यूपी की अतिरिक्त सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित करने की योजना पर कार्य चल रहा है। लामडिंग, रंगिया, कटिहार और अलीपुरद्वार मंडलों में बड़े संस्थापनों की योजना है, जिससे निकट भविष्य में एनएफआर की कुल अक्षय ऊर्जा क्षमता में काफी बढ़ोतरी होने के आसार है।इन पहलों से सस्टेनेबल और पर्यावरण के अनुकूल रेलवे संचालन के प्रति पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की प्रतिबद्धता और भारतीय रेल के 'नेट-ज़ीरो कार्बन एमीटर' बनने के विज़न में इसके सक्रिय योगदान को पुनः मजबूत करती हैं। सौर ऊर्जा का निरंतर विस्तार न केवल कार्बन उत्सर्जन को कम करने और पर्यावरण को बचाने में मदद करता है।

पृष्ठ 1 का शेष...

## नितिन नवीन ने संभाला...

के सामने जहां सत्ता वाले राज्यों में अपनी सरकारों को दोहराने की चुनौती है, वहीं पंजाब और हिमाचल में संगठन को मजबूत कर सत्ता में वापसी की कोशिश होगी।

**पीएम मोदी के मंत्र को संगठन में उतारने की तैयारी** : यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम के साथ हुई लंबी बैठक के एक दिन बाद हुई। शनिवार को प्रधानमंत्री ने पार्टी के सभी 67 नवनियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ पांच घंटे से अधिक समय तक संवाद किया था। मोदी ने संगठनात्मक बैठकों को नए विचारों और पार्टी को मजबूत करने का माध्यम बताते हुए नेताओं से जनता के साथ जुड़ाव और मजबूत करने का आह्वान किया था।सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री ने नए पदाधिकारियों से लोगों के बीच अपनी पहुंच बढ़ाने, युवाओं से संवाद मजबूत करने और जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने को कहा। अब राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की बैठक में इन्हीं प्राथमिकताओं को आगामी चुनावों की संगठनात्मक रणनीति से जोड़ने पर मंथन हुआ।

## कार्यकर्ता हमारी पूंजी...

समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि समय बदल रहा है, इसलिए हमारी कार्यशैली और रणनीति में भी समयानुकूल बदलाव होना चाहिए। तकनीक के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना आवश्यक है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उभरती तकनीकों का सकारात्मक और प्रभावी उपयोग संगठन को अधिक सक्षम बनाने में किया जा सकता है। इसी प्रकार सोशल मीडिया के दौर में संगठन के विचार, गतिविधियों और जनकल्याणकारी कार्यों को प्रभावी ढंग से समाज तक पहुंचाने के लिए स्पष्ट रणनीति विकसित करनी होगी। राठौड़ ने कहा कि आने वाली पीढ़ी की अपेक्षाओं और सोच को समझना भी संगठन की जिम्मेदारी है। युवाओं की आकांक्षाओं को समझकर उन्हें संगठन में पर्याप्त अवसर और जिम्मेदारियां देनी होंगी। उन्होंने कहा कि संगठन में वरिष्ठ एवं अनुभवी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन हमारी महत्वपूर्ण पूंजी है, वहीं युवाओं की ऊर्जा और नई सोच संगठन को नई गति प्रदान करती है। अनुभव और युवा शक्ति का समन्वय संगठन को अधिक मजबूत और गतिशील बनाएगा। उन्होंने सामाजिक समावेश पर जोर देते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों को संगठन से जोड़ना और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर देना हमारी कार्यपद्धति का हिस्सा होना चाहिए। संगठन तभी व्यापक बनता है, जब उसमें समाज के हर वर्ग की सहभागिता और प्रतिनिधित्व दिखाई देता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी समय-समय पर कार्यकर्ताओं की क्षमता, अनुभव और योग्यता के अनुरूप उन्हें जिम्मेदारियां देती है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को मिले दायित्व को पूरी निष्ठा, क्षमता और समर्पण के साथ निभाना चाहिए। दायित्व पद नहीं, संगठन के प्रति सेवा और जिम्मेदारी का अवसर है। उन्होंने कहा कि संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को यह भाव हमेशा अपने भीतर रखना चाहिए कि संगठन है तो हम सब हैं। इसी भावना के साथ निरंतर संवाद, सक्रिय कार्यकर्ता, स्पष्ट जिम्मेदारियां, मजबूत फीडबैक व्यवस्था, तकनीक का सदुपयोग और जनता से सीधा जुड़ाव भाजपा संगठन को और अधिक प्रभावी बनाएगा।

## दुर्ग में स्वाइन फ्लू का...

तेज बुखार, सांस लेने में परेशानी अथवा स्वास्थ्य की स्थिति बिगड़ने पर इसे सामान्य मौसमी बीमारी मानकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए।

## जापानी प्रतिनिधिमंडल ने...

नकाबा शिंदो, कोफू बिल्डिंग कंपनी लिमिटेड के चेयरमैन तेत्सुजी सकामोटो, कोफू सिटी उद्योग विभाग के महानिदेशक ताकेयासु तनाका, कोफू सिटी वाणिज्य एवं उद्योग प्रभाग के प्रबंधक सातोशी त्सुनोदा, ईंगाडो कंपनी लिमिटेड के उपाध्यक्ष तादाओ शिमुरा, क्रॉसफोर कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष अकीहिको नाइतो, कोफू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रबंधक शिगेमासा सुजुकी, कोफू सिटी अंतरराष्ट्रीय संबंध प्रभाग के मेयर कार्यालय प्रबंधक शुनिची हागिहारा सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

## महाराष्ट्र में भुजबल...

के बीच श्री भुजबल ने समता परिषद की एक अहम बैठक में सामाजिक और प्रशासनिक मुद्दों पर बात की। पिछड़े वर्ग के आरक्षण के खत्म होने की बातों को सिरे से खारिज करते हुए उन्होंने कहा, "कौन कह रहा है कि ओबीसी आरक्षण खत्म हो गया है?" उन्होंने बताया कि सरकार जाति सत्यापन में प्रशासनिक सुधार और जाति जनगणना जैसी लंबे समय से लंबित मांगों पर सक्रियता से काम कर रही है। राजनीतिक खींचतान पर स्थिति स्पष्ट करते हुए श्री भुजबल ने कहा कि श्री पाटिल का आंदोलन सीधे उनके समूह के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान के लिए प्रशासन के साथ बातचीत ही मुख्य जरिया है। आरक्षण की राजनीति से हटकर, श्री भुजबल ने शासन-प्रशासन से जुड़े मुद्दों पर भी बात की। उन्होंने अल-नीनो जैसी मौसमी घटनाओं के कृषि पर व्यापक असर का जिक्र किया और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी तुकाराम मुंडे जैसे वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे ठोस प्रयासों की सराहना की।

## शुद्ध आहार-मिलावट...

आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। त्योहारी सीजन में विशेष निगरानीअतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह ने बताया कि त्योहारी मांग को देखते हुए राज्य एवं जिला स्तरीय टीमों को सघन निरीक्षण, नमूनीकरण एवं प्रवर्तन कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। दूध, मावा, मिठाइयों, पनीर, घी एवं अन्य खाद्य पदार्थों की विशेष निगरानी की जा रही है। जांच में खाद्य पदार्थ सब -स्टैण्डर्ड , अनसेफ या मिसब्रांडेड पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत दंडात्मक एवं अभियोजनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# 'यूथ रन पंजाब 2026' का आयोजन, हजारों युवाओं ने नशामुक्त और स्वस्थ पंजाब का दिया संदेश

**जालंधर, (वार्ता).** आम आदमी पार्टी (आप) की यूथ विंग द्वारा 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत रविवार को जालंधर में 'यूथ रन पंजाब 2026' मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें हजारों युवाओं और खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर नशे से दूर रहने, खेलों को अपनाने और स्वस्थ एवं प्रगतिशील पंजाब के निर्माण का संदेश दिया। मैराथन को आप पंजाब प्रभारी एवं वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया तथा मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मण ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाद में विजेताओं को 11 हजार रुपये तक के नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतिभागियों को टी-शर्ट और पदक भी दिए गए।

इस अवसर पर श्री सिसोदिया ने कहा कि यह मैराथन केवल कुछ किलोमीटर की दौड़ नहीं, बल्कि ऐसे पंजाब की आवाज है जो नशे, निराशा और हार मानने की मानसिकता को पीछे छोड़कर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मान के नेतृत्व में पंजाब के युवा पुराने 'उड़ता पंजाब' की छवि को पीछे छोड़कर 'खेलता-दौड़ता पंजाब' बना रहे हैं।

श्री सिसोदिया ने कहा कि सुबह-सुबह हजारों युवाओं की भागीदारी उनके उत्साह, ऊर्जा और सही दिशा में आगे बढ़ने के संकल्प को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि पंजाब के युवा अब नशे के बजाय खेल, फिटनेस और रचनात्मक गतिविधियों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

आप पंजाब यूथ डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि मैराथन में युवाओं की भारी भागीदारी 'रंगला पंजाब' बनाने के प्रति उनके बढ़ते उत्साह को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि आप यूथ विंग लगातार प्रदेश के युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए काम कर रही है।

श्री गोल्डी ने युवाओं से खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि रोजाना आधा घंटा या एक घंटा खेलों में बिताना भी जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। उन्होंने यूथ विंग के अध्यक्ष विधायक मनजिंदर सिंह लालपुरा और उपाध्यक्ष वीर दविंदर सिंह सहित पूरी टीम को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

आप पंजाब के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने कहा कि पिछली सरकारों ने पंजाब के युवाओं को नशे की ओर धकेला, जबकि मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार युवाओं को खेल और शिक्षा से जोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जालंधर में सुबह-सुबह बड़ी संख्या में युवाओं का एकजुट होना इस बात का प्रमाण है कि पंजाब फिर से 'रंगला पंजाब' बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# 100 ग्राम हेरोइन के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

**जालंधर, (वार्ता).** पंजाब में जालंधर ग्रामीण पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत फिल्लौर में एक कथित नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 100 ग्राम हेरोइन बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह विर्क ने रविवार को बताया कि फिल्लौर थाना पुलिस की टीम ने थाना प्रभारी (एसएचओ) निरीक्षक बलविंदर सिंह भुल्लर के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए दविंदर कुमार उर्फ दविंदर, निवासी मोहल्ला डॉ. अंबेडकर नगर, गढ़ा रोड, फिल्लौर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 100 ग्राम हेरोइन बरामद की। बरामदगी के आधार पर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी), 61 और 85 के तहत थाना फिल्लौर में मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि आरोपी कथित तौर पर हेरोइन बेचने के अवैध कारोबार में शामिल था। पुलिस अब उससे पूछताछ कर रही है कि बरामद नशीला पदार्थ उसे कहां से मिला था और इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था। आरोपी को 22 अगस्त को अदालत में पेश किया गया, जहां से पुलिस को दो दिन का रिमांड मिला। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से नशे की सप्लाई के स्रोत, नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों तथा संभावित खरीदारों के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पूछताछ के दौरान यदि किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके खिलाफ भी कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। जालंधर ग्रामीण पुलिस ने कहा कि नशे की सप्लाई चेन को तोड़ने और नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# हरियाणा परिवहन का एक सितंबर से दो दिवसीय चक्का जाम

**सिरसा (वार्ता)** हरियाणा परिवहन यूनियनों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है।

सिरसा डिपो के नाथूसरी चौपटा बस स्टैंड पर रोडवेज यूनियनों के साझा मोर्चे की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें एक और दो सितंबर को प्रदेशभर में रोडवेज बसों का दो दिवसीय चक्का जाम करने का निर्णय लिया गया।

यूनियन नेता जयवीर घणघस और अशोक खोखर ने बताया कि निर्णय के तहत 26 अगस्त को सभी रोडवेज डिपो में सुबह 10 से 11 बजे तक सांकेतिक प्रदर्शन किया जायेगा और महाप्रबंधकों को मांगपत्र सौंपे जायेंगे।

## न्यूज गैलरी

### नगरपालिका के चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक दो जगह आयोजित

**सावर, समाचार जगत ब्यूरो.** सावर कस्बे के पेंशन समाज के भवन व पंडेर मार्ग पर नगर पालिका के आगामी चुनाव की तैयारी को लेकर राजस्थान सरकार के पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ रघु शर्मा के सानिध्य मे कांग्रेस पार्टी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डॉ रघु शर्मा ने पार्टी को नगर पालिका में भारी बहुमत से विजय बनाकर बोर्ड बनाने का कार्यकर्त्ताओ को संकल्प दिलाया। सावर नगर पालिका कांग्रेस के शासन में बनी है। लोगों में चुनाव को लेकर भारी उत्साह नजर आ रहा है। सावर के विकास को कोई रोक नहीं सकता। लोगों ने संकल्प लिया कि आने वाली 9 तारीख को सर्व समिति से उम्मीदवार खड़ा कर बोर्ड हमारा बनाएंगे। कांग्रेस के राज में सावर में विकास हुआ भाजपा के राज में एक ईंट भी नहीं लगी। हर वार्ड मे 1 ही उम्मीदवार खड़ा होकर कांग्रेस का बोर्ड बनाए। कांग्रेस नेता शैलेन्द्र सिंह शक्तावत, अजमेर कांग्रेस देहात जिला महामंत्री एवं सावर पूर्व चेयरमेन विश्वजीत सिंह शक्तावत (गुड्डू बन्ना), कांग्रेस नेता ओमप्रकाश कसौटीया, नगर अध्यक्ष कन्हैयालाल माली, मंगल सिंह राठौड़ सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने भाग लिया।

### राठौर तेली समाज की महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव

**बूंदी, समाचार जगत ब्यूरो.** नैनवां रोड स्थित होटल शगुन में राठौर तेली समाज की महिलाओं ने सावन महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से समाज की मातृशक्ति एवं गणमान्य अतिथियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में कोटा से डॉ. प्रीति राठौर, कुसुमलता राठौर, ममता साहू, अनीता राठौर, मंजुला राठौर एवं केशवरायपाटन से ममता राठौर अपनी टीम के साथ पधारीं। डाबी से नंदकंवर राठौर एवं नगरपालिका चेयरमैन पूजा चन्द्रवाल तथा मांडलगढ़ से अखिल भारतीय तेली साहू महासभा की महिला अध्यक्ष रामकन्या राठौर भी उपस्थित रहीं। सभापति सरोज अग्रवाल, डॉ. अंकिता अग्रवाल, नीतिका माथुर, टीपी डांस स्टूडियो की फाउंडर तनिष्का शर्मा एवं मयूरी ओझा ने कार्यक्रम में शिरकत की और राठौर तेली समाज की मातृशक्ति को संबोधित किया। सावन महोत्सव में सावन क्वीन वरिष्ठ वर्ग में केसर बाई, कनिष्ठ वर्ग में राजेश राठौर ओर बालिका वर्ग में ऐश्वर्या सालीवाल चुनी गई। सावन महोत्सव के दौरान तीन वर्गोंकृबालिका वर्ग, युवा महिला वर्ग एवं वरिष्ठ महिला वर्ग में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नृत्य प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में ऐश्वर्या सालीवाल, युवा महिला वर्ग में अनु राठौर तथा वरिष्ठ महिला वर्ग में केसर बाई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महोत्सव का मंच संचालन अंजलि राठौर ने बखूबी करते हुए बालिका वर्ग को सावन और लहरिया की जानकारी दी।

### डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा: ग्रामीण ने विद्यालय को भेंट किया एलईडी टीवी

**वैर, समाचार जगत ब्यूरो.** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जगजीवनपुर में विद्यार्थियों को डिजिटल एवं ऑनलाइन शिक्षा से जोड़ने की दिशा में स्थानीय ग्रामीण सुभाष चंद मीना ने 55 इंच का सैमसंग एंड्रॉइड स्मार्ट एलईडी टीवी विद्यालय को भेंट किया। इस टीवी से विद्यार्थियों को ऑनलाइन शैक्षणिक सामग्री देखने तथा शिक्षा विभाग के 'मिशन स्टार्ट' कार्यक्रम के संचालन में सुविधा मिलेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश कुमार झा ने बताया कि विद्यालय में कंप्यूटर लैब उपलब्ध नहीं होने के कारण ऑनलाइन शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में परेशानी आ रही थी। स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पूर्व प्रधानाचार्य एवं स्टाफ ने सुभाष चंद मीना के पुत्र रवि कुमार मीना को विद्यालय की इस समस्या से अवगत कराया था। इसके बाद रवि कुमार मीना ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय को स्मार्ट एलईडी टीवी उपलब्ध कराने की घोषणा की। घोषणा के अनुरूप रवि कुमार मीना के पिता सुभाष चंद मीना विद्यालय पहुंचे और 55 इंच का एंड्रॉइड एलईडी टीवी प्रधानाचार्य एवं स्टाफ को भेंट किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से भामाशाह सुभाष चंद मीना का साफा पहनाकर सम्मान किया गया तथा उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान लक्ष्मी सिंह व्याख्याता, रामकरण मीना वरिष्ठ अध्यापक, अनुपम कुमारी व्याख्याता, उमा मीना व्याख्याता, कमलेश मीना, घनश्याम मीना अध्यापक, मुकेश चंद शर्मा वरिष्ठ अध्यापक, राजेश कुमार सैनी, लाखन, उमेश कुमार अध्यापक, आशीष कुमार वरिष्ठ सहायक एवं अशोक मीना पंचायत शिक्षक सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक

### पहले दिन 560 दावेदारों ने किए आवेदन

समाचार जगत ब्यूरो

**चूरू.** निकाय चुनाव को लेकर चूरू जिला मुख्यालय स्थित मंडेलिया हाउस में चूरू शहर ब्लॉक कांग्रेस व देहात ब्लॉक कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व मुख्य वक्ता रफीक मंडेलिया ने संबोधित किया।मंडेलिया ने कहा कि निकाय चुनाव कांग्रेस कार्यकर्ताओं की परीक्षा है। एक ओर कार्यकर्ताओं की मेहनत है, वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार के हथकंडे हैं। इनका जवाब कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कड़ी मेहनत और एकजुटता के साथ देना होगा। उन्होंने कहा कि नगर परिषद चूरू और रतननगर पालिका में कांग्रेस का बोर्ड बनाना है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार चुनाव से बार-बार बचना चाहती थी, लेकिन आखिरकार चुनाव मैदान में आना पड़ा। अब भाजपा को बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी तथा किसानों और युवाओं में बढ़ते विरोध का सामना करना पड़ेगा।बैठक में चूरू शहर व रतननगर से कांग्रेस का टिकट मांगने वाले दावेदारों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। अनेक उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ जुलूस के रूप में पहुंचे और अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। दावेदारों की भीड़ और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखकर रफीक मंडेलिया भी गदगद नजर आए।बैठक की अध्यक्षता शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष असलम खोखर ने की, जबकि संचालन जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता जमील

चौहान ने किया। बैठक में देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धांधू, प्रदेश कांग्रेस सचिव रियाजत खान, पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया, पूर्व सभापति पायल सैनी, मोहम्मद हुसैन निर्वाण, धर्मेंद्र बुडानिया, आदूराम न्यौल, रमजान खान, रतननगर के असलम खान, सीताराम खटीक, अबरार खान, शिव कुमार शर्मा, संजय भाटी, विमल शर्मा, रामेश्वर लाल नायक, लाल चंद सैनी, अली मोहम्मद भाटी, आरिफ रिसालदार, लीलाधर चूलेट, हेमंत सिहाग, सुनीता कपूरिया, सुशीला सुंडा, दीपिका सोनी, सुनीता जांगिड़,जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक अध्यक्ष असलम भाटी, सोयल खान डी के राकेश सोनी, सत्यनारायण बाकोलिया, जगदीश मेघवाल, सलीम पीए, अशोक पंवार तारीख़ नागौरी,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सैनी समाज अधिकारी-कर्मचारी संगठन का हुआ निर्वाचन

# रामजीलाल सैनी समाज के निर्विरोध अध्यक्ष बने

समाचार जगत ब्यूरो

**दौसा.** सैनी समाज अधिकारी-कर्मचारी संगठन, जिला दौसा के जिला अध्यक्ष एवं जिला सचिव पद के निर्वाचन की प्रक्रिया रविवार, 23 अगस्त को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुई। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिला अध्यक्ष पद के लिए पांच तथा जिला सचिव पद के लिए दो नामांकन पत्र प्राप्त हुए।

निर्धारित समयावधि में जिला अध्यक्ष पद के चार प्रत्याशियों ने अपने नामांकन वापस ले लिए। इसके बाद अध्यक्ष पद पर श्री रामजीलाल सैनी, प्रिंसिपल, रजवास (शेरसिंह), दौसा एकमात्र प्रत्याशी रह गए। इसी प्रकार जिला सचिव पद के एक प्रत्याशी द्वारा नामांकन वापस लिए जाने के बाद श्री जितेन्द्र कुमार सैनी, PTI, दौसा एकमात्र प्रत्याशी रह गए। निर्वाचन नियमों के अनुसार दोनों पदों पर एक-एक वैध प्रत्याशी शेष रहने के कारण बिना मतदान के दोनों का निर्विरोध निर्वाचन घोषित किया गया।

निर्वाचन अधिकारियों ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष रामजीलाल सैनी एवं जिला सचिव जितेन्द्र कुमार सैनी को निर्वाचन प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया। संगठन की जिला कार्यकारिणी में राजेंद्र प्रसाद सैनी को मुख्य संरक्षक, रंगलाल सैनी AEN को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मोहनलाल सैनी VDO को संरक्षक, चौथमल सैनी को कोषाध्यक्ष तथा महेश चंद सैनी को प्रवक्ता नियुक्त किया गया।

कार्यक्रम में महुआ ब्लॉक अध्यक्ष शेर सिंह सैनी, सिकंदरा-सिकराय ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल सैनी डाबर, पूर्व कोषाध्यक्ष बबलू कुमार सैनी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। छात्रावास अध्यक्ष ईश्वर लाल सैनी, छात्रावास संरक्षक रंगलाल सैनी, ओंकारेश्वर मंदिर अध्यक्ष रामकिशोर सैनी, कैलाश सैनी, महिला एवं बाल विकास नगर अध्यक्ष शंकरलाल सैनी, बनवारी लाल, रमेश सैनी लालसोट, महात्मा ज्योतिबा फुले अध्यक्ष बंटी सैनी, मुकेश सैनी, एएसआई पुनीराम सैनी लवान, महाराज सिंह सैनी गिरधावर सहित अनेक गणमान्यजन भी मौजूद रहे। निर्वाचन अधिकारी कैलाश प्रसाद सैनी (लालसोट), कैलाश चंद सैनी (कुंडल) एवं अशोक कुमार सैनी (बांदीकुई) ने निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई। उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने तथा अधिकारी-कर्मचारी समाज के हितों के लिए सक्रिय एवं प्रभावी भूमिका निभाने की शुभकामनाएं दीं।

### चीनी के बढ़ते दामों पर बृजेन्द्र ने उठाए सवाल

#### एथनॉल नीति की समीक्षा की मांग

वैर. राजस्थान किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेन्द्र चौधरी ने देश में लगातार बढ़ती महंगाई और आमजन की घटती आय पर चिंता जताते हुए केंद्र सरकार से एथनॉल उत्पादन नीति की समीक्षा करने की मांग की है। चौधरी ने कहा कि महंगाई ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है और अब त्योहारों की मिठास भी प्रभावित होने लगी है। चौधरी ने कहा कि चीनी के दामों में पिछले कुछ महीनों में तेज बढ़ोतरी चिंता का विषय है। स्थिति यह है कि चीनी के भाव चने से भी आगे निकलते नजर आ रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब भारत दुनिया में चीनी उत्पादन में ब्राजील के बाद दूसरे स्थान पर है और लंबे समय से चीनी का निर्यात करता रहा है, तो आज देश को चीनी आयात करने की आवश्यकता क्यों पड़ रही है?

उन्होंने कहा कि खबरों के अनुसार देश में पिछले वर्ष करीब 720 करोड़ लीटर एथनॉल का उत्पादन हुआ और इसके लिए बड़ी मात्रा में गन्ने का उपयोग किया गया। ऐसे में सरकार को यह देखना होगा कि गन्ने का कितना हिस्सा चीनी उत्पादन के लिए और कितना एथनॉल उत्पादन के लिए उपयोग किया जा रहा है। बृजेन्द्र चौधरी ने कहा कि एथनॉल नीति के दूरगामी प्रभावों का गंभीरता से मूल्यांकन जरूरी है। यदि गन्ने का अधिक हिस्सा एथनॉल उत्पादन में जाता है और इससे चीनी की उपलब्धता प्रभावित होती है, तो आने वाले समय में चीनी के दाम और आपूर्ति को लेकर नई समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को केवल एथनॉल मिश्रण के लक्ष्य पर ही ध्यान नहीं देना चाहिए, बल्कि चीनी की घरेलू मांग, किसानों के हित, गन्ने की उपलब्धता और उपभोक्ताओं पर पड़ने वाले महंगाई के बोझ को भी साथ में देखना चाहिए। चौधरी ने केंद्र सरकार से मांग की कि एथनॉल बनाने की मौजूदा नीति की व्यापक समीक्षा की जाए और ऐसी संतुलित नीति बनाई जाए, जिससे किसानों को गन्ने का उचित मूल्य मिले, चीनी की घरेलू जरूरत पूरी हो, उपभोक्ताओं को महंगाई से राहत मिले तथा देश को चीनी आयात करने की स्थिति का सामना न करना पड़े।

### नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

## जांगिड़ समाज की बैठक सम्पन्न

**सावर, समाचार जगत ब्यूरो.** कस्बे में रविवार को रामदेव जागिड़ की अध्यक्षता में जांगिड़ समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के संगठनात्मक विकास, समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने तथा सामाजिक सुधार को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान समाजहित में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव एवं निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए सावर तहसील अध्यक्ष गोपाल लाल जांगिड़, कुशायता, कृष्णगोपाल भदाणियां को सचिव तथा केदार खाती को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।इसी दौरान रामनिवास जांगिड़, गजानन्द रायनगर, राजेश जागिड़,महावीर प्रसाद, ओमप्रकाश जांगिड़,जगदीश जागिड़,रूपनारायण जागिड़, दुर्गा लाल जागिड़,सीताराम जागिड़,गजानंद जागिड़ सहित अन्य समाजबंधुओं को भी विभिन्न जिम्मेदारियों के लिए चुना गया। बैठक के दौरान उपस्थित समाजबंधुओं ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने, आपसी भाईचारा एवं एकता मजबूत करने तथा समाज के विकास और सुधार के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए शिक्षा, संस्कार और सामाजिक एकजुटता को प्राथमिकता देना आवश्यक है। बैठक में लिए गए निर्णयों को प्रभावी रूप से लागू करने तथा समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की गई। इस अवसर पर प्रहलाद जागिड़,डॉक्टर महेंद्र जागिड़, सुरेश जागिड़, दिनेश कुमार जागिड़, कमलेश जागिड़,ताराचंद जागिड़ जांगिड़ ,दिलखुश जागिड़, अशोक जागिड़ सहित समाज के अनेक गणमान्यजन एवं समाजबंधु उपस्थित रहे।

## भारत को जानो निशुल्क प्रतियोगिता 31 को

समाचार जगत ब्यूरो

**टोंक.** भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित भारत को जानो अखिल भारतीय लिखित परीक्षा आगामी 31 अगस्त को टोंक शाखा द्वारा शहर के सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा का आयोजन विद्यार्थियों के विद्यालय केंद्र पर ही किया जाएगा। परिषद के परीक्षा संयोजक रमेश चंद जैन ने बताया कि परीक्षा दो वर्गों में होगी। कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 6 से 8 तथा वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे।

परीक्षा पूर्णतः निशुल्क होगी। सह संयोजक बाबूलाल जैन ने बताया कि परीक्षा में 'भारत को जानो'पुस्तक पर आधारित 50 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनके लिखित उत्तर देने के लिए विद्यार्थियों को 30 मिनट का समय मिलेगा।परिषद अध्यक्ष डॉ. रमेश काला ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की दृष्टि से 'भारत को जानो' पुस्तक विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि पुस्तक पर आधारित यह राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा पूरे देश में एक साथ एक ही दिन आयोजित की जा रही है।

परिषद के सचिव राधेश्याम शर्मा ने बताया कि विद्यालय स्तर पर कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दो-दो विद्यार्थियों का चयन शाखा स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। इसके बाद शाखा से प्रांत, क्षेत्र एवं राष्ट्रीय स्तर तक प्रतियोगिता विभिन्न चरणों में आयोजित होगी।

**तैयारी** चुनाव को लेकर कांग्रेस ने कसी कमर, बोर्ड बचाने की रणनीति पर मंथन

# फतेहपुर में कांग्रेस की बैठक में जुटे कार्यकर्ता

### पिछली जीत को बरकरार रखने पर जोर

समाचार जगत ब्यूरो

**फतेहपुर शेखावाटी.** आगामी नगर परिषद चुनाव को लेकर कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को कस्बे स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष सुनीता गिठाला की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और नगर परिषद में पार्टी के पिछले प्रदर्शन को दोहराने की रणनीति पर चर्चा की गई।

बैठक में स्थानीय विधायक सहित पार्टी के कई पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि फतेहपुर नगर परिषद में पिछली बार कांग्रेस का बोर्ड बना था और पार्टी के सभापति रहे हैं। ऐसे में इस बार भी बोर्ड को बरकरार रखना कांग्रेस के सामने महत्वपूर्ण चुनौती और लक्ष्य है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय के साथ चुनावी मैदान में जुटने का आह्वान किया गया।

बैठक में शहर मंडल अध्यक्ष छोटेलाल महिचा, महावीर मेघवाल, महिपाल नेहरा, पूर्व सभापति मुस्ताक नजमी, पूर्व

उपसभापति प्रतिनिधि अजय रिणवा, सुरेंद्र महिचा, विनोद पंवार सहित पूर्व पार्षद व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**वार्डवार तैयारियों पर रहेगा जोर :** बैठक में आगामी नगर परिषद चुनाव को लेकर वार्ड स्तर पर संगठन को सक्रिय करने तथा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां देने पर भी चर्चा हुई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से मतदाताओं के बीच पहुंचकर कांग्रेस सरकार व स्थानीय स्तर पर किए गए कार्यों को जनता तक पहुंचाने तथा पार्टी के पक्ष में माहौल तैयार करने का आह्वान किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पिछली बार जनता ने कांग्रेस पर भरोसा जताते हुए नगर परिषद में बोर्ड बनाने का अवसर दिया था। अब पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि संगठन की एकजुटता और जमीनी संपर्क के दम पर इस बार भी कांग्रेस का बोर्ड बनाने के लिए मजबूती से चुनाव लड़ा जाए।

### उप जिला कलक्टर कार्यालय में नाम निर्देशन संबंधी जानकारी के लिए हेल्प डेस्क गठित

**गंगापुर सिटी, समाचार जगत ब्यूरो.** नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के तहत नाम निर्देशन प्राप्ति संबंधी सूचनाओं एवं जानकारी के लिए उप जिला कलक्टर कार्यालय, गंगापुर सिटी में हेल्प डेस्क का गठन किया गया है। इसका संचालन 24 अगस्त 2026 से किया जाएगा।

आमजन हेल्प डेस्क पर नाम निर्देशन से संबंधित आवश्यक जानकारी, आवश्यक दस्तावेज, जमानत राशि आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। नाम निर्देशन के लिए हेल्प डेस्क का समय प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक रहेगा। रिटर्निंग अधिकारी एवं उप जिला कलक्टर विनोद कुमार ने आमजन से हेल्प डेस्क का लाभ उठाने की अपील की है।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम MO RASHID S/O MO ISTAK ALI से बदलकर MOHAMMED RASHID QURESHI S/O MO ISTAK ALI रख लिया है। अतःभविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावें।

पता-वार्ड नं. 32, आई हॉस्पीटल के पास रतनगढ़, चूरू राजस्थान 331022

**कार्यालय: प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रेजड़ी त. राजगढ़ चुरु (राज.)**

क्रमांक :- रा.उ.मा.वि./रेजड़ी/2026/979 **नीलामी सूचना 01/2026** दिनांक :- 22-8-26

जिला शिक्षा अधिकारी (मु.) मा. शि. चूरु के आदेश क्रमांक, जिशिक्ष/माध्य/चूरु/ सामान्य /भूमिदोज/2026/1688 दिनांक 19-8-2026 की अनुपालना में रा.उ. मा. वि. रेजड़ी (सिद्धमुख) परिसर में 5 पुराने कक्ष मय बरामदा को जहां है जैसा है की स्थिति में नीलाम करने हेतु खुली बोली (Auction) द्वारा पंजीकृत/अपंजीकृत फर्मों व व्यक्तियों से आवेदन आमन्त्रित किए जाते हैं।

| | |
|---|---|
| नीलामी स्थान | विद्यालय परिसर रा.उ.मा.वि. रेजड़ी (सिद्धमुख) |
| तिथि व समय | 25 अगस्त 2026 (मंगलवार) प्रातः 11 बजे |
| अमानत राशि | रु. 5,000 (पाँच हजार रुपए मात्र) |

मुख्य शर्तें व नियम :- विद्यालय SDMC के नियम के अनुसार मान्य होगा।

प्राचार्य
रा.उ.मा.विद्यालय रेजड़ी
तह. राजगढ़ (जिला-चूरू)

संपादकीय

**यदि आर्थिक दबाव ही अंतिम नीति बन जाए तो परिणाम अप्रत्याशित भी हो सकते हैं। पश्चिम एशिया पहले ही युद्ध व अस्थिरता से जूझ रहा है। ऐसे में एक व्यापक आर्थिक टकराव स्थिति को और जटिल ही करेगा**

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के खिलाफ बड़ी आर्थिक कार्रवाई करने की घोषणा की

ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल की सैन्य कार्रवाई शुरू होने के करीब छह महीने बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को सैन्य हमलों से झुकाने में असफल रहने के बाद अपने अभियान को अब जिस भाषा और स्वर में आगे बढ़ाया है, वह पश्चिम एशिया के मौजूदा संकट को एक और नए व्यापक आर्थिक मोर्चे की ओर ले जाने का संकेत देता है। दरअसल ट्रंप ने ईरान के खिलाफ अब तक की सबसे कठोर आर्थिक कार्रवाई का ऐलान किया है, जिसे उन्होंने इकनॉमिक डी-डे नाम दिया है। डी-डे शब्द द्वितीय विश्व युद्ध के उस दौर की याद दिलाता है, जब मित्र देशों की सेनाएं फ्रांस के नॉरमेंडी तट पर उतरी थी। यूरोप की मुख्य भूमि पर मित्र देशों की सेनाओं द्वारा किए गए उस जल-थल हमले ने ही जर्मनी के पतन की शुरुआत की थी। ट्रंप ने अपने इकनॉमिक डी-डे के तहत उन देशों को चेतावनी दी है जो किसी भी रूप में ईरान के साथ सहयोग कर रहे हैं। साफ है कि अमेरिका अब केवल ईरान पर प्रतिबंध लगाकर संतुष्ट नहीं है, बल्कि वह बाकी दुनिया के साथ सभी संबंधों को काटना चाहते हैं और इस तरह देश की अर्थव्यवस्था का दम घोंटना चाहते हैं। साथ ही वह यह भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि दुनिया के दूसरे देश भी तेहरान के साथ अपने आर्थिक रिश्तों पर पुनर्विचार करे। ट्रंप की रणनीति ईरान के इर्द-गिर्द पनपी अवैध तेल अर्थव्यवस्था पर शिकंजा कसने पर केंद्रित है। जिसमें ईरानी तेल की तस्करी और तीसरे देशों के जरिए धन के अवैध हस्तांतरण से जुड़े नेटवर्कों की कमर तोड़ना शामिल है। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ट्रंप ने लिखा कि ईरान को अमेरिका के साथ समझौता करने का सबसे बड़ा मौका दिया गया था। इसलिए आज मैं किसी भी देश के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी आर्थिक कार्रवाई की घोषणा कर रहा हूं। ट्रंप ने कहा कि जो भी ईरान की मदद करने वाले देश को भी बड़े आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ेगा। इसमें वित्तीय संस्थान, कारोबार, हवाई अड्डे और सरकारी संस्थाएं शामिल है। ट्रंप ने तेल तस्करी-स्वैप लाइन, नकद लेन देन, एक्सचेंज हाउस, जहाजों के पंजीकरण और ईरान की मदद करने वाली छिपी हुई कंपनियों को तुरंत रोकने की बात कही। साथ ही अमरिका के सहयोगी देशों से ईरान के खतरे को कम करने के लिए साथ देने की अपील भी की। ट्रंप ने कहा कि ये सिरफिरे लोग हार की कगार पर है और ये ऐतिहासिक कदम उनकी आतंक फैलाने की क्षमता को पंगु बना देंगे। ट्रंप ने कहा कि यह अभूतपूर्व स्तर पर आर्थिक युद्ध और अलग-थलग करने की कार्रवाई होगी। यह एक इकोनॉमकि डी-डे होगा। ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं होगा। यहां यह उल्लेखनीय है कि ट्रंप की घोषणा के बाद चीनी विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रतिबंधों और दबाव से यह मसला हल नहीं होगा। संबंधित पक्षों से जिम्मेदार कदम उठाने की अपील करते हुए चीन ने राजनीतिक व कूटनीतिक तरीकों से मसले को हल करने का आह्वान किया। दूसरी ओर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी राष्ट्रपति के इस ऐलान को आर्थिक आतंकवाद करार दिया है। एक्स पर उन्होंने लिखा कि इससे दुनिया की अर्थव्यवस्था और देशों की संप्रभुता को खतरा है। अमेरिका इस समय कर्ज और बढ़ती ब्याज लागत से जूझ रहा है। ईरान की ओर से होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने के दावों के बीच अमेरिका ने खुफिया तौर पर एक शिपिंग कॉरीडोर तैयार किया है। इसके जरिए हर रात 15 से 20 तेल टैंकर गुजर रहे हैं। इस कारण रोज करीब एक करोड़ बैरल तेल वैश्विक बाजार में पहुंच रहा है। यह जलमार्ग ओमान तट के करीब है। बीते दो माह से तटीय इलाकों में अमेरिकी हमलों के बाद ईरान की निगरानी क्षमता कम हुई है। इस कारण कॉरिडोर से जहाजों का निकलना संभव हुआ है। जाहिर है इससे ईरान के तेल कारोबार और उसक वित्तीय लेन देन पर असर पड़ सकता है। यहां यह भी बता दें कि ईरान पहले भी वर्षों तक अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना करता रहा है। इसके बावजूद उसने अपनी आर्थिक गतिविधियों के लिए वैकल्पिक रास्ते तलाशे हैं। चीन, रूस व कुछ अन्य देशों के साथ उसके संबंध उदाहरण है। व्यापक प्रतिबंधों के बाद भी किसी देश को पूरी तरह से वैश्विक आर्थिक व्यवस्था से काट देना आसान नहीं है। ट्रंप प्रशासन की चुनौती यहीं से शुरू होती है। अगर अमेरिका अब उन देशों को भी निशाना बनाता है जो ईरान के साथ व्यापार कर रहे हैं तो यह टकराव केवल अमेरिका और ईरान के बीच नहीं रहेगा। तेल बाजार में किसी भी बड़ी अस्थिरता का असर वैश्विक व्यापार, ऊर्जा बाजार और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय व्यवस्था पर भी पड़ेगा। ईरान के परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय गतिविधियों और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को लेकर अमेरिका और उसके सहयोगियों की आशंकाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, लेकिन पश्चिम एशियाई संकट के स्थायी समाधान आर्थिक घेराबंदी से संभव नहीं है। दबाव का उद्देश्य यदि बातचीत की मेज पर पहुंचना है तो वह समझ में आता है। पर यदि दबाव ही अंतिम नीति बन जाए तो उसके परिणाम अप्रत्याशित भी हो सकते हैं। पश्चिम एशिया पहले ही युद्ध और अस्थिरता से जूझ रहा है। ऐसे में एक व्यापक आर्थिक टकराव स्थिति को और जटिल ही करेगा। अमेरिका की सबसे बड़ी बाधा चीन है जो कि ईरानी सामान और तेल का सबसे बड़ा खरीददार है और ईरान को जरूरत का सामान उपलब्ध कराता है और युद्ध के दौर में चीन की अहम भूमिका रही, ईरान को ताकत देने में।

अतीत के झरोखे से...

## लड़कर तरक्की पा ली-1




बाबू ईशानचन्द्र मुकर्जी या हाथी बाबू भी 25 बरस कौंसिल के मेम्बर रहे-अप्रैल 1901 से जुलाई, 1925 तक और यद्यपि वे चीफ मेम्बर या प्रधानमंत्री तो नहीं बने, किन्तु एक बड़े बाप के बेटे और महाराजा के विद्यागुरु तथा बगड़ी के जागीरदार के अतिरिक्त कौंसिल के मेम्बर होने के कारण उनका दबदबा भी खूब रहा। यह भी उल्लेखनीय है कि उन्होंने एक निष्पक्ष और ईमानदार हाकिम की ख्याति अपने सेवा-काल के आरंभ में ही अर्जित कर ली थी जब वे अपीलेट कोर्ट के जज थे। पक्षपात रहित और न्यायप्रिय होने के साथ-साथ वे बड़े सहृदय और दयालु थे और गरीबों के सहायक। उनकी दयालुता और न्याय-प्रियता के किस्से जयपुर में आज तक कहे जाते हैं।

उनके जज बनने के थोड़े ही दिन बाद उन्हें किसी अपराधी को कड़ी सजा सुनानी पड़ी। सजा पाने वाला अपराधी तो था, किन्तु था बड़ा गरीब और फटेहाल। सजा सुनकर वह न्यायालय में ही रो पड़ा। हाथी बाबू ने फैसला सुनाने के बाद उसकी दशा को देखा तो भारी मन से उठकर घर आ गए और उनकी आंखों में आंसू छल छला आए। मां सौदामिनी ने बेटे की उदासी का हाल मालूम होने पर कांति बाबू से कहा तो तत्कालीन शासन के सर्वेसर्वा कांति बाबू ने कहा कि उसे चूड़ियां पहनाकर जनानी हवेली में ही बैठा रखो, नौकरी करनी है तो इन्साफ तो करना ही पड़ेगा।

# भाजपा के ट्रबल शूटर थे जेटली वाजपेयी और मोदी सरकारों के थे नव रत्न

योगेश भावरा

पुण्यतिथि विशेष

भारत की राजनीति में शुचिता और साफ-सुथरी राजनीति के लिए कुछ राजनेताओं ने नवरत्न बनकर काम किया है। दिल्ली में जन्मे भारत के पूर्व वित्त वाणिज्य मंत्री एवम मशहूर वकील दिवंगत अरुण जेटली भी एक ऐसे ही राजनेता थे। वह दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन के भी अध्यक्ष रहे जो भाजपा के ट्रबल शूटर माने जाते थे।

वाजपेयी और मोदी सरकारों में नवरत्न की तरह भूमिका निभाने वाले अरुण जेटली दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्र राजनीति से उठे और देश के फलक पर छा गए। अरुण जेटली मेरे गुजरात में पत्रिकारिता के वर्षों में गुजरात भाजपा के प्रभारी थे। उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने गुजरात भेजा था।आज अरुण जेटली की पुण्यतिथि है। अब उनके परिवार में पुत्र रोहन जेटली और पुत्री सोनाली जेटली तीसरी पीढ़ी में वकालत के नोबल प्रोफेशन से जुड़कर सुप्रीम कोर्ट में वकालत कर रहे हैं और अरुण जेटली के अधूरे कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। अरुण जेटली से मेरा परिचय तब हुआ जब वे गुजरात भाजपा के प्रभारी बनकर आए, मैं गुजरात में एक राष्ट्रीय समाचार पत्र के गुजरात ब्यूरो प्रमुख के तौर पर सेवाएं दे रहा था। प्रभारी होने के नाते वे अक्सर भाजपा की बैठकें लेने नियमित तौर पर गुजरात आते थे। मेरा उनसे परिचय हुआ जो समय के साथ प्रगाढ़ होता गया और वह अक्सर मुझे बुलाकर गुजरात भाजपा का फीडबैक लेने लगे। कहना चाहिए कि वे भाजपा के ट्रबल शूटर थे । 28 दिसंबर 1952 को नई दिल्ली में महाराज किशन जेटली और माता रत्न प्रभा जेटली के यहां जन्मे अरुण जेटली की शिक्षा नई दिल्ली के सेंट जेवियर स्कूल से हुई थी। छात्र जीवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ गए थे। दिल्ली के मशहूर श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से स्नातक और दिल्ली विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री प्राप्त करने वाले अरुण जेटली दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष भी रहे। 1977 में वकालत व्यवसाय में उतरे और छात्र राजनीति से शुरुआत कर राजनीतिक सफर में अनेक पायदान तय करते हुए वे भारत के वित्त मंत्री, रक्षा मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, कॉमर्स और उद्योग मंत्री, कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्री,कानून व न्याय मंत्री जैसे अहम पदों पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रीमंडलों में सहयोगी मंत्री रहे। वे राज्यसभा में विपक्ष के नेता भी रहे। गुजरात की राजनीति में 2001 में तत्कालीन मुख्यमंत्री केशु भाई पटेल के कपकपाते ताज को संभालने के लिए जब गुजरात के भाजपा नेता नरेंद्र मोदी को 2001 में गुजरात का मुख्यमंत्री बनाकर भेजने का फैसला किया तो उनके नाम की अनुशंसा करने वालों में भाजपा के शिखर पुरुष लालकृष्ण आडवाणी और तत्कालीन कानून और न्याय मंत्री अरुण जेटली भी थे। अरुण जेटली 23 जुलाई 2000 से 22 मई 2004 तक केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री भी थे और इससे पूर्व भारत के सूचना एवं प्रसारण मंत्री भी वाजपेई सरकार में ही रहे थे इसलिए उनसे अहम राय ली गई।

हालांकि वर्तमान प्रधानमंत्री स्वयं मोदी भी तत्कालीन प्रधानमंत्री बाजपेयी के उन्हें गुजरात का मुख्यमंत्री बनाने को लेकर आश्चर्य चकित थे। मोदी गुजरात दंगों और अक्षरधाम पर आतंकवादी हमलों जैसे अनेक संकटों का सामना कर 2002 में हुए गुजरात विधानसभा चुनाव में बहुमत से जीतकर निर्वाचित मुख्यमंत्री बने। पंजाबी हिंदू ब्राह्मण परिवार में जन्मे जेटली 1980 में भाजपा में सक्रिय हो गए। मेरा सौभाग्य रहा कि गुजरात में पत्रकारिता केदौरान उनसे अनेक बार साक्षात्कार लेने और पत्रकार वार्ताओं में रूबरू मिलने का मौका मिला।

सुप्रीम कोर्ट में वकालत कर रहे जेटली के गुजरात आगमन पर एक बातचीत के दौरान मैंने अपने स्वतंत्रता सेनानी और भरतपुर के मशहूर अधिवक्ता रहे दिवंगत वकील मेरे पिता गोपाल राम भावरा के विषय में दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज से 1950 में लॉ ग्रेजुएट होने के बारे में बताया तो मेरे पिता के बारे में जानकर वे प्रसन्न हो गए क्योंकि वे खुद भी दिल्ली विश्वविद्यालय से ही लॉ ग्रेजुएट थे और उन्होंने मुझसे कहा कि मैं अपने पिता को उनसे मिलाने दिल्ली लेकर आऊं। गुजरात में उनके प्रभारी रहने के कारण उनका अक्सर अहमदाबाद के शाही बाग एनेक्सी हाउस या गांधीनगर में रुकना होता था ।वे अक्सर अंग्रेजी के टाइम्स आफ इंडिया, हिंदी हिंदुस्तान के पत्रकारों और मुझे राजस्थान पत्रिका से जुड़े होने के कारण अक्सर बुला लिया करते थे और फीडबैक लेते थे कि गुजरात भाजपा में क्या चल रहा है। गुजरात भाजपा के प्रभारी रहने के दौरान अक्सर सभी कार्यक्रमों में आते थे, उस समय वाजपेयी सरकार में शिखर पुरुष लालकृष्ण आडवाणी उप प्रधानमंत्री और देश के गृहमंत्री के साथ गांधीनगर से सांसद भी थे, इसलिए बैठकों के अलावा कांकरिया तलाव पर होने वाले लेजर शो, अहमदाबाद में मकर संक्रांति पर होने वाले पतंग उत्सव और 2003 और 2005 के वाइब्रेंट गुजरात निवेशक सम्मेलनों में भी महत्वपूर्ण भूमिका थी।

2004 के लोकसभा चुनाव के समय महाराष्ट्र के दिग्गज नेता दिवंगत प्रमोद महाजन गुजरात के पोरबंदर से शुरू की गई उप प्रधानमंत्री आडवाणी और तत्कालीन सीएम नरेंद्र मोदी की भारत उदय यात्रा में महाजन संयोजक और अरुण जेटली उपसंयोजक थे। हालांकि उस चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री बाजपेयी के सहयोगी प्रमोद महाजन और थिंक टैंक ने जब इंडिया शाइनिंग का दाव खेला तो वह उल्टा पड़ गया वाजपेई जैसे उदारवादी प्रधानमंत्री के रणनीतिकार गच्चा कहा गए और आडवाणी की भारत उदय यात्रा के बाद भी भाजपा केंद्र में सत्ता से बाहर हो गई। भारत उदय यात्रा के पोरबंदर से अप्रैल 2004 में आगाज होने पर मैं भी उस कार्यक्रम को कवर कर रहा था। जेटली उस यात्रा में तत्कालीन उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और सीएम मोदी की तरह हर जगह यात्रा में साथ नहीं थे किंतु बीच-बीच में यात्रा में शामिल होते थे। ऐसे ही एक कार्यक्रम के बाद जूनागढ़ में जब मैंने पूछा कि प्रधानमंत्री बाजपेयी लोकसभा चुनाव को लेकर क्या सोचते हैं, तब वे बोले, बाजपेयी जी आशान्वित है कि एनडीए सत्ता में लौट रही है ।मैंने पूछा मगर कैसे? तो वे बोले पूरा देश वाजपेयी को चाहता है। ऐसे ही वे वाइब्रेंट गुजरात निवेशक सम्मेलन में 2003 में सम्मिलित होने आए थे। उस सम्मेलन में उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देश विदेश के नामचीन उद्योग पति शामिल हुए। उसमें रिलायंस समूह के चेयरमैन मुकेश अंबानी, अडानी समूह के गौतम अडानी और बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला भी थे। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री के तौर पर अरुण जेटली कार्यक्रम में आए थे। उस समय वे केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री भी थे ।अरुण जेटली से जब मैंने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पूछा कि बॉयब्रेंट गुजरात और मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में क्या संभावनाएं हैं तो वे बोले, वाइब्रेंट गुजरात और राजनेता के तौर पर नरेंद्र मोदी में असीम संभावनाएं हैं और वे दोनों ही भारत के भाग्य विधाता होंगे । उनकी उस समय कहीं बात आज 23 साल बाद भी उतनी ही सच है और वाइब्रेंट गुजरात 2025 के संस्करण के बाद अब 2027 में आयोजित किया जाएगा। मोदी प्रधानमंत्री के तौर पर लगातार तीसरे कार्यकाल में तमाम तरह की विषमताओं और विपक्ष के पड़ोसी देशों की तरह के दुश्मनी वाले व्यवहार से विकास में अड़ंगा लगाने के बाद भी आगे बढ़े हैं और आज संपूर्ण विश्व में उनकी राजनेता के रूप में स्वीकार्यता है। अरुण जेटली से 2019 में जब मोदी ने दूसरे कार्यकाल में उन्हें मंत्री बनने का आग्रह किया तो स्वास्थ्य संबंधी समस्या के कारण उन्होंने मना कर दिया। दो दशकों से मधुमेह रोग से पीड़ित जेटली दुर्लभ बीमारी से पीड़ित हो गए और उनको अमेरिका में चल रहे उपचार के बाद अगस्त 2019 में ऑल इंडिया मेडिकल साइंस नई दिल्ली में भर्ती कराया गया, किंतु उनका स्वास्थ्य बिगड़ता चला गया। 23 अगस्त को ज्यादा बिगड़ गया और 24 अगस्त 2019 को 66 वर्ष की अवस्था में उनका निधन हो गया। उनकी कमी भाजपा के ट्रबल शूटर के तौर पर आज भी भाजपा में खलती है।

# सोशल मीडिया : कर्मबंध का आधुनिक आयाम

डॉ. सुनील जैन 'संचय'

मनुष्य जहाँ भी जाता है, अपने साथ केवल शरीर नहीं ले जाता; वह अपने संस्कार, अपने भाव और अपनी चेतना भी साथ लेकर चलता है। उसके पाँव पृथ्वी पर चलते हैं, किंतु उसकी वृत्तियाँ अदृश्य लोक में अपनी छाप अंकित करती रहती हैं। जीवन की प्रत्येक अनुभूति, प्रत्येक प्रतिक्रिया और प्रत्येक संकल्प आत्मा के चारों ओर ऐसे सूक्ष्म वृत्त रचते हैं, जिन्हें सामान्य आँखें नहीं देख पातीं। जैन दर्शन इन्हीं अदृश्य वृत्तों को कर्मबंध की प्रक्रिया के रूप में पहचानता है। यह वह मौन विज्ञान है, जहाँ मनुष्य का भाग्य किसी बाहरी शक्ति से नहीं, बल्कि उसके अपने अंतःकरण के रंगों से निर्मित होता है।

कर्म का जन्म हाथों से कम और हृदय से अधिक होता है। बाहरी क्रियाएँ तो केवल दृश्य तरंगें हैं; वास्तविक कंपन तो भावों की गहराइयों में उठते हैं। एक ही वचन किसी के लिए औषधि बन सकता है और किसी के लिए विष, क्योंकि शब्दों से अधिक प्रभाव उनके पीछे छिपी भावना का होता है। यही कारण है कि जैन मनीषा ने कर्म का आधार क्रिया नहीं, बल्कि कषायों से रंगी हुई चेतना को माना है।

समय बदलता है तो साधन बदलते हैं, पर मनुष्य का अंतःकरण नहीं बदलता। कभी गाँव की चौपाल विचारों का केंद्र होती थी, कभी नगरों के चौराहे संवाद के स्थल थे; आज वही स्थान एक छोटी-सी स्क्रीन ने ले लिया है। हथेली पर सिमटा हुआ यह संसार जितना सुविधाजनक है, उतना ही सूक्ष्म रूप से हमारे भीतर प्रवेश करने वाला भी है। यह केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि भावों का प्रवाह है, जहाँ प्रतिक्षण हमारी चेतना किसी न किसी दिशा में रंगी जाती है। प्रातःकाल आँख खुलते ही जब हमारी दृष्टि मोबाइल के प्रकाश से मिलती है, तब अनजाने में हम अपने मन के द्वार भी उसी संसार के लिए खोल देते हैं। दिनभर असंख्य दृश्य, विचार, टिप्पणियाँ, प्रशंसाएँ, आलोचनाएँ, विवाद और आकर्षण हमारी चेतना पर दस्तक देते रहते हैं। हम सोचते हैं कि हम केवल उन्हें देख रहे हैं; किंतु वस्तुतः वे हमें भी गढ़ रहे होते हैं। जिस प्रकार नदी अपने किनारों को धीरे-धीरे बदल देती है, उसी प्रकार डिजिटल संसार हमारी मनोभूमि का आकार बदलता रहता है। जैन दर्शन कहता है कि जहाँ राग है, वहीं बंधन है; जहाँ द्वेष है, वहीं अशांति का आरंभ है। आज सोशल मीडिया राग और द्वेष दोनों का सबसे तीव्र बाज़ार बन चुका है। यहाँ प्रशंसा का आकर्षण भी है, विरोध की उत्तेजना भी; लोकप्रियता का लोभ भी है और प्रतिक्रिया का आवेश भी। मनुष्य अनेक बार यह भूल जाता है कि उसकी उँगलियाँ केवल स्क्रीन पर नहीं चल रहीं, वे उसके संस्कारों की मिट्टी भी गढ़ रही हैं। किसी कटु टिप्पणी पर प्रसन्न होना, किसी अपमानजनक भाषा को बढ़ावा देना, असत्य को बिना परखे आगे पहुँचा देना, हिंसक विचारों को मनोरंजन समझ लेना या किसी की मानहानि में मौन सहमति देना- ये सब केवल डिजिटल गतिविधियाँ नहीं हैं। ये आत्मा के दर्पण पर पड़ने वाले वे सूक्ष्म धब्बे हैं, जो धीरे-धीरे व्यक्तित्व का रंग बदल देते हैं। कर्मबंध की प्रक्रिया इतनी सूक्ष्म है कि वह केवल किए गए कार्यों को ही नहीं, बल्कि स्वीकृत भावों को भी अपने साथ बाँध लेती है।

यह भी सत्य है कि यही माध्यम आत्मोन्नति का सेतु बन सकता है। यदि हमारी उपस्थिति करुणा को विस्तार दे, यदि हमारे शब्द किसी निराश व्यक्ति के भीतर आशा का दीप जला दें, यदि हमारी अभिव्यक्ति समाज में सद्भाव, सत्य, संयम और सहिष्णुता का वातावरण निर्मित करे, तो वही माध्यम आत्मशुद्धि का साधन बन जाता है। जैसे एक दीपक हजारों दीपों को प्रज्वलित कर स्वयं कम नहीं होता, वैसे ही एक शुभ विचार असंख्य हृदयों में प्रकाश बाँटकर भी अपनी गरिमा बनाए रखता है।

वास्तव में सोशल मीडिया एक दर्पण नहीं, बल्कि एक आवर्धक काँच है। वह हमारे भीतर जो कुछ है, उसे कई गुना बढ़ाकर संसार के सामने रख देता है। यदि भीतर अहंकार है, तो वही मुखर हो उठता है; यदि भीतर करुणा है, तो वही सुगंध की तरह फैलती है। इसलिए प्रश्न यह नहीं कि तकनीक अच्छी है या बुरी; प्रश्न यह है कि उसे संचालित करने वाला मन कितना निर्मल है। जैन परंपरा ने इंद्रिय-संयम, वाणी-संयम -मन-संयम को साधना का अनिवार्य आधार माना है। आज के युग में इन सबके साथ एक नए संयम की आवश्यकता अनुभव होती है- डिजिटल संयम। यह संयम किसी निषेध का नाम नहीं, बल्कि सजगता का दूसरा नाम है। जो देखने से पहले विवेक, लिखने से पहले संवेदना, प्रतिक्रिया देने से पहले धैर्य और साझा करने से पहले सत्य का परीक्षण कर लेता है, वही आधुनिक युग का सच्चा साधक है। यह स्मरणीय है कि मिटाई गई पोस्ट मिट सकती है, पर उससे उत्पन्न भावों की छाप आत्मा से तत्काल नहीं मिटती। शब्दों को संपादित किया जा सकता है, किंतु चेतना पर अंकित संस्कारों को केवल आत्मजागरण, सम्यक् दृष्टि और सतत आत्मपरिष्कार ही शुद्ध कर सकते हैं। इसलिए डिजिटल जीवन भी उतना ही उत्तरदायित्वपूर्ण है, जितना प्रत्यक्ष जीवन।

अंततः मनुष्य का भविष्य किसी एल्गोरिद्म से नहीं, उसके अंतःकरण से निर्मित होता है। हमारी प्रत्येक अभिव्यक्ति आत्मा की दिशा निर्धारित करती है। यदि हमारी उँगलियाँ अहिंसा, मैत्री, समता, क्षमा और सत्य का स्पर्श करेंगी, तो डिजिटल संसार भी साधना का क्षेत्र बन जाएगा। तब सोशल मीडिया कर्मबंध का जाल नहीं, बल्कि आत्मकल्याण का सेतु सिद्ध होगा। युग बदल सकता है, साधन बदल सकते हैं, अभिव्यक्ति के माध्यम बदल सकते हैं; किंतु आत्मा का शाश्वत नियम नहीं बदलता- मनुष्य अंततः वही बनता है, जिसे वह बार-बार सोचता है, स्वीकार करता है और संसार में प्रसारित करता है।

(लेखक के निजी विचार है)

# खोती छोटी खुशियाँ

डॉ. अर्चना गोदारा
सहायक आचार्य-समाजशास्त्र, स्वतंत्र लेखक

**आधुनिक जीवन में सुविधाएँ बढ़ी हैं, लेकिन छोटी-छोटी खुशियाँ और आत्मीय रिश्ते कहीं पीछे छूटते जा रहे हैं। मोबाइल, व्यस्त दिनचर्या, एकल परिवार और बदलती जीवनशैली ने संवाद व अपनापन कम किया है। यह लेख सामाजिक और मनोवैज्ञानिक दृष्टि से इस बदलाव का विश्लेषण करते हुए बताता है कि वास्तविक सुख भौतिक उपलब्धियों में नहीं, बल्कि परिवार, रिश्तों, संवेदनाओं और साथ बिताए गए छोटे-छोटे पलों में निहित है।**

आप याद कीजिए उन पुराने पलों को जब खुशियाँ खोजनी नहीं पड़ती थीं, वे हमारे जीवन का स्वाभाविक हिस्सा थीं। शाम ढलते ही आँगन में बिछी चारपाइयाँ, दादी-नानी की कहानियाँ, बिना किसी अवसर के साथ बैठकर भोजन करना, पड़ोसी के घर बिना सूचना पहुँच जाना, बच्चों की खिलखिलाहट और परिवार के बीच बिताए गए कुछ निश्चिंत पल-यही जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति मानी जाती थी। आज सुविधाएँ पहले से कहीं अधिक है, आय बढ़ी है, तकनीक ने जीवन को सरल बनाया है, लेकिन इसके बावजूद एक प्रश्न बार-बार मन को झकझोरता है। क्या हमारी छोटी-छोटी खुशियाँ हमसे दूर होती जा रही हैं? यह प्रश्न केवल भावनाओं का नहीं, बल्कि समाजशास्त्र, मनोविज्ञान और मानव व्यवहार का भी विषय बन चुका है। आज हमारे पास समय बचाने वाली मशीनें हैं, लेकिन अपनों के लिए समय नहीं है। हजारों ऑनलाइन मित्र हैं, लेकिन मन की बात कहने वाला कोई नहीं। स्थिति तो यह है कि जिन्हें हम अपनी बहुत सारी फोटो और स्टेटस की स्टोरी दिखना पसंद करते हैं। उनके कमेंट और लाइक को पसंद करते हैं। उन्हें अपने दिल की बात नहीं बता सकते है। क्योंकि वे हमारे दिल ओर विश्वास के करीबी नहीं होते हैं। आधुनिक जीवन की इस विडंबना ने दुनिया भर के शोधकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया है। World Happiness Report के अध्ययनों में सामाजिक संबंधों, परिवार के साथ समय बिताने और विश्वास को खुशहाल जीवन का सबसे बड़ा आधार माना गया है। रिपोर्ट यह भी संकेत देती है कि केवल आर्थिक समृद्धि ही जीवन-संतोष का आधार नहीं बनती बल्कि मजबूत पारिवारिक और सामाजिक रिश्ते उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं।

भारतीय समाज सदियों से परिवार-केंद्रित संस्कृति के लिए जाना जाता रहा है। संयुक्त परिवार केवल रहने की व्यवस्था नहीं था, बल्कि भावनात्मक सुरक्षा का सबसे बड़ा आधार था। घर में दादा-दादी का अनुभव, माता-पिता का स्नेह, चाचा-चाची का अपनापन और बच्चों की सामूहिक परवरिश जीवन को सहज बनाती थी। समय के साथ शिक्षा, रोजगार और शहरीकरण ने परिवारों की संरचना बदली और संयुक्त परिवारों का स्थान एकल परिवारों ने लेना शुरू किया। यह परिवर्तन स्वाभाविक था और इसके अनेक सकारात्मक पक्ष भी हैं, जैसे आत्मनिर्भरता और व्यक्तिगत निर्णयों की स्वतंत्रता। लेकिन इसके साथ भावनात्मक दूरी भी बढ़ी। आज एक ही घर में रहने वाले लोग कई बार घंटों एक-दूसरे से बात नहीं करते। भोजन की मेज पर भी संवाद की जगह मोबाइल स्क्रीन ने ले ली है। माता-पिता अपने कार्यों में व्यस्त हैं और बच्चे डिजिटल संसार में। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) के 2026 के "Lives, Choices and Futures" सर्वेक्षण में 73 देशों के 1.08 लाख से अधिक युवाओं से बातचीत की गई। अध्ययन का एक महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह था कि अधिकांश युवा आज भी परिवार, स्थायी रिश्तों और साथ रहने की इच्छा रखते हैं, लेकिन आर्थिक दबाव, समय की कमी और बदलती जीवनशैली उनके इन सपनों को कठिन बना रही है। अर्थात् समस्या परिवार की आवश्यकता समाप्त होने की नहीं, बल्कि परिवार के लिए समय कम होने की है।

मनोवैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो छोटी-छोटी खुशियाँ तभी जन्म लेती हैं जब व्यक्ति वर्तमान में जीता है। लेकिन आज का मनुष्य वर्तमान से अधिक भविष्य की चिंता और दूसरों से तुलना में उलझा हुआ है। सोशल मीडिया ने तुलना की इस प्रवृत्ति को कई गुना बढ़ा दिया है। कोई अपनी यात्रा दिखा रहा है, कोई नई कार, कोई पुरस्कार और कोई सफलता। देखने वाले को केवल उपलब्धि दिखाई देती है, संघर्ष नहीं। परिणामस्वरूप व्यक्ति अपने जीवन की साधारण खुशियों का मूल्य भूलने लगता है। World Happiness Report 2026 में प्रकाशित अध्ययनों से ज्ञात होता है कि अत्यधिक सोशल मीडिया का उपयोग विशेषकर किशोरों और युवाओं के मानसिक संतुलन तथा जीवन-संतोष पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि सीमित और संतुलित उपयोग की तुलना में अत्यधिक उपयोग चिंता, अकेलेपन और जीवन से असंतोष की भावना को बढ़ा सकता है। रिपोर्ट यह भी स्पष्ट करती है कि वास्तविक सामाजिक संबंध, विश्वास और आमने-सामने का संवाद डिजिटल संपर्क की तुलना में कहीं अधिक संतोष प्रदान करते हैं।

इस बदलते सामाजिक परिदृश्य में कामकाजी माता-पिता की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यह कहना उचित नहीं होगा कि दोनों के काम करने से परिवार कमजोर होता है, क्योंकि आज अनेक परिवारों की आर्थिक प्रगति और महिलाओं की आत्मनिर्भरता इसी परिवर्तन का परिणाम है। समस्या काम करने में नहीं, बल्कि समय और भावनात्मक उपस्थिति की कमी में है। बच्चा केवल अच्छी शिक्षा, महंगे खिलौने या आधुनिक सुविधाएँ नहीं चाहता। वह चाहता है कि उसके माता-पिता उसकी बातें सुनें, उसके साथ बैठकर हँसें, भोजन करें और उसके छोटे-छोटे अनुभवों में सहभागी बनें। मनोवैज्ञानिक लगातार इस बात पर बल देते हैं कि बच्चों का आत्मविश्वास और भावनात्मक विकास परिवार के साथ बिताए गए गुणवत्तापूर्ण समय से गहराई से जुड़ा होता है। यदि घर में संवाद कम हो जाए, तो बच्चे धीरे-धीरे अपनी भावनाएँ व्यक्त करना भी कम कर देते हैं। यही दूरी आगे चलकर किशोरावस्था में तनाव, अकेलेपन और पारिवारिक असहजता का कारण बन सकती है। इसलिए परिवार का अर्थ केवल एक छत के नीचे रहना नहीं, बल्कि एक-दूसरे के जीवन में उपस्थित रहना है।

छोटी-छोटी खुशियों के लुप्त होने का एक और कारण हमारी बदलती जीवन-दृष्टि भी है। पहले उपलब्धियाँ जीवन का हिस्सा थीं, आज जीवन उपलब्धियों का हिस्सा बन गया है। पहले त्योहार मिलन का अवसर थे, अब कई बार केवल औपचारिकता बनकर रह जाते हैं। पहले छुट्टी का अर्थ परिवार के साथ समय बिताना था, अब वह भी मोबाइल, लैपटॉप और अधूरे कार्यालयी कार्यों में बीत जाती है। बच्चों का बचपन भी बदल रहा है। खेल के मैदान की जगह स्क्रीन ने

### विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव किशोर टोकेकर का बांसवाड़ा दौरा

# मनुष्य निर्माण से ही होगा राष्ट्र का पुनरुत्थान

**राष्ट्रीय मौलिकता, सांस्कृतिक अस्मिता और परम्पराओं के संरक्षण के लिए संगठित प्रयासों का आह्वान**

समाचार जगत ब्यूरो

**बांसवाड़ा.** विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव किशोर टोकेकर ने कहा है कि किसी भी राष्ट्र का पुनरुत्थान केवल राजनीतिक व्यवस्थाओं, संस्थागत ढाँचों अथवा आर्थिक विकास से संभव नहीं होता, बल्कि उसके लिए सशक्त चरित्र, संस्कार, अनुशासन, सेवा-भाव और राष्ट्रबोध से सम्पन्न मनुष्यों का निर्माण आवश्यक है।

उन्होंने देश की राष्ट्रीय मौलिकता, सांस्कृतिक अस्मिता और सनातन परम्पराओं के संरक्षण के लिए समाज के प्रबुद्ध, सजग और संवेदनशील नागरिकों से संगठित होकर दीर्घकालिक प्रयासों में जुटने का आह्वान किया।

श्री टोकेकर रविवार को श्री पीताम्बरा आश्रम में आयोजित 'मनुष्य निर्माण से राष्ट्र पुनरुत्थान' विषयक विशेष वैचारिक विमर्श एवं विचार-सत्र को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन गायत्री मण्डल बांसवाड़ा एवं विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी, राजस्थान प्रान्त के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री बड़ा रामद्वारा के प्रमुख संत एवं आध्यात्मिक चिन्तक संत श्री रामप्रकाश जी महाराज ने की।

राष्ट्र केवल भौगोलिक सीमा नहीं, एक जीवंत सांस्कृतिक चेतना :

गंभीर वैचारिक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए टोकेकर ने कहा कि राष्ट्र की अवधारणा को केवल राजनीतिक सीमाओं अथवा भौगोलिक परिसीमाओं में बांधकर नहीं देखा जा सकता। राष्ट्र वस्तुतः एक जीवंत सांस्कृतिक चेतना है, जिसका निर्माण साझा इतिहास, परम्पराओं, जीवन-मूल्यों, संस्कारों, सामाजिक स्मृतियों और मातृभूमि के प्रति आत्मीय भाव से होता है।

उन्होंने स्वामी विवेकानन्द और महर्षि अरविन्द के राष्ट्र संबंधी

विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी राष्ट्र की आत्मा उसकी सांस्कृतिक चेतना में निहित होती है। जिस समाज का अपनी भूमि, प्रकृति, परम्पराओं और जीवन-दृष्टि के साथ आत्मीय एवं भावनात्मक संबंध बना रहता है, वही समाज दीर्घकाल तक अपनी विशिष्ट पहचान को सुरक्षित रख सकता है।

उन्होंने कहा कि भूमि को केवल भौतिक संसाधन के रूप में नहीं, बल्कि मातृभूमि के रूप में स्वीकार करने की चेतना भारतीय राष्ट्रबोध का मूल तत्व रही है। यहां की वायु, जल, प्रकृति, परम्पराएं और सामाजिक मूल्य भारतीय जीवन-दृष्टि के अभिन्न अंग हैं।

**संस्कारित मानव निर्माण सर्वोपरि :** राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव टोकेकर ने कहा कि राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का वास्तविक आधार मनुष्य निर्माण है। यदि व्यक्ति चरित्रवान, संवेदनशील, अनुशासित, कर्तव्यनिष्ठ और राष्ट्र के प्रति समर्पित होगा तो परिवार, समाज और राष्ट्र स्वतः सशक्त बनेंगे। उन्होंने कहा कि अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति जागरूकता भी आवश्यक है। जब तक समाज का सजग नागरिक वर्ग नियमित रूप से वैचारिक, सामाजिक और रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी नहीं करेगा, तब तक बाह्य और आंतरिक चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करना कठिन होगा।

उन्होंने कहा कि विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी इसी दृष्टि के साथ देशभर में अपने विविध प्रकल्पों के माध्यम से व्यक्ति निर्माण, समाज जागरण और राष्ट्र पुनरुत्थान के कार्यों में सक्रिय है।

**मौलिक संस्कृति और परम्पराओं को अक्षुण्ण रखना आवश्यक :** टोकेकर ने कहा कि बदलते समय में समाज के समक्ष सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक अपनी राष्ट्रीय मौलिकता और सांस्कृतिक विशिष्टता को सुरक्षित रखना है। कई बार ऐसी परिस्थितियां निर्मित हो जाती हैं, जिनमें स्थानीय संस्कृति, परम्पराओं और सामाजिक मूल्यों के संरक्षण के लिए सजग नागरिकों को भी निरंतर संघर्ष करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति का अर्थ अपनी जड़ों से विच्छिन्न होना नहीं है। आधुनिकता और विकास के साथ-साथ समाज को अपनी सांस्कृतिक चेतना, परम्परागत ज्ञान और जीवन-मूल्यों को भी सहेजकर रखना होगा।

**सामूहिक प्रयासों से ही संभव होगा प्रभावी परिवर्तन :** टोकेकर ने कहा कि राष्ट्रीय पुनरुत्थान के लिए मानव संसाधन से जुड़ी प्रत्येक इकाई में मानवीय संवेदनशीलता, संस्कार, सामाजिक उत्तरदायित्व और देशभक्ति के मूल तत्वों का समावेश आवश्यक है। इसके लिए केवल व्यक्तिगत प्रयास पर्याप्त नहीं होंगे, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को एक साझा उद्देश्य के साथ आगे आना होगा। उन्होंने युवाओं में चरित्र निर्माण, राष्ट्रीय स्वाभिमान, सांस्कृतिक अस्मिता और सेवा-भाव के विकास पर विशेष जोर देते हुए कहा कि व्यक्ति-व्यक्ति में जागृति का संचार करने के लिए बहुआयामी और प्रभावोत्पादक कार्यों में जुटना आज का सबसे बड़ा युगधर्म है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संत रामप्रकाश जी महाराज ने कहा कि सेवा और समर्पण की भावना से किया गया निष्काम कर्म ही समाज और राष्ट्र के वास्तविक उत्थान का आधार बनता है। उन्होंने सामाजिक समरसता, पारस्परिक सहयोग और राष्ट्रधर्म के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

## न्यूज गैलरी

### राजगढ़ धाम पर रविवारीय मेले में गूंजा नशा मुक्ति का संकल्प

**नसीराबाद, समाचार जगत ब्यूरो .** राजगढ मसाणिया भैरव धाम पर रविवारीय मेले में आमजन को नशे का त्याग करने के लिए और युवाओं को नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया गया। रैली को मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज ने हरी झण्डी दिखाकर शुरू किया । धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि देश व समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए भारत सरकार के नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत भैरव धाम पर रैली का आयोजन किया गया । रैली में श्रद्धालुओं ने नशे को हराना है, खुशहाल राष्ट्र बनाना है जैसे नारों से भैरवधाम को गुंजायमान कर दिया । रैली के समापन पर श्रद्धालुओं के जनसैलाब ने स्वैच्छा से नशे का त्याग कर जीवन में दोबारा नशा नहीं करने की हाथ उठाकर शपथ ली । रैली में श्रद्धालु हाथों में नशामुक्ति के स्लोगन लिखी तख्तियाँ व बैनर थामे हुए थे । प्रवक्ता सेन ने यह भी बताया कि चम्पालाल महाराज के द्वारा धाम पर नशा मुक्त समाज बनाने के लिए महाअभियान पिछले कई वर्षों से लगातार चलाया जा रहा है जिसमें लाखों श्रद्धालु स्वैच्छा से नशा मुक्ति का संकल्प ले चुके हैं । धाम के मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज ने धाम पर उपस्थित जनसैलाब को संबोधित करते हुए आशीर्वचन में कहा कि नशा सिर्फ शरीर को नहीं, बल्कि परिवार, समाज और संस्कृति को भी खोखला कर देता है। जो मनुष्य नशा छोड़कर कर्तव्य और मानव सेवा का मार्ग अपनाता है, वही सच्चा जीवन जीता है। नशा नाश का मार्ग है, और सत्संग, सेवा व संयम ही सच्चा विकास है। आज हम सब मिलकर इस पवित्र धाम से नशा मुक्ति का दीप जलाएं और समाज को एक नई दिशा की ओर ले जाएं। नशा मुक्ति रैली में द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित आर .डी . सिंह, कॉमनवेल्थ गेम के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी देवेन्द्र गहलोत, ओपन व्लर्ड टेबिलटेनिस चैम्पियनशीप के खिलाडी गजानन्द शर्मा सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की व्यवस्था सम्भालने के लिए रमेश सेन, राहुल सेन, ताराचन्द सेन, कैलाश सेन, पदमचन्द जैन, दिलीप राठी, सुनील चौहान, अजय बुढानिया, देवानन्द, सतीश सेन, सत्यनारायण, दीपक बसीटा, भूपेन्द्र आदि मौजूद रहे।

### चीनी के बढ़े दामों से मिठाइयां महंगी, फीकी हुई रक्षाबंधन की मिठास

**बांदीकुई, समाचार जगत ब्यूरो .** रक्षाबंधन का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है, लेकिन इस बार महंगाई त्योहार की मिठास में कड़वाहट घोलने को तैयार है। लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी, खासकर मजदूर और निम्न आय वर्ग की चिंता बढ़ा दी है। त्योहार पर मिठाइयों की खरीदारी पर इसका सीधा असर पड़ने की संभावना है। पिछले एक माह में चीनी के दामों में हुई बढ़ोतरी ने मिठाई कारोबारियों की लागत बढ़ा दी है। स्थानीय बाजार में चीनी के भाव करीब 42 रुपए से बढ़कर 65 रुपए प्रति किलो तक पहुंचने का दावा किया जा रहा है। इसके चलते बर्फी, रसगुल्ला, कलाकंद, काजू कतली, रबड़ी सहित विभिन्न मिठाइयों के दामों में बढ़ोतरी की गई है। मिठाई कारोबारियों के अनुसार उत्पादन लागत बढ़ने के कारण कई मिठाइयों के दामों में 20 से 40 रुपए प्रति किलो तक की बढ़ोतरी हुई है। उदाहरण के तौर पर करीब 320 रुपए किलो बिकने वाली बर्फी अब लगभग 350 रुपए किलो तक पहुंच गई है। इसी तरह अन्य मिठाइयों के दाम भी बढ़ाए गए हैं। चीनी के अलावा खाने के तेल के दाम में करीब 10 रुपए प्रति किलो और दूध के भाव में करीब 5 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी का भी असर मिठाइयों की लागत पर पड़ा है। वहीं मजदूरी बढ़ने से हलवाइयों की उत्पादन लागत और बढ़ गई है। रक्षाबंधन पर आमतौर पर बर्फी, रसगुल्ला, कलाकंद, काजू कतली और रबड़ी जैसी मिठाइयों के साथ बताशे और पेठे की भी जमकर खरीदारी होती है। ये मिठाइयां मध्यम वर्ग और मजदूर परिवारों की पहुंच में रहने वाली पारंपरिक मिठाइयां मानी जाती हैं। ऐसे में इनके दाम बढ़ने से त्योहार का बजट प्रभावित होना तय माना जा रहा है। बाजार में बढ़ती लागत का सीधा असर अब उपभोक्ताओं की जेब पर दिखाई देगा। ऐसे में इस बार रक्षाबंधन पर भाई-बहन के प्यार की मिठास तो बरकरार रहेगी, लेकिन महंगाई आम परिवारों के त्योहार का बजट जरूर बिगाड़ सकती है।

**इनका कहना है...**

पिछले एक माह में चीनी के दाम 20 किलो बढ़े हैं और तेल, मैदा व अन्य रोजमर्रा के उत्पादन में भी तेजी आई है लेकिन निकट भविष्य में चीनी के दाम बढ़ने की संभावना अब कम है।
-**आशीष जैन**, प्रोपराइटर, महावीर सुरेश, माधोगंज मंडी,बांदीकुई।

लगातार बढ़ती महंगाई और मजदूरी की दर बढ़ने से हमने मिठाइयों के दाम बढ़ा दिए हैं। 20 से 40 प्रति किलो के हिसाब से मिठाइयों में तेजी आ गई है। दूध के और मैदा के दाम भी बढ़ने से दाम बढ़ा दिए गए है।
-**सीताराम राजपुरोहित**, बीकानेर स्वीट्स।

### गाजे-बाजे के साथ निकली तेली समाज की भव्य कांवड़ यात्रा

**भीलवाड़ा, समाचार जगत ब्यूरो.** सावन के पवित्र माह में रविवार को समस्त तेली समाज की ओर से भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। हरिद्वार से लाए गए पवित्र गंगाजल को कांवड़ में लेकर सैकड़ों समाजजन भगवान शिव की भक्ति में सराबोर होकर यात्रा में शामिल हुए। गाजे-बाजे और धार्मिक जयघोष के बीच निकली कांवड़ यात्रा से शहर का माहौल शिवमय हो गया। यात्रा की शुरुआत तेलीपाड़ा स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद हुई। कांवड़िए डीजे और ढोल की धुन पर नाचते-गाते तथा भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। यात्रा में महिलाओं, बच्चों और पुरुषों सहित समाज के सैकड़ों लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कांवड़ यात्रा पुरानी धानमंडी, बड़ा मंदिर, सराफा बाजार, महाराणा टॉकीज, मंगला चौक, श्रीजी गेस्ट हाउस, रामस्नेही हॉस्पिटल, नेहरू रोड और सांगानेरी गेट होते हुए तिलक नगर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों का स्वागत किया। पूरे यात्रा मार्ग पर धार्मिक उत्साह और भक्ति का वातावरण नजर आया।

तिलक नगर स्थित तेली समाज नोहरा के सामने श्री शिव मंदिर पहुंचकर कांवड़ यात्रा का समापन हुआ। यहां कांवड़ियों ने हरिद्वार से लाए पवित्र गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का विधिवत जलाभिषेक किया। समाज की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की गई। जलाभिषेक के बाद तेली समाज के नोहरे में स्नेहभोज का आयोजन किया गया। इसमें समाज के सैकड़ों लोगों ने एक साथ भोजन प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन ने धार्मिक आस्था के साथ समाज की एकजुटता और भाईचारे का भी संदेश दिया।

### उपलब्धियों का अहंकार आत्मपतन का कारण बनता है

# 'मद से नहीं, विनय से बढ़ता है धर्म'

समाचार जगत ब्यूरो

**कोटा.** श्री पुण्योदय अतिशय क्षेत्र, नसियाजी दादाबाड़ी में चातुर्मासरत ज्येष्ठ-श्रेष्ठ निर्यापक श्रमण मुनिश्री 108 योगसागर जी महाराज ने रत्नकरण्ड श्रावकाचार के सम्यग्दर्शन अधिकार की व्याख्या करते हुए कहा कि जीवन में उपलब्धियां प्राप्त होना बुरा नहीं है, लेकिन उन उपलब्धियों का अहंकार अर्थात् मद आत्मिक पतन का कारण बन जाता है। मुख्य संयोजक हुकम काका ने बताया मुनिश्री ने कहा कि मद मनुष्य को धर्म से नहीं, बल्कि धर्मात्माओं से दूर करता है।

जब मनुष्य अपने ज्ञान, धन, कुल, रूप, तप, पद या प्रतिष्ठा का अभिमान करने लगता है, तब उसके भीतर विनय का क्षय होने लगता है। यही अहंकार धीरे-धीरे उसे धर्म के वास्तविक स्वरूप से विमुख कर देता है। धर्म और धर्मात्मा अलग नहीं-धर्मात्मा का सम्मान ही धर्म की विनय साधर्मी का तिरस्कार वास्तव में अपने ही

धर्म का तिरस्कार है मुनिश्री ने कहा कि यदि मद के कारण व्यक्ति किसी धर्मात्मा का तिरस्कार करता है, तो वह वास्तव में अपने ही धर्म का तिरस्कार करता है। धर्म केवल ग्रंथों और मंदिरों में नहीं, बल्कि साधु-संतों, श्रावकों और धर्मनिष्ठ जीवों के आचरण में जीवंत रहता है। इसलिए धर्मात्मा का सम्मान करना धर्म के प्रति सम्मान प्रकट करना है। उन्होंने कहा कि सम्यग्दृष्टि व्यक्ति दूसरे धर्मात्मा के गुणों को देखकर ईर्ष्या नहीं करता, बल्कि प्रसन्न होता है। वह प्रत्येक साधर्मी के प्रति विनय, वात्सल्य और सम्मान का भाव रखता है। ज्ञान, धन और तप मिले तो अहंकार नहीं-विनय बढ़े उपलब्धियां तभी सार्थक हैं, जब उनका उपयोग धर्म और समाज के हित में हो मुनिश्री ने कहा कि थोड़ा-सा ज्ञान प्राप्त होते ही यदि ज्ञान का अहंकार उत्पन्न हो जाए, धन मिलने पर धन का मद, ऊंचे कुल में जन्म लेने पर कुल का मद, सुंदर शरीर मिलने पर रूप का मद और तप करने पर तप का अहंकार हो जाए, तो यही उपलब्धियां आत्मकल्याण के बजाय आत्मपतन का कारण बन जाती हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञान की सार्थकता विनय में है, धन की सार्थकता सेवा में है, शक्ति की सार्थकता परोपकार में है और तप की सार्थकता अहंकार के क्षय में है। सबसे पहले अपने भीतर के मद को पहचानें धार्मिकता का अहंकार भी उतना ही घातक है जितना धन और पद का अहंकार मुनिश्री ने श्रद्धालुओं को सावधान करते हुए कहा कि अहंकार बहुत सूक्ष्म रूप से मनुष्य के भीतर प्रवेश करता है। कभी ज्ञान का अहंकार, कभी धन का, कभी पद-प्रतिष्ठा का और कभी-कभी धार्मिकता का अहंकार भी मनुष्य को घेर लेता है। उन्होंने कहा कि सच्चा धर्म मनुष्य को ऊंचा उठाकर दूसरों को नीचा देखने की दृष्टि नहीं देता, बल्कि जितना व्यक्ति भीतर से ऊंचा उठता है, उतना ही अधिक विनम्र और सरल बनता जाता है। मद घटे, विनय बढ़े-यही सम्यग्दर्शन की पहचान धर्मात्माओं के गुणों का सम्मान करें और उपलब्धियों को आत्मकल्याण का साधन बनाएं मुनिश्री ने कहा कि जीवन में कोई उपलब्धि प्राप्त हो तो उसे अपनी श्रेष्ठता का कारण न मानें, बल्कि पुण्य का परिणाम मानकर धर्म, समाज और परोपकार में लगाएं। यही उपलब्धियों की वास्तविक सार्थकता है।

# नीलगायों की हत्या करने व करवाने वाले दुर्गति के पात्र बनेंगे : मुनि सुभद्र सागर

**अलवर, समाचार जगत ब्यूरो.** घने जंगलों-पहाड़ों आदि में कठोर तप साधना व चातुर्मास करने वाले प्रसिद्ध दिगंबर जैन मुनि श्री पावन सागर जी महाराज (जंगल वाले बाबा) के परम शिष्य दिगंबर जैन मुनिराज श्री सुभद्र सागर जी महाराज ने कहा है कि यह दुखदपूर्ण है कि राजस्थान जैसे धार्मिक व तपोभूमि वाले प्रदेश में वन्यप्राणी नीलगायों की हत्या के अभी तक क्रूर कानून खत्म नहीं हुए लेकिन ध्यान रहे कि नीलगायों की हत्या करने व करवाने वाले एक दिन दुर्गति के पात्र बनेंगे। यही धुरव सत्य है। दिंगबर मुनि राज शिवाजी पार्क स्थित श्री संभवनाथ दिंगबर जैन मंदिर के स्वाध्याय भवन में दोपहर बाद धर्मचर्चा कर रहे थे। नीलगायों की हत्या करवाने के पक्षधर लोगों का घर परिवार अपवित्र और मूक जीवों की बद्दुआ से कुल खानदान तक बर्बाद हो जाते है। जिसे हम जन्म नहीं दे सकते, फिर उस जीव को मारने की छूट देने का आदेश कैसे दे सकते है? यह तो सरासर क्रूरता, अन्याय, घोर पापकर्म है। इसी लिए भगवान महावीर स्वामी ने अहिंसा को परमोधर्म कहा है। जो अहिंसा धर्म व जीवों की रक्षा करते है, करवाते है, वे सही अर्थों में करुणावतार महावीर, भगवान श्री राम, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सच्चे भक्त व अनुयायी है। इसलिए राजस्थान सरकार को बेजुबान नीलगायों की हत्या संबंधी जो भी अमानवीय कानून है, उन्हें तुरंत समाप्त करके जीओ और जीने दो के पवित्र सूत्र का पालन करना चाहिए वरना जो जो भी इस तरह के अमानवीय कानून के समर्थक अथवा पीठ करके चुप बैठे है, उन्हे एक ना एक दिन नरक गति के अशुभ परिणाम भोगनें ही पड़ेगे। यही प्रकृति का शास्वत नियम है। मुनि श्री ने यह भी कहा कि कुदरत के बनाए हुए नियमों में मूक प्राणियों की सेवा, उनकी रक्षा सुरक्षा करने वाला पुण्य का भागी बनता है। चाहे सनानत वैदिक संस्कृति हो या जैन श्रमण संस्कृति, सभी ने दया, करुणा, अहिसा, मानवता, सेवा, रक्षा और प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम वात्सल्य को सच्चा मानवीय धर्म कहा है।

### नगर निगम चुनाव : सकल दिगम्बर जैन समाज भीलवाड़ा की बैठक में समाजजनों ने की मांग

# जैन समाज को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दे राजनीतिक दल

**भीलवाड़ा, समाचार जगत ब्यूरो.** आगामी नगर निकाय चुनावों में समाज की भूमिका पर चर्चा के लिए सकल दिगम्बर जैन समाज भीलवाड़ा की बैठक शनिवार को अध्यक्ष प्रवीण चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी राजनीतिक दलों से अपील की गई कि भीलवाड़ा नगर निगम के 70 वार्डो के लिए 9 सितम्बर को होने वाले चुनाव में समाज के योग्य व्यक्तियों को अधिकाधिक संख्या में प्रतिनिधित्व दिया जाए। बैठक में चुनाव में समाज की भूमिका व मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक में इस बात पर

सहमति रही कि समाज के जो भी योग्य प्रतिनिधि किसी भी राजनीतिक दल के प्रत्याशी के रूप में निकाय चुनाव में उतरेंगे उन्हें जीताने के लिए समाज अपने स्तर पर पूरे प्रयास करेगा ताकि आगामी नगर निगम बोर्ड में समाज को पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिल सके। अध्यक्ष चौधरी ने कहा कि समाज को किसी राजनीतिक दल विशेष से जुड़े बिना समाज के योग्य प्रत्याशियों को जीताने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा ताकि समाज की बात शासन प्रशासन तक पहुंचाने में सुविधा हो सके। बैठक में इस बात पर भी नाराजगी जताई गई कि राजनीतिक दल समाज से सहयोग की अपेक्षा तो करते है लेकिन टिकट वितरण में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाता है। बैठक में समाज के उपाध्यक्ष प्रकाश गंगवाल, जम्बू भैसा, महामंत्री लोकेश अजमेरा, मंत्री नरेश गोधा, सह मंत्री भैरूलाल, कोषाध्यक्ष अशोक कांटीवाल, दिनेश सेठिया, तनसुख गदिया, लक्ष्मीकांत जैन,राजेश बड़जात्या, निर्मल गोधा, पूनम सेठी सहित समाज के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### राजस्थान में 5 लाख विद्यार्थियों का रहेगा लक्ष्य

## भाविप के संस्कार अभियान के अंतर्गत 31 को होगी 'भारत को जान' प्रतियोगिता

**नसीराबाद, समाचार जगत ब्यूरो.** भारत विकास परिषद द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली "अखिल भारतीय भारत को जानो लिखित परीक्षा 2026" का आयोजन 31 अगस्त को पूरे देश में एक साथ किया जाएगा । राजस्थान में इस अवसर पर एक ही दिन 3,500 से अधिक विद्यालयों के 5 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं । क्षेत्रीय अध्यक्ष राधेश्याम रंगा ने बताया कि भारत विकास परिषद वर्ष 1963 से सेवा, संस्कार, समर्पण व राष्ट्रीय चेतना के विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से "स्वस्थ, समर्थ व संस्कारित भारत" के निर्माण के लिए कार्यरत है । वर्तमान में परिषद की देश भर में 1,800 से अधिक शाखाएँ तथा एक लाख से अधिक सदस्य परिवार इस उद्देश्य की पूर्ति में सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि संस्कार निर्माण अभियान के अंतर्गत राजस्थान के सभी सरकारी व गैर-सरकारी विद्यालयों में 'भारत को जानो' प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसके लिए परिषद की 265 शाखाओं के कार्यकर्ता विद्यालयों में जाकर प्रतियोगिता का संचालन करेंगे । उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्रालय व राजस्थान सरकार की अनुशंसा पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक, बीकानेर द्वारा सभी सरकारी व गैर-सरकारी विद्यालयों में प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए निर्देश जारी किए गए हैं ।

# विश्व फोटोग्राफी दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न

**किशनगढ़, समाचार जगत ब्यूरो.** राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के संस्कृति एवं मीडिया अध्ययन विभाग द्वारा विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आनंद भालेराव के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान फोटोग्राफी प्रदर्शनी, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, फोटो कैप्शन लेखन प्रतियोगिता, फोटो स्टोरी लेखन प्रतियोगिता तथा फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं और कार्यशाला में प्रतिभागियों ने कैंपस जीवन, आसपास के वातावरण, वास्तुकला और अन्य विषयों को रचनात्मक दृष्टि से प्रस्तुत किया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, अवलोकन क्षमता, दृश्य अभिव्यक्ति और फोटो के माध्यम से कहानी कहने के कौशल को बढ़ावा देना था।

प्रदर्शनी में प्रकृति, स्ट्रीट फोटोग्राफी, पोर्ट्रेट, पशु-पक्षी, दैनिक जीवन तथा वनस्पति एवं जीव-जगत से जुड़ी तस्वीरों को प्रदर्शित किया गया। इन तस्वीरों में विश्वविद्यालय परिसर और आसपास के जीवन, प्राकृतिक सौंदर्य तथा रोजमर्रा के अनुभवों को अलग-अलग दृष्टिकोणों से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने

प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा प्रदर्शित तस्वीरों की रचनात्मकता एवं विविधता की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान भारतीय फोटोग्राफी के प्रसिद्ध हस्ताक्षर रघु राय को विशेष श्रद्धांजलि दी गई। भारतीय फोटोग्राफी और फोटो पत्रकारिता में रघु राय के महत्वपूर्ण योगदान को याद करते हुए उन्हें सम्मान अर्पित किया गया। इस क्रम में उनके चुनिंदा छायाचित्रों को विशेष स्थान दिया गया।

कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने कहा कि विश्वविद्यालय में ऐसी रचनात्मक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के समग्र विकास और व्यापक दृष्टिकोण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये उन्हें कक्षा से बाहर सीखने, नए विचारों को समझने और अपनी रचनात्मकता को सार्थक अभिव्यक्ति देने का अवसर प्रदान करती हैं।

फोटो कैप्शन प्रतियोगिता में रीना कोंदागुरला, अनु रावत और शांता सिंह, फोटो स्टोरी प्रतियोगिता में अंशु लक्सकर, दीपक और प्रियंका, तथा फोटोग्राफी प्रतियोगिता में अभिजीत पी, राहुल कटारिया और नरेश ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सामाजिक विज्ञान स्कूल के अधिष्ठाता प्रो. अमिताभ श्रीवास्तव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विभागाध्यक्ष डॉ. प्रांत प्रतिक पटनायक ने कहा कि फोटोग्राफी केवल तस्वीर लेने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज और जीवन को देखने और समझने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की रचनात्मकता को मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के आयोजन में विभाग के कैमरापर्सन शुभम सिंह, वीडियो एडिटर रवि सैनी तथा छात्रों व शोधार्थियों ने महती भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ निकोलस लकड़ा, डॉ नीरू प्रसाद, डॉ अनूप कुमार एवं अन्य संकाय सदस्य, विश्वविद्यालय की जन सम्पर्क अधिकारी अनुराधा मित्तल तथा अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### देवदत्त पडिक्कल के शतक से कोलंबो टेस्ट में भारत मजबूत स्थिति में

# कप्तान शुभमन गिल के साथ शतकीय साझेदारी कर टीम को संभाला

एजेंसी

**कोलंबो.** देवदत्त पडिक्कल (117) के बेहतरीन शतक के दम पर भारत ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन स्टंप्स तक 300/5 का स्कोर बनाकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में खेले जा रहे इस मुकाबले में शुरुआती झटकों के बाद पडिक्कल और कप्तान शुभमन गिल की साझेदारी ने भारतीय पारी को स्थिरता प्रदान की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत तेज रही लेकिन जल्द ही विकेट गिरने लगे। तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो और यशस्वी जायसवाल के बीच तीखी बहस देखने को मिली, जिसके कुछ देर बाद ही जायसवाल बोल्ड होकर पवेलियन लौट गए। केएल राहुल भी लाहिरू कुमारा की गेंद पर खराब शॉट खेलकर आउट हो गए। इन शुरुआती झटकों के बाद पडिक्कल ने मैदान पर कदम रखा और जीवनदान का फायदा उठाते हुए गिल के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 120 रन की निर्णायक साझेदारी निभाई। इस साझेदारी ने श्रीलंकाई गेंदबाजों को दबाव में डाल दिया। दोनों बल्लेबाजों ने प्रभात जयसूर्या और कुमारा के खिलाफ शानदार खेल दिखाया और अपने-अपने अर्धशतक पूरे किए। चायकाल तक भारत का स्कोर 187/3 था, लेकिन इसी बीच गिल खराब जजमेंट का शिकार होकर असिथा की गेंद पर स्लिप में कैच दे बैठे। अंतिम सत्र में विकेटकीपर ऋषभ पंत कलाई पर चोट लगने के कारण मैदान से बाहर चले गए। इसके बाद पडिक्कल ने रवींद्र जडेजा के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया और अपना शतक पूरा किया। स्पिनर केशरा नुवांता ने पडिक्कल को बोल्ड कर इस बेहतरीन पारी का अंत किया। दिन का खेल खत्म होने से ठीक पहले श्रीलंका ने नई गेंद का इस्तेमाल किया और असिथा ने जडेजा को भी बोल्ड कर दिया।

## स्पोर्ट्स गैलरी

### पिलानी के श्रवण बाधित राघव ने हासिल किया 15वां स्थान

**जयपुर, समाचार जगत न्यूज।** जयपुर में 21 से 23 अगस्त तक आयोजित राजस्थान स्टेट अंडर-19 फिडे रेटेड शतरंज प्रतियोगिता में पिलानी के श्रवण बाधित खिलाड़ी राघव शर्मा ने 8 में से 6 अंक अ+र्जित कर 15वां स्थान प्राप्त किया। सामान्य खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए शर्मा ने लगभग 1750 फिडे रेटिंग वाले प्रतिद्वंद्वी को भी पराजित किया।

### राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन: प्रतियोगिता के लिए जयपुर की चार टीमों का चयन

**जयपुर, समाचार जगत न्यूज।** मालपुरा, टोंक में 24 से 26 अगस्त तक आयोजित होने वाली 9वीं सीनियर और 8वीं सब-जूनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए जयपुर की चार टीमों का चयन कर लिया गया है। जयपुर जिला बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव शौकत अली मंसूरी ने बताया कि चयन स्पर्धा में प्रदर्शन के आधार पर सीनियर पुरुष, महिला और सब-जूनियर बालक, बालिका टीमों की घोषणा की गई है। प्रतियोगिता में सीनियर पुरुष टीम की कमान प्रिंस प्रजापत और महिला टीम की कप्तानी त्रिवंकल जायसवाल संभालेंगी, जिनके कोच लक्ष्मीकांत शर्मा होंगे। वहीं, सब-जूनियर बालक वर्ग में गर्व नाथ और बालिका वर्ग में आमना को कप्तान बनाया गया है, जिनके कोच गजेंद्र सिंह होंगे। राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ और टोंक जिला संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस स्पर्धा में ये चयनित टीमें जयपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### जायसवाल की श्रीलंकाई बॉलर से झड़प

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन 5 विकेट पर 300 रन बनाए। कोलंबो में खेले जा रहे मुकाबले में भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल और श्रीलंकाई गेंदबाज असिथा फर्नांडो के बीच बहस हुई। जायसवाल के आउट होने के बाद दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि उन्होंने अपना सिर फर्नांडो के सिर से टकरा दिया। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत कलाई पर चोट लगने के बाद 3 रन के स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट हुए। उनकी जगह रवींद्र जडेजा बल्लेबाजी के लिए आए। इससे पहले शुभमन गिल ने टेस्ट क्रिकेट में अपने 3 हजार रन पूरे किए। पहले दिन असिथा फर्नांडो और यशस्वी जायसवाल के बीच हुई बहस चर्चा में रही। 17वें ओवर में जायसवाल ने तीन चौके लगाए, लेकिन ओवर की आखिरी गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद फर्नांडो ने उनसे कुछ कहा। पवेलियन लौट रहे जायसवाल पलटकर फर्नांडो के पास आए। दोनों के बीच तीखी बहस हुई। इसी दौरान जायसवाल ने अपना हेलमेट फर्नांडो के सिर से टकरा दिया। मामला बढ़ता देख श्रीलंकाई कप्तान धनंजय डि-सिल्वा ने बीच-बचाव किया और दोनों को अलग किया। 58वें ओवर में श्रीलंकाई तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा की बाउंसर ऋषभ पंत की कलाई पर लगी। इसके बाद पंत दर्द में दिखाई दिए।

### कर्ण शर्मा ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 38 साल के लेग स्पिनर कर्ण शर्मा ने इंटरनेशनल और घरेलू क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। उन्होंने भारत के लिए 1 टेस्ट, 2 वनडे और 1 टी-20 मैच खेला। कर्ण ने यूपी टी-20 लीग में कानपुर सुपरस्टार्स की ओर से खेलने के बाद यह फैसला लिया। वह 25 अगस्त को लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में मेरठ मेवरिक्स के खिलाफ अपना आखिरी मैच खेलेंगे। मेरठ के कर्ण ने 2014 में तीनों फॉर्मेट में भारत के लिए डेब्यू किया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में अपना इकलौता टेस्ट खेला। इस मैच की दोनों पारियों में उन्होंने 2-2 विकेट लिए। इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में उन्होंने एकमात्र टी-20 इंटरनेशनल खेला और जो रूट को आउट किया। 2104 में ही श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने दोनों वनडे खेले। इसके बाद कर्ण को 2015 में जिम्बाब्वे दौरे के लिए भी चुना गया था, लेकिन चोट के कारण वह टीम से बाहर हो गए। इसके बाद उन्हें दोबारा भारत के लिए खेलने का मौका नहीं मिला। कर्ण ने 2007-08 सीजन में फर्स्ट क्लास, लिस्ट-A और टी-20 क्रिकेट में डेब्यू किया था। अपने पहले रणजी ट्रॉफी मैच में ही उन्होंने शतक लगाया।

### अंडर-19 डूंगरपुर ट्रॉफी: अभय का शतक, जयपुर सहित 9 टीमों की जीत

# प्रतीक, पूर्वादित्य और कैफ ने झटके 5-5 विकेट, बीकानेर और सीकर ने भी जीते मैच

**जयपुर, समाचार जगत न्यूज।** राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वावधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय अंडर-19 डूंगरपुर ट्रॉफी के दूसरे दिन बल्लेबाजों और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बीच जयपुर, बाड़मेर, बीकानेर, सीकर, जोधपुर, टोंक, सवाई माधोपुर, बूंदी और हनुमानगढ़ ने अपने-अपने मुकाबले जीते। जयपुर के बल्लेबाज अभय शर्मा ने नाबाद 100 रन की शतकीय पारी खेली। गेंदबाजी में जयपुर के प्रतीक चौधरी (5/54), टोंक के पूर्वादित्य सिंह (5/20) और सवाई माधोपुर के कैफ मिर्ज़ा (5/24) ने घातक गेंदबाजी करते हुए पांच-पांच विकेट झटके। इसके अलावा सीकर के आदित्य भाम्भू (96) और बूंदी के निशांत गुर्जर (89) ने भी बेहतरीन पारियां खेलीं, लेकिन शतक से चूक गए।

#### संक्षिप्त स्कोर

**जयपुर ने नागौर को हराया:** नागौर 210/10 (राघव 45, आदित्य 42, पंकज 41*; प्रतीक चौधरी 5/54)। जयपुर 214/3 (अभय शर्मा 100*, कुमार वासुदेव 56, गौरव 23)। बीकानेर ने उदयपुर को हराया: उदयपुर 127/10 (मीट लालवानी 43; सुमित 4 विकेट, शौर्य 4 विकेट)। बीकानेर 129/5 (सचिन बिश्नोई 58*, शौर्य 33*; सभ्य 3/26, हिमांशु 2/30)। टोंक ने राजसमंद को हराया: राजसमंद 88/10 (पूर्वादित्य सिंह 5/20, आदित्य 2 विकेट)। टोंक 89/5 (मूसा खान 36; सुमित 3/44)। सीकर ने श्रीगंगानगर को हराया: श्रीगंगानगर 182/10 (आदित्य भाम्भू 96, जशनदीप 38; अर्णव 3 विकेट, लक्ष्य 3 विकेट)। सीकर 183/2 (दर्शन पचार 68*, आदिल 52; ओमप्रकाश 2/42)।

**जोधपुर ने कोटा को हराया:** कोटा 198/9 (शिवराज 55, विशाल 42; शोभाग्य सिंह भाटी 3/52, जगदीश 2/31)। जोधपुर 200/6 (सुरेश 46, कृष्णा 42*; यश 2 विकेट, अमन 2 विकेट)। सवाई माधोपुर ने भरतपुर को हराया: सवाई माधोपुर 212/8 (कृष्ण कुमार गुप्ता 59, आज़ाद सिंह 40; आर्यन बघेल 3/43)। भरतपुर 165/10 (पुनीत 29; कैफ मिर्ज़ा 5/24, कुशाग्र 2/36)। हनुमानगढ़ ने भीलवाड़ा को हराया: हनुमानगढ़ 200/9 (वंश 75*, हिमांशु 45; अवि सुवालका 4/20, अनिल 2/37)। भीलवाड़ा 185/10 (कुशाग्र ओझा 76, गोविन्द 36; पुनीत गोदारा 4/31, दक्ष 3/23)। बाड़मेर ने झुंझुनूं को हराया: बाड़मेर 229/9 (विकास कुमार 74, सुमित 32; पीयूष दहिया 3/45)। झुंझुनूं 221/9 (काव्य वर्मा 47, शिवांशु 39; जगदीश डूडी 3/42, नरपत 2/43)। बूंदी ने जैसलमेर को हराया: बूंदी 231/8 (निशांत गुर्जर 89, नील 49; चेतन कुमार 3/31, अभिनव 2/44)। जैसलमेर 168/10 (मुदित व्यास 57; सिद्धांत 3/26, अजयदीप 2/23)।

### दो दिन में खत्म हुआ टेस्ट मैच, ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज की बराबर

समाचार जगत न्यूज

**स्टार्क के 10 विकेट, ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को पारी और 51 रन से हराया**

**जयपुर.** मिचेल स्टार्क के शानदार 10 विकेट की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट मैच में बांग्लादेश को पारी और 51 रन से हरा दिया। दो दिन के भीतर समाप्त हुए इस मुकाबले में जीत दर्ज कर ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट सीरीज बराबर कर ली। ऑस्ट्रेलिया के 210 रन के जवाब में बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 64 और दूसरी पारी में 95 रन पर सिमट गई।

यह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहला मौका है जब बांग्लादेश की टीम किसी टेस्ट की दोनों पारियों में 100 रन के भीतर ऑल आउट हुई। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर 146 रन की बढ़त हासिल की थी, जिसे बांग्लादेश पार नहीं कर सका। गेंदबाजी में मिचेल स्टार्क ने मैच में कुल 51 रन देकर 10 विकेट (6-12 और 4-39) हासिल किए। पैट कमिंस ने मैच में छह और नाथन लियोन ने दूसरी पारी में तीन विकेट (3-25) चटकाए। बल्लेबाजी में ऑस्ट्रेलिया के लिए कैमरून ग्रीन ने सर्वाधिक 67 और नाथन लियोन ने नाबाद 32 रन बनाए, जबकि बांग्लादेश के शोरिफुल इस्लाम ने 48 रन देकर 7 विकेट लिए। बांग्लादेश की दूसरी पारी में नजमुल हुसैन शांतो ने 31 रन बनाए, जबकि लिटन दास लगातार तीसरी पारी में शून्य पर आउट हुए। इस मुकाबले में तस्कीन अहमद का कैच लपककर स्टीव स्मिथ ने अपने टेस्ट करियर का 219वां कैच पूरा किया और सर्वाधिक टेस्ट कैच लेने के मामले में जो रूट की बराबरी कर ली।

### जयपुर योगा लीग के 10वें संस्करण का भव्य समापन

**जयपुर.** जयपुर के सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में रविवार, 23 अगस्त 2026 को श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा जी की अध्यक्षता में आयोजित दो दिवसीय जयपुर योगा लीग का भव्य समापन हुआ। जयपुर योगा लीग के 10वें संस्करण में देश के 10 राज्यों से 600 से अधिक खिलाड़ियों (600+ Participants) ने भाग लेकर योगासन स्पोर्ट्स की अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। दो दिवसीय इस राष्ट्रीय स्तर के योगासन आयोजन में प्रतिभागियों को विभिन्न आयु वर्गों के आधार पर छह समूहों में विभाजित किया गया। प्रतियोगिताओं को खिलाड़ियों के प्रदर्शन स्तर के अनुसार तीन प्रमुख श्रेणियों में आयोजित किया गया—बिगिनर्स, एडवांस एवं एक्सपर्ट। इसके अतिरिक्त आर्टिस्टिक सोलो, आर्टिस्टिक पेयर, रिदमिक पेयर, रिदमिक सोलो, फ्री फ्लो (ग्रुप योगा डांस) तथा योग रत्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

इन सभी प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने योगासन, संतुलन, लचीलापन, शारीरिक नियंत्रण, कलात्मक प्रस्तुति एवं खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जयपुर योगा लीग के इस संस्करण में राजस्थान सहित देश के 10 राज्यों से खिलाड़ियों ने भाग लिया। 600+ खिलाड़ियों की सहभागिता ने इस आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण योगासन स्पोर्ट्स मंच के रूप में स्थापित किया। विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों की उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक भव्य बनाया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री अजय सिंह चितौरा जी, सेवानिवृत्त आई.ए.एस., तथा संस्था के संरक्षक श्री रवि प्रकाश मेहरड़ा जी, सेवानिवृत्त महानिदेशक पुलिस, ने जयपुर योगा लीग के लगातार दस वर्षों से शानदार एवं निरंतर आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। मुख्य अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन देश के नवयुवकों, नवयुवतियों एवं बाल प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ भविष्य में रोजगार एवं करियर के नए अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने भारत को स्वस्थ एवं निरोगी भारत बनाने की दिशा में जयपुर योगा लीग परिवार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन समारोह के दौरान विशिष्ट अतिथियों ने विभिन्न योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक पहनाकर सम्मानित किया। विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं नगद पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में जयपुर योगा लीग के सचिव डॉ. अभिनव जोशी ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों, तकनीकी अधिकारियों, अभिभावकों एवं आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों और संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

### अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी हीरानंद कटारिया ने दी शुभकामनाएं, अभिभावकों को भी किया सम्मानित

# खो-खो में स्वर्णिम जीत पर खिलाड़ियों का भव्य स्वागत, आतिशबाजी से गूंजा परिसर

**जयपुर, समाचार जगत न्यूज।** जयपुर ब्लॉक स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचने वाले न्यू राहुल पब्लिक स्कूल, सिरसी के खिलाड़ियों के सम्मान में शुक्रवार को विद्यालय परिसर में भव्य मेडल सेरेमनी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्वर्णिम विजय हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों की सफलता में अभिभावकों की भूमिका को सराहते हुए विद्यालय प्रशासन ने खिलाड़ियों के साथ-साथ उनके माता-पिता को भी सम्मानित किया, जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी हीरानंद कटारिया ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस तरह की जीत से अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी कार्यक्रम में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार स्वरूप स्पोर्ट्स सूट वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय खिलाड़ी कल्याण सहाय निठारवाल सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। पूरे समारोह में तालियों की गड़गड़ाहट के बीच खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया गया। कार्यक्रम का समापन भव्य आतिशबाजी के साथ हुआ, जिसने आयोजन को यादगार बना दिया।

# राज्य जूनियर शतरंज: अक्षत और आशी बने चैंपियन

समाचार जगत न्यूज

**जयपुर.** भीलवाड़ा के अक्षत कुमार लखारा और जयपुर की आशी उपाध्याय ने राजस्थान स्टेट सिलेक्शन जूनियर (अंडर-19) शतरंज टूर्नामेंट के अपने-अपने वर्गों में 7.5 अंक हासिल कर खिताब जीत लिया। रविवार को संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में खिताबी जीत के साथ ही दोनों खिलाड़ियों ने आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए राजस्थान टीम में अपनी जगह पक्की कर ली। जयपुर जिला शतरंज संघ और राजस्थान चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 25 से अधिक जिलों के 217 युवा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। ओपन वर्ग में 175 और गर्ल्स वर्ग में 42 खिलाड़ियों के बीच खिताब के लिए अंतिम राउंड तक कड़ा संघर्ष देखने को मिला। प्रतियोगिता में कुल एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई थी, जिसमें शीर्ष खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की गई। ओपन वर्ग में जयपुर के एजीएम शिवम खेटरपाल सात अंकों के साथ दूसरे और जोधपुर के भाव्य कुमार मूलचंदानी समान अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। गर्ल्स वर्ग में भीलवाड़ा की आराध्या उपाध्याय सात अंक हासिल कर दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि भीलवाड़ा की ही शिवांगी राठौड़ छह अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। ओपन वर्ग में अलोकिक माहेश्वरी 6.5 अंकों के साथ और गर्ल्स वर्ग में तनिषा भागचंदानी छह अंकों के साथ अपने-अपने वर्गों में चौथे स्थान पर रहे। इस फिडे रेटेड प्रतियोगिता में ओपन वर्ग के करीब 80 और गर्ल्स वर्ग के 14 रेटेड खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अक्षत और आशी को दस हजार रुपये नकद, ट्रॉफी एवं एंट्री फीस देकर सम्मानित किया गया। समारोह में जयपुर जिला शतरंज संघ की अध्यक्ष आशा भार्गव, मुख्य निर्णायक नीलेश कुमावत और सचिव जयेंद्र चतुर्वेदी सहित अन्य पदाधिकारियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## न्यूज गैलरी

### चीनी एक सप्ताह में 777 रुपये महंगी, सरसों तेल 218 रुपए चढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चीनी 777 रुपए और सरसों तेल 218 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। चावल में भी तेजी रही जबकि दूसरे खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया। गेहूं में नरमी रही। बीते सप्ताह मीठे के बाजार में गुड़ का औसत भाव 777 रुपए चढ़कर 5,570 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। चीनी के दाम भी 323 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गये। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 49 रुपए बढ़कर सप्ताहांत पर 4,105 रुपए प्रति क्विंटल हो गयी। गेहूं 22 रुपए सस्ता हुआ और 2,838 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। आटे का भाव भी 12 रुपए घटकर 3,310 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। सप्ताह के दौरान चना दाल की औसत कीमत 106 रुपए और मसूर दाल की 78 रुपए बढ़ गयी। तुअर दाल 17 रुपए और मूंग दाल 14 रुपए मजबूत हुई। उड़द दाल 49 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। बीते सप्ताह सरसों तेल का औसत भाव 218 रुपए और सोया तेल का 111 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गया। मूंगफली तेल 85 रुपए और वनस्पति 37 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल 84 रुपए और सूरजमुखी तेल 19 रुपए फिसल गया।

### एफपीआई ने अगस्त के पहले तीन सप्ताह में किया 20,802 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश

**मुंबई, एजेंसी।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय पूंजी बाजार में अगस्त के पहले तीन सप्ताह में अबतक 20,802 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया है। शुद्ध निवेश एफपीआई द्वारा बाजार में लगायी गयी राशि और बाजार से निकाली गयी राशि का अंतर होता है।

केंद्रीय डिपॉजिटरी सेवा के आंकड़ों के अनुसार, इस वृद्धि के पीछे मुख्य योगदान इक्विटी का रहा। अगस्त में इक्विटी और म्यूचुअल फंड में एफपीआई का निवेश बढ़ा है जबकि डेट और हाइब्रिड उपकरणों में उनका निवेश कम हुआ है। इक्विटी में एफपीआई का शुद्ध निवेश तीन सप्ताह में 23,544 करोड़ रुपए रहा। म्यूचुअल फंड में उनका निवेश 50 करोड़ रुपए बढ़ा। इस दौरान, डेट में एफपीआई 226 करोड़ रुपए की शुद्ध बिकवाली की।

हाइब्रिड उपकरणों से उन्होंने 2,566 करोड़ रुपए निकाले। यह लगातार तीसरा महीना है जब एफपीआई भारतीय पूंजी बाजार में शुद्ध रूप से लिवाल रहे हैं। जुलाई में उन्होंने 40,031 करोड़ रुपए और जून में 4,669 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया था। इस साल अबतक एफपीआई ने 1,52,040 करोड़ रुपए की शुद्ध बिकवाली की है। इसमें अकेले इक्विटी से उन्होंने 2,30,529 करोड़ रुपए निकाले हैं। डेट और म्यूचुअल फंड में उनका निवेश सकारात्मक रहा है। हाइब्रिड उपकरणों से भी उन्होंने शुद्ध निकासी की है।

### सोने-चांदी में तेजी बरकरार, क्या और बढ़ने वाली है चमक? इन वजहों से कीमतों पर पड़ेगा असर

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में तेजी का रुख जारी रहने की उम्मीद है। हालांकि, उच्च स्तर पर मुनाफावसूली से तेजी की रफ्तार कुछ धीमी हो सकती है। विश्लेषकों ने बताया कि निवेशक अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। अमेरिकी मुद्रास्फीति और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े सर्राफा बाजार के लिए प्रमुख उत्प्रेरक होंगे।

विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा पश्चिम एशिया की भू-राजनीति से जुड़े घटनाक्रम, विशेष रूप से अमेरिका-ईरान शांति समझौता और होर्मुज जलडमरूमध्य का फिर से खुलना भी कीमतों को प्रभावित करेगा। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के जिंस एवं मुद्रा शोध के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, ''आगामी कारोबारी सत्र में हमारा अनुमान है कि रुझान सकारात्मक बना रहेगा, लेकिन कुछ मुनाफावसूली से इनकार नहीं किया जा सकता।'' घरेलू मोर्चे पर मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अक्टूबर डिलिवरी वाला सोना वायदा 7,932 रुपये या 5.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ सप्ताहांत पर 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। सितंबर डिलिवरी वाली चांदी 10,673 रुपये या 4.52 प्रतिशत उछलकर 2.46 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

## AI भारत में नौकरियां छीनने से ज्यादा दे रहा

# रिपोर्ट- IT सेक्टर में सीनियर कर्मचारियों की डिमांड बढ़ी, जूनियर्स और फ्रेशर्स की मुश्किलें बढ़ीं

एजेंसी

**नई दिल्ली.** AI भारत में नौकरियों पर खतरा है। जापानी फाइनेंशियल सर्विस कंपनी नोमुरा की रिपोर्ट इस बात को झुठला रही है। नोमुरा की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में AI नौकरियां खत्म करने की तुलना में नए रोजगार के ज्यादा अवसर पैदा कर रहा है। हालांकि, तकनीकी बदलाव की वजह से IT सेक्टर में जूनियर्स और फ्रेशर्स को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत, चीन और फिलीपींस उन देशों में शामिल हैं, जहां AI से नौकरियों का ग्राफ ऊपर गया है।

#### सीनियर एम्प्लॉइज की डिमांड बढ़ी

नोमुरा ने बाजार में आ रहे बदलाव को K-शेड रिप्लेट का नाम दिया है। यानी रोजगार के लिए बाजार दो हिस्सों में बंट गया है। एक तरफ फ्रेशर्स की मांग लगातार गिर रही है, तो दूसरी तरफ अनुभवी सीनियर लोगों की पूछ बढ़ गई है। कंपनियों को अब मैनेजमेंट और बिजनेस की गहरी समझ रखने वाले लोग चाहिए। दक्षिण कोरिया में जिन सेक्टर में सबसे ज्यादा AI का इस्तेमाल हुआ वहां ऐसा ही ट्रेंड दिखने को मिला है।

**कर्मचारियों को बल्क में निकालने की जगह नई भर्तियां कम हुईं :** कंपनियां पुराने कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के बजाय नए लोगों को नौकरी पर रखना ही बंद कर रही हैं। इसे साइलेंट फायरिंग कहा जा रहा है। इसके अलावा, कंपनियों ने कॉलेज कैंपस में जाकर होने वाले प्लेसमेंट को लगभग कम कर दिया है।

#### टेक सेक्टर में 90% नई नौकरियां

AI की वजह से जो भी नए रोजगार पैदा हो रहे हैं, उनमें से 90% से ज्यादा नौकरियां अकेले टेक्नोलॉजी सेक्टर में आ रही हैं। बाकी सभी सेक्टर्स में हिस्सेदारी 10% से भी कम है।

**इन क्षेत्रों में रास्ता खुला :** भारत में सबसे ज्यादा डेटा एनोटेशन (डेटा को AI के लिए तैयार करना), भाषा विज्ञान और AI से जुड़ी IT सर्विसेज में नई भर्तियां हो रही हैं।

**चीन हमसे आगे :** भारत में जहां सपोर्ट और सर्विस वाली नौकरियां आ रही हैं, वहीं चीन में नया AI मॉडल बनाने और डेवलप करने के लिए हाई-स्किल्ड ग्रेजुएट्स काम पर रख रहे हैं।

**टेक से बाहर बहुत कम मौके :** टेक्नोलॉजी से अलग अन्य सेक्टर्स में गिने-चुने पद ही आ रहे हैं, जैसे बैंकों में 'AI रिस्क एनालिस्ट' या बिना ड्राइवर वाली गाड़ियों के एक्सपर्ट्स।

#### भारत के लिए आगे की राह और बड़ी परीक्षा

**भारत के लिए बड़ी परीक्षा :** भारत पूरी दुनिया का 'बैक-ऑफिस' (IT और सर्विस हब) है। जिन आसान और रूटीन कामों के दम पर भारत का आईटी सेक्टर खड़ा है, उन्हें अब AI बहुत आसानी से कर रहा है। इससे हमारे यहां की पारंपरिक नौकरियों पर बड़ा खतरा है।

**टैलेंट है हमारी ताकत :** खतरा जरूर है, लेकिन भारत के पास लाखों इंजीनियर्स और टेक टैलेंट का बड़ा पूल भी है। अगर हम खुद को अपग्रेड कर लें, तो AI के दौर में आने वाले नए और बड़े अवसरों का सबसे ज्यादा फायदा उठा सकते हैं।

### श्यामधणी ने विजेता और धनवर्षा स्कीम का ड्रा निकाला

**जयपुर, समाचार जगत न्यूज।** श्यामधणी इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से रविवार को 'स्वर्णिम अध्याय' समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कंपनी की ओर से डीलर्स के लिए 2024-25 में चलाई गई 'विजेता' एवं 2025-26 में चलाई 'धनवर्षा' स्कीम का लकी ड्रॉ निकाला गया। लकी ड्रॉ में विजेताओं को विभिन्न प्रकार के आकर्षक उपहार दिए गए। सीकर रोड पर आईदांता रिसोर्ट में हुए समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के चेयरमैन बाबूलाल गुप्ता रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान के मसाला उद्योग को श्यामधणी ने देश-विदेश में सम्मान दिलाया है। आईपीएम जैसे नवाचार से किसानों को जोडकर उपभोक्ताओं को गुणवतापूर्ण मसाले उपलब्ध कराने का सराहनीय काम किया है। मैं श्यामधणी की पूरी टीम को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं और बधाई देता हूं। इस अवसर पर श्यामधणी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर रामअवतार अग्रवाल ने बताया कि श्श्याम मसालेश देश का शीर्ष ब्रांड बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। हमने उत्तरी और मध्य भारत के राजस् थान के साथ पंजाब, हरियाणा, यूपी, एमपी, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश में मसाला मार्केट में प्रतिष्ठा कायम की है। इसके बाद गुजरात और महाराष्ट्र में कंपनी ने अपना मजबूत नेटवर्क तैयार कर लिया है। बिहार और असम के साथ नॉर्थ- ईस्ट के सभी 7 राज्यों में कंपनी की टीम तैयार है। हमारा लक्ष्य है कि 1 साल के अंदर देश के 20 राज्यों में डीलर, डिस्ट्रीब्यूटर और रिटेलर का मजबूत नेटवर्क होगा। जल्दी ही कंपनी 1 हजार करोड़ के टर्नओवर के लक्ष्य को पूरा करेगी। कंपनी के सेल्स डायरेक्टर विट्ठल अग्रवाल ने डीलर्स से संवाद करते हुए कहा कि सेल्स से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या, सुझाव अथवा आवश्यकता को कंपनी के साथ साझा करें, ताकि उसका तत्काल समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि मार्केट का ट्रेंड, ग्राहकों की डिमांड और कंपनी नेटवर्क के लिए सटीक फीडबैक डीलर्स के माध्यम से मिलता है। इसलिए डीलर्स का एक एक सुझाव हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए हम समय समय पर डीलर्स के साथ संवाद करते हैं और उनके लिए विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं जारी करते हैं। कंपनी के ZBM प्रदीप पारिक ने आमंत्रित डीलर्स को विभिन्न उत्पादों तथा लकी ड्रॉ स्कीम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान डीलर्स ने भी कंपनी पदाधिकारियों के समक्ष अपने विचार, सुझाव एवं व्यापार से संबंधित विषय रखे।

**'किस्मत 2024-25' स्कीम :** "कंपनी द्वारा 'किस्मत 2024-25' स्कीम के अंतर्गत 1 जुलाई 2024 से 30 मार्च 2025 तक सभी अधिकृत डीलरों के विजेताओं का चयन किया। इस स्कीम में पहला पुरस्कार मारुति स्विफ्ट कार, दूसरा पुरस्कार होंडा शाइन मोटरसाइकिल, तीसरा पुरस्कार टीवीएस रेडॉन, चौथा पुरस्कार 1.5 टन विंडो एसी, छठा पुरस्कार 6.5 किलो सेमी-ऑटोमेटिक वॉशिंग मशीन, सातवां पुरस्कार ... आठवां पुरस्कार सफारी ट्रॉली सेट (20 एवं 24 इंच), नौवां पुरस्कार 10 ग्राम चांदी का सिक्का तथा दसवां पुरस्कार डबल बेड बेडशीट सहित अन्य पुरस्कार शामिल रहे।"

**'धनवर्षा 2025-26' स्कीम :** "इसी प्रकार कंपनी की ओर से 'धनवर्षा 2025-26' स्कीम जयपुर जोन एवं जोधपुर जोन के डीलरों के लिए आयोजित की गई। इस स्कीम की अवधि 1 जुलाई 2025 से 31 मार्च 2026 तक निर्धारित थी। सभी पुरस्कार विजेताओं के लिए आयोजित कार्यक्रम में पहला पुरस्कार मारुति डिजायर कार, दूसरा पुरस्कार होंडा शाइन मोटरसाइकिल, तीसरा पुरस्कार 2.5 ग्राम सोने का सिक्का, चौथा पुरस्कार 100 ग्राम चांदी का सिक्का, पांचवां पुरस्कार 50 ग्राम चांदी का सिक्का, छठा पुरस्कार 20 ग्राम चांदी का सिक्का, सातवां पुरस्कार 10 ग्राम चांदी का सिक्का तथा अन्य पुरस्कार रखे गए थे।"

**क्वालिटी में एक बार फिर अव्वल 'श्याम मसाले :** श्याम मसालों ने एक बार फिर साबित किया कि उनके लिए गुणवत्ता सर्वोपरि है। हाल ही में भारत सरकार की फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी की ओर से स्थापित गाजियाबाद की नेशनल फूड लेबोरेटरी में श्याम मसाले के 6 उत्पाद- जिनमें मिर्च पाउडर, दालचीनी, हल्दी पाउडर, मूंगफली, साबूदाना और नारियल पाउडर सभी जांच में खरा उतरे हैं। IPM ने तय किए उच्च गुणवत्ता के नए मापदंड : श्यामधणी देशभर में आईपीएम (इंटीग्रेटेड पेस्टिसाइट मैनेजमेंट) का कन्सेप्ट लाने वाली पहली कंपनी है।

### वैश्विक कारकों से मिलेगी शेयर बाजार को दिशा

एजेंसी

**मुंबई.** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह प्रमुख सूचकांकों में रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों पर रहेगी।

इन वैश्विक कारकों में कच्चा तेल और पश्चिम एशिया संघर्ष भी शामिल है। ईरान और अमेरिका के बीच अस्थायी युद्ध विराम की 60 दिन की अवधि समाप्त हो चुकी है और फिलहाल कोई नया समझौता नहीं हो सका है। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम एक बार फिर 90 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गये हैं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स पहले तीन दिन गिरावट में रहा। गुरुवार को इसमें तेजी रही जबकि शुक्रवार को यह लगभग सपाट बंद हुआ। सेंसेक्स 468.42 अंक (0.60) प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट में शुक्रवार को 77,540.83 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी सप्ताह के दौरान 114 अंक यानी 0.48 प्रतिशत नीचे 24,252 अंक पर रहा। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत वृहत बाजारों में साप्ताहिक बढ़त देखी गयी। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.33 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.21 प्रतिशत ऊपर रहा। बजाज ब्रोकिंग के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट (अनुसंधान) पबित्रो मुखर्जी ने बताया कि आलोच्य सप्ताह में विदेशी संस्थागत निवेशक शुद्ध रूप से बिकवाल रहे जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने बाजार में पैसा लगाया। सप्ताह के दौरान एफपीआई का निवेश 16.02 अरब रुपये घट गया। गत सप्ताह सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयरों में साप्ताहिक गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर 4.20 प्रतिशत लुढ़क गया। इंडिगो में 4.18 फीसदी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 4.12, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 3.46 और टेक महिंद्रा में 3.16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। सप्ताह के दौरान, आईटीसी का शेयर 2.81 फीसदी, टीसीएस का 2.59, एशियन पेंट्स का 2.58, भारती एयरटेल और ट्रेंट दोनों का 2.26, भारतीय स्टेट बैंक का 2.12 और मारुति सुजुकी का 2.06 प्रतिशत टूटा। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 1.40 प्रतिशत, सन फार्मा का 1.25, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 0.64, टाटा स्टील का 0.44, एनटीपीसी का 0.28 और बजाज फिनसर्व का 0.07 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। इटरनल में सबसे अधिक 3.02 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 2.49 फीसदी, एक्सिस बैंक का 2.37 और पावरग्रिड का 2.18 प्रतिशत चढ़ा। बीईएल में 0.76 फीसदी, एलएंडटी में 0.62, बजाज फाइनेंस में 0.51, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 0.46, अडानी पोर्टस में 0.12, आईसीआईसीआई बैंक में 0.07 और टाइटन तथा एचडीएफसी बैंक दोनों में 0.02 प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गयी।

### टाटा से 132 साल पहले इस शख्स ने बनाई भारत की पहली कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में जब सबसे पुराने कारोबारी घरानों की बात होती है तो आमतौर पर लोगों के जहन में टाटा, बिड़ला या बजाज जैसे नाम सामने आते हैं। लेकिन इनसे भी कहीं पुरानी कारोबारी विरासत वाडिया ग्रुप की है। इसकी जड़ें साल 1736 तक जाती हैं, जब लोवजी नुसरवानजी वाडिया ने सूरत से जहाज निर्माण का कारोबार शुरू किया था। करीब तीन सदियों बाद भी वाडिया परिवार भारतीय कारोबार की दुनिया में एक्टिव है। खास बात यह है कि इस परिवार का रिश्ता पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना के परिवार से भी जुड़ता है। 1736 में जहाज बनाने से हुई शुरुआत वाडिया परिवार की कारोबारी कहानी 18वीं सदी के सूरत से शुरू होती है। लोवजी नुसरवानजी वाडिया को जहाज निर्माण में महारत हासिल थी। उन्होंने 1736 में समुद्री जहाज बनाने का काम शुरू किया और आगे चलकर उनका कारोबार ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के लिए जहाज बनाने तक पहुंचा। ये कंपनी टाटा ग्रुप से भी 132 साल पुरानी है, जिसकी शुरुआत 1868 में हुई थी।

## टॉप-10 में 4 कंपनियों का मार्केट-कैप 87,960 करोड़ घटा

# एयरटेल टॉप लूजर, वैल्यू 28,052 करोड़ घटी

एजेंसी

**नई दिल्ली.** बीते हफ्ते भारतीय शेयर बाजार में गिरावट रही। इस बीच देश की 10 सबसे वैल्यूएबल कंपनियों में से 4 का मार्केट कैप कुल मिलाकर 87,960 करोड़ घटा है। इस दौरान टेलीकॉम सेक्टर की प्रमुख कंपनी भारती एयरटेल की मार्केट वैल्यूएशन में सबसे बड़ी 28,052.96 करोड़ की गिरावट देखने को मिली। इसकी वैल्यूएशन घटकर 12.15 लाख करोड़ रह गई है। एयरटेल के अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप भी घटा है। वहीं 6 कंपनियों- LIC, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, ICICI बैंक और HDFC बैंक की मार्केट वैल्यू बढ़ी है। पिछले सप्ताह सेंसेक्स 468.42 अंक (0.60%) और NSE निफ्टी 114 अंक (0.46%) नीचे गिरकर बंद हुआ।

#### मार्केट कैपिटलाइजेशन क्या होता है?

मार्केट कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, उनकी वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की कुल संख्या को उनकी कीमत से गुणा करके किया जाता है।

#### इसे एक उदाहरण से समझें...

मान लीजिए... कंपनी 'A' के 1 करोड़ शेयर मार्केट में लोगों ने खरीद रखे हैं। अगर एक शेयर की कीमत 20 रुपए है, तो कंपनी की मार्केट वैल्यू 1 करोड़ x 20 यानी 20 करोड़ रुपए होगी।

**मार्केट कैप के उतार-चढ़ाव का कंपनी और निवेशकों पर क्या प्रभाव पड़ता है?**

**कंपनी पर असर :** बड़ा मार्केट कैप कंपनी को मार्केट से फंड जुटाने, लोन लेने या अन्य कंपनी एक्वायर करने में मदद करता है। वहीं, छोटे या कम मार्केट कैप से कंपनी की फाइनेंशियल डिसीजन लेने की क्षमता कम हो जाती है।

**निवेशकों पर असर :** मार्केट कैप बढ़ने से निवेशकों को डायरेक्ट फायदा होता है। क्योंकि उनके शेयरों की कीमत बढ़ जाती है। वहीं, गिरावट से नुकसान हो सकता है, जिससे निवेशक शेयर बेचने का फैसला ले सकते हैं।

**उदाहरण :** अगर TCS का मार्केट कैप 12.43 लाख करोड़ बढ़ता है, तो निवेशकों की संपत्ति बढ़ेगी, और कंपनी को भविष्य में निवेश के लिए ज्यादा पूंजी मिल सकती है। लेकिन मार्केट कैप गिरता है तो इसका नुकसान हो सकता है।

## नेस्ले-पेप्सिको समेत कई कंपनियों को 150 नोटिस

### FSSAI ने भ्रामक विज्ञापन, झूठे दावों के आरोप में कार्रवाई की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने नियमों का पालन न करने पर कई प्रमुख फूड ब्रांड्स और रिटेल चेन के खिलाफ हाल के महीनों में करीब 150 नोटिस जारी किए हैं। भारत की खाद्य सुरक्षा नियामक संस्था FSSAI ने ये नोटिस भ्रामक विज्ञापनों, झूठे दावों और लेबल से जुड़े नियमों का पालन नहीं करने पर दिए हैं। जिन कंपनियों को नोटिस जारी किए गए हैं। उनमें नेस्ले इंडिया, पेप्सिको, कोका-कोला इंडिया जैसी बड़ी कंपनियां शामिल हैं। इसके अलावा अमेजन और फ्लिपकार्ट समेत ई-कॉमर्स कंपनियों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। वहीं केएफसी, मैकडॉनल्ड्स, पिज्जा हट, डोमिनोज और कोस्टा कॉफी जैसे फूड सर्विस ब्रांड्स को भी नोटिस मिले हैं। FSSAI ने ई-कॉमर्स कंपनियों अमेजन और फ्लिपकार्ट को 12 नोटिस भेजे हैं। FSSAI ने कहा कि अमेजन के एक वेयरहाउस का लाइसेंस भी रद्द किया गया है। वहीं केएफसी, मैकडॉनल्ड्स, पिज्जा हट, डोमिनोज और कोस्टा कॉफी जैसे फूड सर्विस संस्थानों को 30 से ज्यादा नोटिस जारी किए हैं। डोमिनोज के पांच लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। FSSAI के मुताबिक, नोटिस मिलने के बाद कई कंपनियों ने अपनी गलतियां सुधारने के कदम उठाए हैं। खाद्य सुरक्षा, विज्ञापन और लेबलिंग के नियमों का पालन हो रहा है या नहीं, इसकी जांच लगातार जारी है। आने वाले समय में नियम तोड़ने वाली कंपनियों पर कार्रवाई और बढ़ सकती है। ऐसा विज्ञापन जिसमें किसी उत्पाद की गुणवत्ता, सामग्री या स्वास्थ्य लाभ के बारे में गलत या अधूरी जानकारी दी जाए, उसे भ्रामक विज्ञापन कहा जाता है। अगर कोई दावा ग्राहक को गुमराह करता है, दूसरे उत्पाद को गलत तरीके से खराब बताता है या जरूरी जानकारी छिपाता है, तो वह भी भ्रामक हो सकता है।

## न्यूज गैलरी

### गंगा माई मंदिर में पंचमुखी महादेव का होगा बर्फ से भव्य शृंगार

**चूरू समाचार जगत ब्यूरो .** चूरू के सफेद घंटाघर स्थित गंगामाई मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान पंचमुखी महादेव का बर्फ से भव्य शृंगार किया जाएगा। यह विशेष शृंगार कई दशकों से होता आया है तथा इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा।इस अवसर पर सुबह विभिन्न प्रभात फेरियां शहर के मुख्य मार्गों से होकर गंगामाई मंदिर पहुंचेंगी। मंदिर में भगवान पंचमुखी महादेव का रुद्राभिषेक भी किया जाएगा। वहीं रात्रि 8:15 बजे आरती के पश्चात कोलकाता के मशहूर भजन गायक अमन परवाना द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### श्री नाथजी आश्रम में 108 बत्ती से हुई सावन माह की महाआरती

**फतेहपुर शेखावाटी, समाचार जगत ब्यूरो .** कस्बे के निकटवर्ती चुवास गांव स्थित श्री नाथजी आश्रम में सावन माह के अवसर पर शनिवार रात्रि को महाआरती व विशेष श्रृंगार का आयोजन किया गया। महंत श्री निश्चल नाथ महाराज के सानिध्य में भगवान का विशेष श्रृंगार कर 108 बत्तियों से महाआरती की गई। आश्रम परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। महाआरती के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। आरती के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में आसपास के गांवों सहित फतेहपुर क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। महाआरती को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह नजर आया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

**नरेना सहित आस-पास के युवाओं ने चढ़ाई कांवड़**

### पुत्रदा एकादशी पर देवयानी तीर्थ में उमड़ा आस्था का सैलाब

**सांभरलेक, समाचार जगत ब्यूरो .** सावन पुत्रदा एकादशी के पावन अवसर पर सांभर स्थित पवित्र देवयानी तीर्थ में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। विशेष रूप से नरेना एवं आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में युवक-युवतियां कांवड़ लेने देवयानी तीर्थ पहुंचे और भगवान का जलाभिषेक कर परिवार, समाज एवं देश की सुख-समृद्धि की कामना की। पुत्रदा एकादशी का धार्मिक महत्व विशेष माना जाता है और इस दिन भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना का विधान है। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह, भक्ति और अनुशासन के साथ कांवड़ यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन और जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। देवयानी तीर्थ परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही तथा दर्शन और पूजा-अर्चना का क्रम लगातार चलता रहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि हर वर्ष पुत्रदा एकादशी पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, लेकिन इस बार युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिली। युवक-युवतियों ने आस्था और श्रद्धा के साथ कांवड़ चढ़ाकर धार्मिक परंपरा का निर्वहन किया। देवयानी तीर्थ को क्षेत्र का अत्यंत प्राचीन एवं पवित्र धार्मिक स्थल माना जाता है, जहां दूर-दराज से श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और धार्मिक आस्था का अनूठा वातावरण बना रहा। स्थानीय नागरिकों ने भी कांवड़ यात्रियों का स्वागत कर उन्हें जल, प्रसाद एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराईं। पुत्रदा एकादशी के इस पावन अवसर पर देवयानी तीर्थ श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति की अनुपम छटा से सराबोर नजर आया।

### महिलाओं ने मनाया तीज एवं सावन महोत्सव

**टोंक, समाचार जगत ब्यूरो .** जांगिड़ समाज महिला प्रकोष्ठ की ओर से पुरानी टोंक स्थित विश्वकर्मा मंदिर परिसर में तीज एवं सावन महोत्सव हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ तीज पर्व की खुशियां साझा कीं। महोत्सव के दौरान महिलाओं ने सावन के पारंपरिक गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं तथा विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। महिलाओं ने एक-दूसरे को तीज की शुभकामनाएं देते हुए समाज की एकता, संस्कृति एवं परंपराओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। पारंपरिक परिधानों में पहुंची महिलाओं ने सावन की हरियाली और तीज पर्व की उमंग को जीवंत कर दिया।महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ज्योति जांगिड़ ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज की महिलाओं को एकजुट करने के साथ-साथ समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और लोक संस्कारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ज्योति जांगिड़, महामंत्री सीमा जांगिड़ पराणा, कोषाध्यक्ष किरण जांगिड़, संगठन मंत्री सोहनी जांगिड़, प्रचार मंत्री पूजा जांगिड़, आशा जांगिड़, सुशीला, चंदा, मीना, घिसी सहित समाज की अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। सभी ने उत्साहपूर्वक तीज एवं सावन महोत्सव का आनंद लिया।

# उपवास में धार्मिक कार्य निर्मल भावों व श्रद्धा से करें : आचार्यश्री

समाचार जगत ब्यूरो

**सीकर.** प्रथमाचार्य श्री शांति सागर जी परंपरा के आचार्य धर्म सागर जी से दीक्षित राजकीय अतिथि ,पंचम पट्टाधीश आचार्य वर्धमान सागर जी पारस भवन दंग की नसिया सीकर में संघ सहित विराजित हैं।

आचार्य श्री संत में प्रतिदिन श्री जी के अभिषेक पूजन के बाद स्वाध्याय धर्म कक्षा प्रवचन दोपहर को सामूहिक साधुओं का स्वाध्याय स्त्राव को की धर्म कक्षा रात्रि को शाम को श्रीजी आरती आचार्य श्री की आरती हो रही है जिसमें शिखर समाज के सैकड़ो लोग भाग ले रहे हैं आज अक्षय सुगंध दशमी को अनेक महिलाओं ने निर्जल व्रत रखें। आचार्य धर्मसागर सभागृह सीकर में आचार्य वर्धमान सागर जी ने धर्म और मित्रता की विस्तृत विवेचना में बताया कि धर्म उपदेश सुनना, सुनने की अभिलाषा पुण्यशाली श्रवण करते हैं।मित्रता के गुण में बताया कि मित्रता से जीवन अच्छा या बुरा होता है ,मित्र जीवन को सफल बनाते हैं, मित्र के सानिध्य से जीवन पवित्र रहना चाहिए,मित्र में त्याग की भावना ,सरलता ,जीवन में सरल व्यवहार ,धर्म अनुरागी, सुख-दुख में सहयोगी रहे क्योंकि सत्संगति से धर्म संस्कार में वृद्धि होती है। पवन मोदी , अनुभव जैन सेठी ने बताया कि आचार्य श्री ने प्रवचन में आगे बताया कि लौकिक जीवन में भी मित्र के यह गुण देखकर ही सत्संगति करना चाहिए आध्यात्मिक क्षेत्र में अरिहंत भगवान द्वारा प्रतिपादित जिनवाणी वीतरागी सर्वज्ञ हितोपदेशी भगवान द्वारा दी गई हैं आज श्रावण शुक्ल दशमी पर अनेक महिलाओं ने उपवास किया। उपवास अर्थात आत्मा के समीप रहने को उपवास कहा जाता है उपवास में श्री जी के दर्शन, पूजन, स्वाध्याय कर दिनभर धार्मिक कार्य करना चाहिए। धार्मिक कार्य निर्मल भाव परिणाम के साथ करना चाहिए।आचार्य श्री ने कथा के माध्यम से बताया कि यह तिथि अक्षय दशमी है प्रतिवर्ष श्रावण शुक्ल दशमी को 10 वर्षों तक विधिपूर्वक उपवास करने , उपवास पूर्ण करने के बाद इसका उद्यापन करना चाहिए इससे मनोकामना पूर्ण होती है। देव शास्त्र गुरु के दर्शन ,धर्म सभा श्रवण विनय पूर्वक श्रद्धा समर्पण से करना चाहिए तभी पुण्य की प्राप्ति होती है। आचार्य श्री के प्रवचन के पूर्व मुनि श्री हितेंद्र सागर जी ने अपने उपदेश में बताया कि भगवान की भक्ति श्रद्धा समर्पण से करने से सर्प द्वारा काटे श्रावक भी ठीक हो जाते हैं। भगवान से स्पर्शित जल गंधोदक में शक्ति से प्राणों की रक्षा हुई ।किटी पार्टी के दुष्परिणामों से अवगत कराकर त्याग की प्रेरणा दी। दीप प्रवज्जलन पारसोला के भक्तों ने किया।धर्मसभा के समापन में सभी आचार्यों को अध्य समर्पित किए।

RK GROUP
परमपूज्य आचार्यश्री के श्रीचरणों में बारम्बार नमोस्तु
अशोक पाटनी, सुरेश पाटनी, विमल पाटनी
आर.के. मार्बल ग्रुप. मदनगंज – किशनगढ़ (अजमेर)
WONDER CEMENT
FARQ NAZAR AAYEGA

**रक्षाबंधन एवं स्नेह मिलन समारोह आयोजित**

## 'रक्षाबंधन आत्मा और परमात्मा के अटूट प्रेम का पावन पर्व है'

**टोंक, समाचार जगत ब्यूरो.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजयोग भवन में रविवार को रक्षाबंधन एवं स्नेह मिलन समारोह आध्यात्मिक उल्लास, प्रेम और भाईचारे के वातावरण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य नागरिकों सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के आत्मीय स्वागत एवं ईश्वरीय स्मृति के साथ हुआ। इसके पश्चात ब्रह्माकुमारी बहनों ने उपस्थित भाई-बहनों को पवित्रता का रक्षा सूत्र बांधकर तिलक लगाया तथा मुख मीठा कराया। इस दौरान आत्मिक प्रेम, सुख-शांति और श्रेष्ठ संस्कारों का संदेश दिया गया। जयपुर से पधारी संस्थान की सब-जोन प्रभारी राजयोगिनी बीके सुषमा दीदी ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि रक्षाबंधन आत्मा और परमात्मा के अटूट प्रेम का पावन पर्व है। उन्होंने कहा कि राजयोग के अभ्यास से व्यक्ति अपने जीवन में आत्मविश्वास, संयम और आध्यात्मिक शक्ति का विकास कर सकता है। राजयोगिनी बीके चंद्रकला दीदी ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में बाहरी सुरक्षा से अधिक आंतरिक सुरक्षा की आवश्यकता है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में रक्षाबंधन प्रेम, विश्वास और जिम्मेदारी का प्रतीक है। ब्रह्माकुमारी संस्थान समाज में नैतिक मूल्यों, पारिवारिक संस्कारों और नशामुक्त जीवन के लिए सराहनीय कार्य कर रहा है। ऐसे आयोजन सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम के अंत में स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने सभी अतिथियों, अधिकारियों एवं उपस्थित भाई-बहनों का आभार व्यक्त किया।

**बेटियों को संस्कार नहीं दे पाए तो उनका और हमारा जीवन नरक**

# दुनिया में सब कमाया जिसने कमाई दोस्ती : आचार्य श्री

**चित्रकूटधाम में ज्ञान गंगा महोत्सव में पुलक वाणी सुनने उमड़े भीलवाड़ावासी**

समाचार जगत ब्यूरो

**भीलवाड़ा.** जीवन में रिश्तेदारी से भी अनमोल दोस्ती होती है। रिश्ते तो खून से बनते हैं पर दोस्ती भावनाएं मिलने से बनती हैं। दोस्त उन परिन्दों की तरह नहीं होते जो तालाब सूखने पर उड़ जाएं, बल्कि उन मछलियों की तरह होते हैं जो तालाब सूखने पर वहीं प्राण त्याग देती हैं। जो संकट में भी साथ नहीं छोड़े वही दोस्त होता है। जिंदगी में दौलत या शोहरत कमाई तो कुछ नहीं कमाया, जिसने दोस्ती कमाई उसने दुनिया में सब कुछ कमा लिया। एक अच्छा व सच्चा दोस्त जिंदगी को स्वर्ग बना देता है। ये विचार भीलवाड़ा में पहली बार चातुर्मास कर रहे राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागर महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, मैन सेक्टर शास्त्रीनगर के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से चित्रकूटधाम में आयोजित ज्ञान गंगा महोत्सव में रविवार को प्रवचन में दोस्ती के महत्व पर चर्चा करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पत्नी खराब तो साठ प्रतिशत जीवन खराब, दोस्त अच्छा तो 80 प्रतिशत जीवन बच जाता है पर गुरू अच्छा हो तो शत प्रतिशत बच जाओगे। जीवन साथी गलत मिल गया तो एक भव बिगड़ जाएगा लेकिन दोस्तों की संगत गलत हो गई तो भव-भव बिगड़ जाएंगे। दोस्त अच्छे मिल जाए तो जीवन सुधर जाता है। मुसीबत में रिश्तेदारी से ज्यादा दोस्त काम आते है। जिंदगी खत्म हो जाएगी पर अच्छा वफादार दोस्त नहीं मिलेगा इसलिए खुद वफादार बन जाए। हम बईमानी करते ओर वफादार दोस्त ढूंढते है, ऐसा करने की बजाय अच्छा दोस्त बनने का प्रयास करो।

आचार्यश्री ने कहा कि दोस्त किसी को अपने अनुसार नहीं चलाते है वह जैसा है वैसा ही स्वीकार करते है। कोई किसी को बदल नहीं सकता इसलिए जैसे है उसी में आनंदित रहे। जैसे आप होंगे वैसे ही दोस्त मिलेंगे। आचार्य पुलकसागर महाराज ने बेटियों द्वारा घर से भाग कर विधर्मियों से शादी करने के बढ़ते मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि बेटियों को संस्कारवान बनाने के लिए मां-बाप और समाज सभी को जागृत होना पड़ेगा। बेटियों को संस्कारवान नहीं बना पाए तो उनकी और परिवारजनों की जिंदगी नरक समान बन जाएगी। जो मां बेटियों को संस्कार नहीं सिखा पाएगी वह एक दिन विधर्मी की बन जाएगी। बेटियां हर किसी से दोस्ती नहीं करे। पढ़ाई करना उनका काम है और जीवनसाथी ढूंढना माता पिता का काम है। याद रखे ज्यादा भरोसा किया तो धोखा खाएंगे। उन्होंने अफसोस जताया कि माता-पिता के कहने पर जो बेटियां मर्यादा वाले वस्त्र नहीं पहनतीं उन्हें किसी की मोहब्बत में आकर मुंह ढंकने वाले कपड़े पहनने में शर्म नहीं आती।

सनातनियों और जैनियों को जागरूक होकर अपना धर्म बचाने की जरूरत है। किसी को दोष नहीं देना है हमे खुद को सुधरना और सचेत होना पड़ेगा। आचार्यश्री ने कहा कि वह बेटियां सौभाग्यशाली हैं जिन्हें भारत में और वह भी जिनशासन में जन्म मिला उस पर गौरव की अनुभूति करें और अन्तर्जातीय विवाह से बचें। विवाह के लिए हमारे पुरखों ने जो परम्परा बनाई उसका पालन करें। कागजों में नहीं जिंदगी में अच्छे नम्बर लाओ जिंदगी महान बन जाएगी। उन्होंने आगाह करते हुए कहा कि प्यार और मोहब्बत में आकर भागने से पहले अंजाम सोच लें। बाद में ये नहीं कहना पड़े कि काश बात मान ली होती तो जिंदगी आज नरक नहीं बनती।

**दोस्ती सारी दुनिया में बताओ दुश्मनी दिल में छिपाओ :** आचार्यश्री ने कहा कि दोस्ती में भी नजर लग जाती है जब किसी की एक गलती सारी अच्छाईयों पर पानी फेर देती है। एक-दो शब्द अच्छे नहीं लगने पर जीवन भर की दोस्ती का सत्यानाश मत करो। दोस्ती हो तो सारी दुनिया को बताओ ओर दुश्मनी हो तो दिल के अंदर छुपाकर रखो। गलती हर इंसान करता है पर एक गलती के कारण दोस्ती या रिश्ता मत तोड़ो। अपने दुश्मन की पीठ पीछे प्रशंसा करो ताकि उसे लगे कि ताकि उसे लगे कि दोस्ती खत्म करके मैने गलती की ओर मन में ग्लानी महसूस हो।

**रिश्तों को दोस्ती में बदल ले बोझ नहीं लगेंगे :** आचार्य पुलकसागर महाराज ने कहा कि हमे दोस्ते अच्छे लगते पर रिश्ते बोझ लगने लगते है। ऐसा नहीं हो इसके लिए जरूरी है कि हम रिश्तों को दोस्ती में बदलना सीख जाए। बेटा जब कंधे के बराबर आ जाए तो पिता उससे दोस्त जैसा व्यवहार करने लगे।

## सावन माह शुक्ल पक्ष एकादशी पर श्याम मंदिर में उमड़ी भीड़

समाचार जगत ब्यूरो

**हिंडौन सिटी.** श्रावण माह शुक्ल पक्ष एकादशी पर रविवार को क्षेत्र के श्याम मंदिरों में भक्ति और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला। मंदिरों में बाबा खाटूश्याम का विशेष श्रृंगार किया गया। मोहन नगर श्याम मंदिर, द्वारिकापुरी स्थित राधा-कृष्ण खाटूश्याम मंदिर तथा रारा-शाहपुर के श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं ने भव्य श्रृंगार के दर्शन किए। मोहन नगर स्थित श्याम मंदिर में सावन के झूला महोत्सव की झांकी के रूप में सजाया गया। राधा-कृष्ण दरबार में श्रावणी छटाओं के बीच बांसुरी बजाते श्रीकृष्ण और राधा जी के विग्रह हरियाली से आच्छादित झूले पर झूलते हुए सजाया गया। यह मनमोहक दृश्य श्रद्धालुओं के विशेष आकर्षक व भक्ति मय रहा। श्याम भक्तों का श्याम बाबा का विशेष फूलों से किया गया श्रृंगार दर्शन ने भाव-विभोर कर दिया।

मंदिर परिसर बाबा श्याम के जयकारों से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ बाबा के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

इसी प्रकार द्वारिकापुरी के राधा-कृष्ण मंदिर में विग्रहों का आकर्षक फूलों से श्रृंगार किया गया। सुबह मंगला आरती के साथ ही श्रद्धालुओं के दर्शनों का क्रम शुरू हो गया। गर्मी और उमस भरे माहौल में भी श्रद्धा व विश्वास से परिपूर्ण श्रद्धालु विभिन्न गांव से पदयात्रा के साथ पहुंचे। शहर की सड़को पर श्याम भक्तों का रैला दिनभर बना रहा है।

## अखंड भारत संकल्प सभा के बाद निकली कावड़ यात्रा, 501 कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक

**नैनवां, समाचार जगत ब्यूरो,** राष्ट्रीय बजरंग दल एवं कावड़ यात्रा आयोजन समिति के तत्वावधान में रविवार को नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में दोपहर 11:30 बजे अखंड भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। सभा को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष एवं मुख्य वक्ता बाबूलाल रेनवाल ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि करीब 2000 वर्ष पूर्व दुनिया में सनातन धर्म का व्यापक प्रभाव था और लोग नैतिक मूल्यों के साथ जीवन जीते थे। उन्होंने कहा कि समय के साथ स्वार्थ को नैतिक जीवन मूल्यों से ऊपर प्राथमिकता दिए जाने के कारण धर्म और देश का विभाजन होता गया। सभा को संत योगी सनी नाथ महाराज, गुजरात-राजस्थान क्षेत्रीय संगठन मंत्री रोहित भाई तथा जिला अध्यक्ष ग्यारसी लाल चौधरी ने भी संबोधित किया। कावड़ यात्रा संयोजक महावीर योगी, कोषाध्यक्ष उत्तम पांचाल, मुकेश कुमार, विनोद चौधरी, महेंद्र नोगिया, विनोद यादव, राष्ट्रीय महिला परिषद नगर अध्यक्ष बिना सैनी, सरोज शर्मा एवं सुभाष साहू ने अतिथियों का भगवा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सोजी लाल नागर ने किया। इसके बाद नीलकंठ महादेव मंदिर में पंचामृत अभिषेक एवं वैदिक रीति-रिवाज से कावड़ पूजन किया गया। यात्रा भगत सिंह सर्किल, देई पोल चुंगी नाका, अंबेडकर सर्किल और लोहड़ी चौहटी होते हुए पालेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। यात्रा का शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा एवं आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। कांवड़ियों के लिए विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं संगठनों की ओर से मार्ग में जगह-जगह शीतल पेय, पानी और फलों की व्यवस्था की गई। कावड़ यात्रा में कुल 501 कांवड़िये शामिल रहे। पालेश्वर महादेव मंदिर पहुंचने पर कांवड़ियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसके बाद महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कावड़ यात्रा का समापन हुआ।

**प्रवचन**

**माणिक्यनगर रामद्वारा धाम में दैनिक चातुर्मासिक सत्संग**

# एक हाथ में शस्त्र और दूसरे में शास्त्र हमारी संस्कृति

समाचार जगत ब्यूरो

**भीलवाड़ा.** दुनिया कंचन कामिनी के लिए पागल है पर जो भक्त होता है वह परमात्मा के लिए पागल होता है। देशभक्त दिवाने राष्ट्र के लिए पागल होते है। ऐसे पागल समझदारों से ज्यादा अच्छे होते है। समझदारों ने तो परिवार ओर समाज तोड़े, पागलों ने परमात्मा को पाया है।

ध्रुव, प्रहलाद, मीरा दुनिया की नजरों में पागल बने हुए थे। ऐसा पागलपन किसी के संकल्प से नहीं कई जन्मों के पुण्यों से सौभाग्यशाली को मिलता है। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने को ही पागलपन कहते है।

ये विचार अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर जगतगुरू आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने रविवार को ''विश्व शांति कल्याण'' चातुर्मास के तहत दैनिक सत्संग में प्रेम भक्ति के स्वरूप की व्याख्या करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि भक्ति की मस्ती जिसके जीवन में आ गई उसे कोई ठुकरा नहीं पाया सारा संसार उनको नमन करता है। भक्ति की ऐसी मस्ती किसी लोकलाज की परवाह नहीं करती। भक्ति दिल को छू लेने वाली होती है। एक हाथ में शस्त्र ओर एक हाथ में शास्त्र ये हमारी संस्कृति है।

आचार्यश्री ने कहा कि भक्त के बुलाने पर भगवान आते है यहीं प्रेम है। कितना भी कष्ट हो जहां सामने प्रेम होता है वहां जाने का मन करता है ओर कहीं कंचन की बारिश हो रही हो पर प्रेम व सम्मान नहीं हो तो जाने का मन नहीं करेगा। एक बार प्रेम से पुकार लो परमात्मा दौड़े चला आएगा। उन्होंने कहा कि प्रेम भक्ति अलौकिक एवं विलक्षण होती है।

शबरी के प्रेम के कारण ही राम उसके झूठे बैर खाते है। जीवन समाप्त हो सकता पर प्रेम भक्ति समाप्त नहीं हो सकती।

संसार में कई लोग अपने दुःख से नहीं बल्कि दूसरों के सुख से दुःखी रहते है उनके जीवन में प्रेम भक्ति नहीं होती है।

आचार्य रामदयालजी महाराज ने कहा कि भक्ति में प्रेम होना चाहिए, प्रेम के बिना भक्ति अपूर्ण होती है। प्रेम के बिना आत्मानंद नहीं मिल सकता। जहां अहम प्रस्फुटित होता है वहां परम्पराओं में टकराव चलेगा ओर जहां प्रेम प्रकट हो गया वहां समन्वय व सद्भाव होता है। प्रेम भक्ति से गुरू के पास बैठकर परम आनंद की प्राप्ति होती है। पत्नी का पति से प्यार नहीं प्रेम होता है जिसमें भक्ति का भाव होता है ओर प्रेम में कोई व्यापार या छुपाव नहीं होता है।

आचार्यश्री से पूर्व अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के प्रखर वक्ता संत मनोरथरामजी राम जी राम आलोट ने मानस पर प्रवचन दिया। प्रवचन के विश्राम पर श्रद्धालुओं द्वारा आचार्यश्री रामदयालजी महाराज की आरती की गई। एकादशी के उपलक्ष में दोपहर 3 से 4 बजे तक संप्रदाय के प्रथम आचार्य श्री रामजन्न जी महाराज की वाणी का पाठ,छन्द भुजंगी एवं भजन ओर साथ ही 4 से 5 बजे तक राम साधना मंडल द्वारा श्वासों श्वास राम नाम साधना शिविर आयोजित किया गया जिसमें अनेक भक्त जन उपस्थित रहे सत्संग में भीलवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। चातुर्मास में दैनिक सत्संग का समय सुबह 9 से 10 बजे तक है। रामधुनी के साथ सुबह 8.30 से 9 बजे तक वाणीजी का पाठ हो रहा है।

**चातुर्मास के तहत 25 से 27 सितम्बर तक होगा विशेष आयोजन**

**आचार्यश्री** ने बताया कि चातुर्मास के तहत आगामी 25 से 27 सितम्बर तक विशेष आयोजन होंगे। इसके तहत 25 सितम्बर को संध्या आरती के बाद सार्वजनिक,सामूहिक भक्ति संध्या का आयोजन होगा जिसमें संप्रदाय की परंपरा के भजन भक्तजनों द्वारा सामूहिक रूप से गाए जाएंगे 26 सितंबर को प्रवचन के साथ ही आचार्य श्री के अवतरण दिवस पर आनंदोत्सव का दिव्य ,भव्य आयोजन होगा। 27 सितम्बर को आचार्य श्री के सानिध्य में संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न स्थानों से संत पधार कर अपना प्रवचन ओर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

### समाज की एकजुटता संगठन का मूल मंत्र : हरिप्रसाद स्वामी

**रतनगढ़, समाचार जगत ब्यूरो .** रामचन्द्र पार्क के पास स्थित रांकावत हितकारिणी सभा स्वामी समाज भवन में विचार गोष्ठी आयोजित हुई। अध्यक्षता समाज अध्यक्ष हरिप्रसाद स्वामी ने की। गोष्ठी में समाज की एकता, संगठन, शिक्षा, राजनीतिक भागीदारी व सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा हुई।सुभाष स्वामी बीकानेर ने शिक्षा व राजनीतिक क्षेत्र में समाज की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। राधेश्याम स्वामी नोसरिया ने आपसी विवादों को कोर्ट-कचहरी के बजाय सामाजिक स्तर पर सुलझाने की बात कही। बुद्धि प्रकाश स्वामी रामगढ़ ने उचित उम्र में विवाह के महत्व पर प्रकाश डाला इस अवसर पर महामंत्री ललित रांकावत, ओमप्रकाश पारवाल, भंवरलाल चाड़ा, रतनलाल डाल, प्रहलाद चाड़ा, जगदीश स्वामी, भानुप्रकाश स्वामी, कन्हैयालाल स्वामी, रामनिवास स्वामी, गजानंद स्वामी सहित सैकड़ों समाजजन उपस्थित रहे। संचालन हंसराज स्वामी रोडू ने किया।

## न्यूज गैलरी

### फिजियोथेरेपिस्ट से 1.08 लाख की ठगी, मामला दर्ज

**सादुलपुर.** साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड का 1800 रुपए का प्लान बंद करने का झांसा देकर एक फिजियोथेरेपिस्ट के खाते से 1,08,002 रुपए उड़ा लिए। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मूल रूप से सलेमगढ़ (हिसार) निवासी दीपक, जो पिछले 4 वर्षों से राजगढ़ के एएमटी क्लिनिक में फिजियोथेरेपी करते हैं, के पास अनजान नंबर से कॉल आया। कॉलर ने कहा कि उनके क्रेडिट कार्ड पर 1800 रुपए का प्लान एक्टिव है, जिसे बंद करवाने के नाम पर व्हाट्सएप पर एक एपीके फाइल भेजी गई। फाइल डाउनलोड होते ही उनका फोन हैक हो गया और एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड से कुल 1,08,002 रुपए कट गए। साइबर पुलिस स्टेशन जयपुर से प्राप्त जीरो एफआईआर पर राजगढ़ थाना पुलिस ने बीएनएस धारा 318(4), 319(2) व आईटी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। जांच थानाधिकारी राजेश कुमार पुनिया कर रहे हैं।

### नगर निकाय चुनाव को लेकर बीजेपी की तैयारियां तेज

**टोंक.** आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी टोंक की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में भाजपा कार्यालय टोंक में जिला कोर कमेटी एवं चुनाव प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने की, जबकि राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं चुनाव संभाग प्रभारी अरुण चतुर्वेदी का आतिथ्य एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने, चुनावी तैयारियों को गति देने तथा प्रभावी चुनाव प्रबंधन सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष एवं चुनाव संभाग प्रभारी अरुण चतुर्वेदी ने चुनाव प्रबंधन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मजबूत संगठनात्मक नेटवर्क, प्रभावी बूथ प्रबंधन और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका के माध्यम से भाजपा निकाय चुनाव में बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकती है। अरुण चतुर्वेदी ने निकाय क्षेत्रवार संगठनात्मक स्थिति, कार्यकर्ताओं की सक्रियता, चुनावी रणनीति तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया।भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि नगर निकाय चुनाव संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी के साथ चुनावी तैयारियों में जुटने को कहा। तथा संगठन की रीति-नीति एवं केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### राजगढ़ में किसानों के धरने पर पहुंचीं पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया

**सादुलपुर.** हासियावास डैम निर्माण को लेकर किसानों का धरना लगातार जारी है। इस आंदोलन को समर्थन देने पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया धरना स्थल पर पहुंचीं। किसानों को संबोधित करते हुए पूनिया ने कहा कि 1994 के यमुना जल समझौते को नजरअंदाज कर राज्य सरकार ने राजस्थान के हितों को सरेंडर कर दिया है। उन्होंने कहा, "जब तक किसानों को वाजिब हक नहीं मिलता, मैं उनके साथ खड़ी रहूंगी। लाठी चली तो पहली लाठी मैं अपने ऊपर लूंगी।" समझौते के तहत किसानों को केवल 4 महीने में 28 दिन पानी देने की बात कही गई है। पूनिया ने किसानों की जमीन के अधिग्रहण के लिए डीएलसी रेट का 25% मुआवजा और पुनर्वास की मांग की। साथ ही, राजगढ़ में बन रहे डैम का कार्यालय सीकर में खोलने पर नाराजगी जताते हुए इसे राजगढ़ में ही स्थापित करने की मांग की।

# एटीएम काटकर चोरी के प्रयास का खुलासा मेवात से दो आरोपी गिरफ्तार

## गैस कटर से एटीएम काट नकदी उड़ाने की थी साजिश, पांच टीमों ने की तलाश

समाचार जगत ब्यूरो

**फतेहपुर शेखावाटी.** जयपुर-बीकानेर हाईवे पर सरदारपुरा बस स्टैंड के पास आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम को गैस कटर से काटकर नकदी चोरी करने के प्रयास के मामले का फतेहपुर कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डिप्टी नोपा राम भाकर ने बताया कि कोतवाली थानाधिकारी महेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र के आधार पर हरियाणा के मेवात क्षेत्र में दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा। पुलिस के अनुसार 19 अगस्त की रात करीब दो बजे अज्ञात बदमाशों ने गैस कटर की मदद से एटीएम मशीन को काटकर उसमें रखी नकदी निकालने का प्रयास किया था। वारदात की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। पांच टीमों ने संभाला मोर्चा मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की तलाश के लिए पांच विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। टीमों ने घटनास्थल से जुटाए साक्ष्यों, तकनीकी जानकारी और मुखबिर तंत्र के आधार पर संभावित ठिकानों पर दबिश दी। लगातार पीछा करते हुए पुलिस टीम हरियाणा के फिरोजपुर झिरका क्षेत्र तक पहुंची, जहां से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी नूंह जिले के रहने वाले गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इंसाफ पुत्र कासम मेव (25), निवासी घाटा शामशाबाद तथा गुलशाद पुत्र हारून मेव (22), निवासी जगरौली, जिला नूंह (हरियाणा) के रूप में हुई है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पूछताछ में एटीएम चोरी के प्रयास से जुड़े अन्य लोगों और गिरोह के संबंध में अहम जानकारी सामने आने की उम्मीद है। पुलिस द्वारा गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में भी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार जिले में एटीएम काटकर चोरी करने वाले गिरोहों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। वारदात के बाद पुलिस की त्वरित कार्रवाई से आरोपियों तक पहुंचने में सफलता मिली।

### अवैध देशी पिस्टल के साथ एक गिरफ्तार

समाचार जगत ब्यूरो

**नसीराबाद.** पुलिस थाना नसीराबाद सदर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो जिंदा कारतूस सहित एक अवैध देशी पिस्तौल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा घटना में प्रयुक्त एक्टिवा भी जप्त कर ली । सदर थाना पुलिस नसीराबाद से मिली जानकारी के अनुसार सदर थाना के हेड कांस्टेबल श्रीराम को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि एक व्यक्ति एक्टिवा पर राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर बंधन वाड़ा से नसीराबाद की तरफ आ रहा है तथा उसके पास अवैध हथियार हो सकता है । उक्त सूचना पर सदर थाना पुलिस ने मुखबिर के बताए अनुसार एक्टिवा रुकवा कर उसकी तलाशी ली जिसमें एक देसी पिस्टल मय मैगजीन और दो जिंदा कारतूस मिले।

### बहरोड़ में अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**कोटपूतली-बहरोड़, समाचार जगत ब्यूरो.** अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बहरोड़ पुलिस ने एक युवक को तलवार के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान सतेन्द्र सिंह उर्फ श्यामबीर (32) के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक कोटपूतली-बहरोड़ सतवीर सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमराणा सुरेश कुमार खींची के निर्देशन तथा वृत्ताधिकारी बहरोड़ सचिन शर्मा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई करते हुए इलाके में अवैध हथियार के साथ यूवक ेक गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक 22 अगस्त को गश्त के दौरान सूचना मिली कि नांगल चौधरी बाईपास रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति हथियार लेकर खड़ा है। वह किसी पर हमला करने की तैयारी में है जिसके चलते सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मौके पर खड़े संदिग्ध युवक की तलाशी ली। उसके कब्जे से एक अवैध तलवार बरामद की गई। पूछताछ में उसने कोई संतोष जनक जवाब नही दिया जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया गया और थाने ले गई । पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण संख्या 306/2026 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूछताछ में आरोपी ने खुद को भरतपुर जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र के बछामदी गांव का निवासी बताया गया है और वर्तमान में बहरोड़ में राव वीरेंद्र स्कूल के पीछे रह रहा था। वह यह हथियार कहा से लाया ओर इसका क्या करना था इसका वह जवाब नही दे पाया। पुलिस अभी आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक बलराम, सहायक उपनिरीक्षक आत्मप्रकाश, सहायक उपनिरीक्षक सतवीर सिंह और कांस्टेबल इंद्रजीत शामिल रहे।

### परिचय कला संस्थान के चुनाव संपन्न, अनिल नागर बने अध्यक्ष

समाचार जगत ब्यूरो

**अलवर.** परिचय कला संस्थान अलवर के चुनाव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुए। संस्थान के सदस्यों द्वारा निर्विरोध सर्वसम्मति से अनिल नागर का चुनाव अध्यक्ष पद के लिए चौथी बार किया गया। महासचिव पद के लिए धीरज जैन तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए राकेश जैन को चुना गया।

सभी सदस्यों ने पदाधिकारी को बधाई दी। अध्यक्ष ने लोगो को संबोधित करते हुए अए हुए पदाधिकारियों को विश्वास दिलाया कि संस्था के हित में से हमेशा कार्य करते रहेंगे। संस्था के लिए जो भी उचित और बेहतर होगा वही कार्य करते हुए ससंथा का नाम रोशन करेंगे। चुनाव अधिकारी पंकज जैन को बनाया गया। जिन्होंने निष्पक्ष रूप से चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराया। साधारण सभा में चुनाव के लिए सभी सदस्य उपस्थित हुए मुख्य रूप से महेंद्र गोयल, आशीष जैन, कुलदीप जैन, एडवोकेट पंकज शर्मा, एडवोकेट प्रदीप जैन, अनिल मित्तल, सुधांशु जैन, संदीप जैन, देवेंद्र गुप्ता, आरती जैन, मनोज जैन ,अंजू जैन, सुधीर गुप्ता तथा उत्तम कुमार गुप्ता आदि ने भाग लिया। मीडिया प्रभारी महेंद्र गोयल ने बताया कि 5 दिन के अंदर अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी प्रस्तुत करेंगे। तथा 25 अगस्त को शाम 6 बजे जेसीबी क्लब जेल सर्किल अलवर में शपथ ग्रहण समारोह मनाया जाएगा, जिसमें सभी सदस्यों को सब परिवार उपस्थित रहने के लिए अनुरोध किया गया है। अंत में अध्यक्ष द्वारा सभी का आभार व धन्यवाद दिया गया।

### डोडा चूरा तस्करी मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

समाचार जगत ब्यूरो

**भीलवाड़ा.** भीलवाड़ा जिला पुलिस को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। मंगरोप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डोडा चूरा तस्करी मामले में वांछित चल रहे एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। भीलवाड़ा एसपी सागर राणा के निर्देश पर जिले में अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एएसपी मुख्यालय राजेश आर्य और डीएसपी अंजली सिंह के सुपरविजन में मंगरोप थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। मामला 24 जून 2026 का है, जब बड़लियास थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक आई-20 कार (RJ-14-CZ-6136) को रोककर चेकिंग की थी। कार से दो प्लास्टिक के कट्टों में भरा 27 किलो 228 ग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद हुआ था। उस समय पुलिस ने कार सवार दो आरोपियों, हर्षित पारीक और आर्यन चावरिया को मौके से गिरफ्तार कर बड़लियास थाने में NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। आरोपी शोभालाल जाट उर्फ शोभू फरार चल रहा था। मंगरोप पुलिस टीम ने कड़ा एक्शन लेते हुए वांछित आरोपी शोभालाल को गिरफ्तार कर लिया।

### चौमूं की अशोक विहार कॉलोनी में बंदरों की गश्त से कर्फ्यू का आभास

समाचार जगत ब्यूरो

**चौमूं.** राजस्थान प्रदेश के चौमूं नगर की अशोक विहार कॉलोनी में रोजाना सुबह 5 से 7 बजे तक लाल मुंह के बंदरों का लवाजमा कॉलोनी की एक गली से दूसरी गली ही नहीं, एक पेड़ से दूसरे पेड़, एक मकान से दूसरे मकान पर उछल कूद करता हुआ गश्त पर देखा जा सकता है। कॉलोनी के निवासियों ने बताया कि आलम यह है कि इस दौरान पूरी कॉलोनी के रहवासी सहम से जाते है, दहशत में जी रहे है एवं घरों से बहार निकलने से पहले अपने पड़ोसियों को पूछते है कि क्या बंदरों का काफिला गश्त पर आ कर चला गया क्या। यह दो घंटे कॉलोनी के निवासियों के लिए कफ़्र्यू से कम नहीं है। सब अपनी जान बचाकर प्रतिदिन सुबह अपनी रक्षा करते हुए देखे जा सकते है।

### पुलिस ने 24 घंटे में किया चोरी की घटना का खुलासा

समाचार जगत ब्यूरो

**भुसावर.** थाना भुसावर पुलिस ने कस्बे में स्थित पंजाब नेशनल बैंक के बाहर लगे एसी आउटर की हुई चोरी मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसे लेकर सभी ने भुसावर थाना पुलिस का आभार जताया और थानाधिकारी राजेश मीणा सहित उच्च अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर प्रशंसा की। थानाधिकारी राजेश मीणा ने बताया कि 22 अगस्त 2026 को अजीत कुमार मीना पुत्र मोतीलाल मीना, निवासी औंड मीना तहसील महवा, जिला दौसा, हाल शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक भुसावर ने थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट के अनुसार पीएनबी शाखा भुसावर के बाहरी हिस्से पर लगी लोहे की एंगल को अज्ञात चोरों ने 21-22 अगस्त की रात चोरी कर बैंक की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अनुसांन शुरू किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए रेंज आईजी प्रीति चंद्रा व जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा के निर्देशानुसार एएसपी वैर प्रेरणा शेखावत और सीओ नीरज भारद्वाज के सुपरवीजन में टीम का गठन किया गया। जहां टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण, तकनीकी साक्ष्यों व संदिगों से पूछताछ के आधार पर वारदात का खुलासा किया और आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी राजेश मीणा ने बताया कि गठित टीम ने चोरी की घटना का 24 घंटे से भी कम समय में खुलासा करते हुए आरोपी आरिफ खान पुत्र तैयब अली, जाति मुस्लिम, 30 निवासी आढी गंज, जलदाय विभाग के पीछे, बयाना को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से अन्य संबंधित आरोपियों व इलाके तथा अन्य थाना क्षेत्रों में हुई चोरी की वारदातों के संबंध में गहनता से पूछताछ जारी है।

## पहाड़ी मार्ग पर पैदल चलते हुए सूरज छतरी पहुंचा दल

### बूंदी में हेरिटेज वॉक पर्यटन विकास की नई दिशा की ओर एक कदम

समाचार जगत ब्यूरो

**बूंदी.** बूंदी शहर में रविवार को सेव ऑवर हेरिटेज फाउंडेशन, बूंदी टीम द्वारा जिला कलक्टर हरफूल सिंह, पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा एवं रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व वन उप संरक्षक अरुण कुमार व एसडीएम लक्ष्मीकांत के साथ एक विशेष हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। हेरिटेज वॉक का उद्देश्य बूंदी शहर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए संभावित हेरिटेज वॉक रूटों का चयन एवं उनका स्थल निरीक्षण करना था।

हेरिटेज वॉक की शुरुआत अखाड़े वाले बालाजी से हुई। यहां से पहाड़ी मार्ग पर पैदल चलते हुए दल सूरज छतरी पहुंचा। जिला कलक्टर ने सूरज छतरी का बारीकी से निरीक्षण किया और इसके ऐतिहासिक एवं स्थापत्य महत्व को समझा। छतरी परिसर में पौधरोपण करने व परिसर को स्वच्छ रखने की बात कही। कलक्टर व एसपी ने छतरी से बूंदी के सौंदर्य को निहारा ओर पर्यटन योजनाओं की चर्चा की

इसके पश्चात दल टीवी टावर पहुंचा और वहां का निरीक्षण किया। फिर चामुंडा दरवाजे से होते हुए ऐतिहासिक तारागढ़ पहुंचा। तारागढ़ में जे.पी. शर्मा ने कलक्टर व एसपी को गढ़ के विभिन्न हिस्सों का विस्तृत निरीक्षण करवाया तारागढ़ के बाद हेरिटेज वॉक दल गढ़ पैलेस स्थित विश्व प्रसिद्ध चित्रशाला पहुंचा। जिला कलक्टर ने चित्रशाला में चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण किया तथा संरक्षण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। हेरिटेज वॉक का अंतिम पड़ाव लक्ष्मी नारायण मंदिर रहा। मंदिर संचालन समिति के पदाधिकारियों ने मंदिर से संबंधित आवश्यक जीर्णोद्धार एवं संरक्षण कार्यों के लिए जिला कलक्टर महोदय के समक्ष निवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अरिहंत सिंह चरड़ास ने बताया कि बूंदी की ऐतिहासिक धरोहरों को पैदल भ्रमण मार्गों से जोड़कर व्यवस्थित हेरिटेज वॉक रूट विकसित किए जा सकते हैं, जिससे पर्यटकों को बूंदी के इतिहास, स्थापत्य और सांस्कृतिक विरासत को करीब से जानने का अवसर मिलेगा तथा शहर में पर्यटन गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

हेरिटेज वॉक में अजय नुवाल,नारायण मण्डोवरा, रामप्रकाश सैनी, शैलेन्द्र भाकल, नवीका भाकल, हिमांशु सिंह, अमर सिंह, विष्णु पोसवाल, राजेन्द्र सिंह मीणा, प्रसुन बाहेती, अभिषेक यादव व नारायण झंवर शामिल रहें।

### नाथद्वारा में डबल मार से त्रस्त जनता का फूटा गुस्सा

समाचार जगत ब्यूरो

**नाथद्वारा.** नाथद्वारा नगरपालिका क्षेत्र में इस समय जनता के अंदर गुस्से का ज्वालामुखी फूट पड़ा है। यह गुस्सा एक नहीं बल्कि दोहरा है। एक तरफ निवर्तमान भाजपा बोर्ड के पांच साल के निकम्मेपन से जनता त्रस्त है तो दूसरी तरफ भाजपा सरकार में बेतहाशा बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ कर रख दी है। बाजार से लेकर चौपाल तक, मंदिर की सीढ़ियों से लेकर रसोई तक, हर जगह एक ही चर्चा है कि पांच साल में बोर्ड ने किया क्या और महंगाई ने बचा क्या। आम जन का कहना है कि अब बहुत हो गया, अबकी बार चुनाव में जनता नेताओं को उनकी औकात बता देगी। नगर के वरिष्ठ नागरिकों, प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों, व्यापारियों और मातृशक्ति ने खुलकर कहा कि विगत पांच वर्ष तक नाथद्वारा नगरपालिका में भारतीय जनता पार्टी का बोर्ड काबिज रहा लेकिन पूरे पांच साल में नगर में एक भी ऐसा बड़ा विजनरी और स्थायी विकास कार्य नहीं हुआ जिसे जनता गर्व से याद कर सके। पूरे पांच साल तक केवल गली मोहल्ले की टूटी नाली, छोटी सड़क पर पैबंद लगाने और गटर की सफाई करवाकर सोशल मीडिया पर फोटो डालकर वाहवाही लूटने का काम किया गया। नगर के मास्टर प्लान, स्थायी पार्किंग व्यवस्था, जल निकासी का स्थायी समाधान, सौंदर्यीकरण, नियोजित बाजार और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर बोर्ड पूरी तरह फेल रहा। जनता शिकायत लेकर जाती थी तो केवल आश्वासन का लॉलीपॉप थमा दिया जाता था। पांच साल बीत गए लेकिन नाथद्वारा वहीं का वहीं खड़ा है जहां पांच साल पहले था। से पहले माहौल पूरी तरह बदल चुका है।

## न्यूज गैलरी

### मुंबई में जुलूस के दौरान गणेश प्रतिमा गिरने से दो लोगों की मौत, 5 घायल

मुंबई (वार्ता). दक्षिण मुंबई के भूलेश्वर इलाके में गणेश प्रतिमा के आगमन जुलूस के दौरान प्रतिमा गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में दो नाबालिग लड़कियां भी शामिल हैं।नगर निगम के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।यह घटना शनिवार रात करीब 9.51 बजे दक्षिण मुंबई के जय अंबे चौक, कबूतरखाना के पास बलराम मर्चेंट रोड पर हुई, जब 'भूलेश्वर चा राजा' की आगमन शोभायात्रा निकाली जा रही थी। सूचना मिलते ही मुंबई फायर ब्रिगेड, मुंबई पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, 108 एम्बुलेंस सेवा और बीएमसी (बीएमसी) वार्ड के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए।मृतकों की पहचान संकेत नेवसे (33) और बृजेश हेमंत जोशी (30) के रूप में हुई है। संकेत को रिलायंस अस्पताल में मृत घोषित किया गया, जबकि बृजेश को जी.टी. अस्पताल में मृत घोषित किया गया।घायलों में वैभव धनंद (38) और पवन चौरसिया (25) शामिल हैं; दोनों को जी.टी. अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनकी हालत स्थिर बताई गई है। पांच साल की लावण्या गनेर, सात साल की दिव्या गनेर और कुणाल काशिद (26) को जे.जे. अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत भी स्थिर बताई गई है। बाद में एक और घायल व्यक्ति को सैफी अस्पताल ले जाए जाने की जानकारी मिली।

### बॉयलर फटने से प्लांट में लगी भीषण आग, 40 मजदूर सुरक्षित

मोहाली (वार्ता). पंजाब के मोहाली (मुबारकपुर) स्थित एनएच लुक प्लांट में रविवार दोपहर बॉयलर फटने से जोरदार धमाके की आवाज के साथ वहां भीषण आग लग गयी, हालांकि काम कर रहे सभी करीब 40 मजदूर सुरक्षित हैं।सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे के दौरान प्लांट में मौजूद सभी 40 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।आग लगने से प्लांट में हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। वहीं, बॉयलर फटने के कारणों की जांच शुरू कर दी गयी है। प्रशासन की ओर से हादसे की परिस्थितियों और सुरक्षा इंतजामों की भी पड़ताल की जा रही है।

### अवैध हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

अमृतसर (वार्ता). पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट, अमृतसर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले नेटवर्क का भंडाफोड़ कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 10 अत्याधुनिक पिस्तौल, मैगजीन और 9 एमएम के 10 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी कथित तौर पर विदेश में बैठे एक हैंडलर के संपर्क में थे।

**तीजोत्सव पारंपरिक खेल प्रतियोगिताएं, लोकगायक कुतले खान की लोक एवं सूफी प्रस्तुतियों ने बांधा समां**

# क्राफ्ट मेला और राजस्थानी व्यंजनों के फूड स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र

समाचार जगत ब्यूरो

**नई दिल्ली.** बीकानेर हाउस, नई दिल्ली में राजस्थान की लोक संस्कृति, परंपराओं, कला, हस्तशिल्प, संगीत और खानपान को समर्पित तीजोत्सव-2026 अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। तीजोत्सव के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की जीवंत झलक देखने को मिल रही है। तीजोत्सव का समापन सोमवार को होगा। तीजोत्सव-2026 का मुख्य आकर्षण में रविवार को आयोजित सांस्कृतिक संध्या में जैसलमेर के प्रसिद्ध लोकगायक कुतले खान ने अपनी प्रभावशाली लोक एवं सूफी गायकी से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति के दौरान बीकानेर हाउस परिसर राजस्थानी लोक संगीत की मधुर स्वर लहरियों से गूंज उठा।

राजस्थान पर्यटन द्वारा श्री कुतले खान की सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए निर्धारित कार्यक्रम में लोक एवं सूफी संगीत की विभिन्न लोकप्रिय प्रस्तुतियां शामिल रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत केसरिया बालम से हुई। इसके बाद झूले झूले लाल, अली मोरे अंगना दरस दिखा, छाप तिलक, सानू इक पल, ये तूने क्या किया, घूमर, वारी जाऊं रे सहित अनेक लोकप्रिय रचनाओं की प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में अंखियां उडीक दिया, आजा माही, पिया घर आया के मिश्रित गायन के साथ-साथ नीट खैर, तू माने या ना माने, सजदा, काली काली जुल्फों, जोगी दे नाल, दम नाल दम भरांगी, सांसों की माला पे, दुल्हे का सेहरा, लाल मेरी पत, बोली प्यारी लागे, लहरियो, सलामत रहे तेरी आंखों की मस्ती, सोचता हूं कि वो कितने मासूम थे, कहना गलत गलत तथा दमादम मस्त कलंदर जैसी प्रस्तुतियों ने सांस्कृतिक संध्या को विशेष रंग प्रदान किया। सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन केन्द्रीय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल, मुख्य सचिव वी.श्रीनिवासन, प्रमुख आवासीय आयुक्त रोहित कुमार सहित अन्य विषिष्टजनों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर रविवार को केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, सांसद पी.पी.चैधरी, राहुल कस्वां, राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद, गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, मुख्य आवासीय आयुक्त और राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास , नीति आयोग के सदस्य एम.श्रीनिवासन, संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल, सदस्य सचिव, आई.जी.एन.सी.ए, निदेशक, पी.एम.एम.एल, केन्द्र और राजस्थान सरकार के आईएएस, आईपीएस एवं आईएफएस अधिकारी, वरिष्ठ अधिकारी तथा एनडीएमसी की चेयरपर्सन सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने उत्सव का अवलोकन किया। प्रमुख आवासीय आयुक्त रोहित कुमार ने सभी गणमान्यजनों का राजस्थानी साफा पहनाकर स्वागत उन्हें मेले का अवलोकन करवाया। उन्होंने बताया कि तीजोत्सव में राजस्थान के हस्तशिल्प, लोक कला एवं पारंपरिक उत्पादों ने विशेष आकर्षण पैदा किया। विभिन्न हस्तशिल्प वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं बिक्री के माध्यम से प्रदेश के शिल्पकारों और लोक कलाकारों को अपनी कला प्रदर्शित करने का अवसर मिला। वहीं, राजस्थानी खानपान के फूड स्टॉल भी तीजोत्सव में आने वाले लोगों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। पारंपरिक राजस्थानी व्यंजनों का स्वाद लोगों को राजस्थान की संस्कृति और खानपान की समृद्ध परंपरा से रूबरू करा रहा है। रोहित कुमार ने बताया कि बीकानेर हाउस में आयोजित तीजोत्सव-2026 दिल्लीवासियों एवं राजस्थान से जुड़े लोगों के लिए राजस्थान की लोक संस्कृति, संगीत, कला, हस्तशिल्प और पारंपरिक खानपान को एक ही मंच पर अनुभव करने का अवसर प्रदान कर रहा है।

**भाजपा सभी 117 सीटों पर अकेले लड़ेगी: प्रो. ख्याला**

# 'अकाली दल के साथ गठबंधन की अटकलें निराधार'

**मजीठा/अमृतसर (वार्ता).** पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता और मजीठा विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी प्रो. सरचांद सिंह ख्याला ने रविवार को कहा है कि भारतीय जनता पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव में सभी 117 सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के साथ संभावित गठबंधन को लेकर चल रही अटकलों को निराधार बताया। मीडिया से बातचीत में प्रो. ख्याला ने कहा कि अकाली दल के कुछ नेताओं की ओर से भाजपा-शिअद गठबंधन को लेकर दिए जा रहे बयान उनके व्यक्तिगत विचार और राजनीतिक अटकलें हैं। उन्होंने कहा कि ये भाजपा की आधिकारिक नीति को प्रदर्शित नहीं करते। उन्होंने कहा कि भाजपा का रुख केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं। भाजपा पंजाब में बिना किसी गठबंधन के सभी 117 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। प्रो. ख्याला ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष 24 और 25 अगस्त को दो दिवसीय पंजाब दौरे पर आयेंगे। इस दौरान वह पार्टी के संगठनात्मक ढांचे की समीक्षा करने के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेंगे।इसी सिलसिले में मजीठा में भाजपा अमृतसर ग्रामीण-2 के जिला अध्यक्ष कंवरबीर सिंह मंजिल की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में जिला प्रभारी रणजीत सिंह खोजेवाल, सह-प्रभारी मानव तनेजा, मजीठा विधानसभा प्रभारी प्रो. सरचांद सिंह ख्याला, विधानसभा संयोजक प्रदीप सिंह भुल्लर, मंडल अध्यक्ष राकेश पप्पा सहित मंडल अध्यक्ष, बूथ स्तर के नेता और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।प्रो. ख्याला ने कहा कि भाजपा का मुख्य उद्देश्य राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तर तक मजबूत संगठन खड़ा करना है। इसके लिए पार्टी ने चुनाव प्रभारियों, विधानसभा प्रभारियों और वरिष्ठ नेताओं की नियुक्तियां की हैं, जो राज्यभर में पार्टी की चुनावी रणनीति को लागू करेंगे। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब में नशे, गैंगस्टरवाद, सीमा पार तस्करी, बेरोजगारी, कृषि संकट, उद्योगों के दूसरे राज्यों में जाने और कानून-व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं बनी हुई हैं।

**युवाओं को बंधक बनाकर परिजनों से लाखों की फिरौती मांगने का दावा : सीचेवाल**

# 'खान बाबा' गैंग का एशियाई देशों में नेटवर्क होने का आरोप

**चंडीगढ़ (वार्ता)** पंजाब से राज्यसभा सांसद संत बलबीर सिंह सीचेवाल ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर पंजाब समेत देश के युवाओं को कथित तौर पर फंसाकर बंधक बनाने और उनके परिजनों से लाखों रुपये की फिरौती मांगने वाले 'खान बाबा' गैंग के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। श्री सीचेवाल ने केंद्रीय गृह मंत्री, विदेश मंत्री और पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से मामले की व्यापक जांच कराने तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्क की जांच के लिए इंटरपोल की मदद लेने की मांग की है।

सीचेवाल ने रविवार को पीड़ित परिवारों को मीडिया के सामने लाते हुए कहा कि 'खान बाबा' नाम से कथित गिरोह पिछले कई वर्षों से एशियाई देशों में सक्रिय है। आरोप है कि इसके एजेंट पंजाब और देश के अन्य हिस्सों के बेरोजगार युवाओं को विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर बाहर भेजते हैं और वहां उन्हें बंधक बनाकर उनके परिवारों से लाखों रुपये की फिरौती मांगी जाती है। उन्होंने बताया कि जालंधर निवासी कुलराज सिंह और कपूरथला निवासी मनप्रीत सिंह के परिवारों ने 29 जुलाई को उनसे संपर्क किया था। परिवारों के अनुसार, दोनों युवाओं को एजेंटों ने स्पेन भेजने का भरोसा दिया था लेकिन बाद में वे कथित तौर पर एक गिरोह के चंगुल में फंस गए। मामले को तत्काल विदेश मंत्रालय के समक्ष उठाया गया। मनप्रीत सिंह नौ अगस्त को भारत लौट आया, जबकि कुलराज सिंह के परिवार के अनुसार वह अभी थाईलैंड में पुलिस हिरासत में है।पीड़ित परिवारों ने आरोप लगाया कि युवाओं की रिहाई के बदले लाखों रुपये की मांग की गई। मनप्रीत के परिवार का दावा है कि उसकी वापसी के लिए 22.50 लाख रुपये दिए गए, जबकि कुलराज के परिवार के अनुसार आठ लाख रुपये पहले ही दिए जा चुके थे और इसके बाद 15 लाख रुपये और मांगे गए।

परिवारों ने यह भी आरोप लगाया कि युवाओं को कथित तौर पर प्रताड़ित किया गया और उन्हें डराने के लिए उनके वीडियो या ऑडियो रिकॉर्डिंग परिजनों को भेजी गईं।संत सीचेवाल ने कहा कि इराक, केन्या और इथियोपिया सहित अन्य देशों से भी इस तरह के मामले सामने आने की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि जांच का दायरा केवल एक-दो मामलों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह पता लगाया जाना चाहिए कि युवाओं को विदेश भेजने वाले एजेंटों के कथित तौर पर इन गिरोहों से क्या संबंध हैं और इस नेटवर्क का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कितना विस्तार है। उन्होंने लोगों से अपील की कि विदेश में नौकरी दिलाने का दावा करने वाले ऐसे एजेंटों से सावधान रहें, खासकर जब वे यह कहें कि भुगतान विदेश पहुंचने के बाद किया जाएगा।

उन्होंने युवाओं और उनके परिवारों से एजेंट की पूरी जानकारी और वैध दस्तावेजों की जांच किए बिना ऐसे प्रस्ताव स्वीकार न करने की अपील की।पीड़ित मनप्रीत सिंह ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि कथित गिरोह के चंगुल में बिताया समय बेहद भयावह था और उसे हर समय अपनी जान का खतरा महसूस होता था। उसके अनुसार, भारत लौटते समय उसका पासपोर्ट उसके पास नहीं था। उसने बताया कि हवाई अड्डे पर अधिकारियों ने कथित तौर पर मोबाइल फोन में उसकी तस्वीर देखकर उसे आगे जाने दिया।

# नई पीढ़ी को बप्पा रावल के गौरवमय इतिहास से जोड़ने का किया आह्वान

**जयपुर, समाचार जगत न्यूज.** राज्यपाल बागडे रविवार को उदयपुर के कैलाशपुरी स्थित गांव मथाथा भी पहुंचे । उन्होंने वहां मेवाड़ के संस्थापक बप्पा रावल के घोड़े पर सवार भव्य प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धा निवेदित की। बाद में बागडे ने वही निर्मित बप्पा रावल पैनोरमा में प्रदर्शित इतिहास से जुड़ी विभिन्न घटनाओं और उनके आलोक में निर्मित प्रतिमाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि बप्पा रावल मेवाड़ के संस्थापक ही नहीं थे बल्कि भारतीय इतिहास को गौरव प्रदान करने वाले महान योद्धा थे। उन्होंने बप्पा रावल से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों का स्मरण करते हुए कहा कि बप्पा रावल ने अरबों को भारत से खदेड़ा और उसके बाद 100 साल तक अरब भारत की ओर रुख नहीं कर सके थे। उन्होंने बप्पा रावल जैसे प्रतापी शासक के गौरवमय इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए भी निरंतर प्रयास किए जाने पर जोर दिया।

### सम्पूर्ण जगत में प्राचीन भारतीय ज्ञान पर शोध व अध्ययन आवश्यक: राज्यपाल

जयपुर/उदयपुर । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे रविवार को उदयपुर में इतिहास विभाग, फैकल्टी ऑफ़ सोशल साइंस एन्ड ह्यूमेनिटीज़, पेसिफिक अकादमी ऑफ़ हायर एजुकेशन एन्ड रिसर्च विश्वविद्यालय, वैश्विक संस्कृत मंच एवं वैश्विक इतिहास मंच के तत्वधान मे आयोजित प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा : ज्ञान एवं विज्ञानं के आधुनिक आयाम विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में सम्बोधित कर रहे थे।

# गरीब, मजदूर और किसानों के अधिकार कमजोर कर रही भाजपा सरकार : कुमारी सैलजा

वार्ता

**सिरसा.** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने भाजपा सरकार पर गरीब, मजदूर और किसानों के अधिकारों को कमजोर करने का आरोप लगाया है।सिरसा के नेजाडेला, रामपुरा बिश्नोईयां और डबवाली में आयोजित सामाजिक कार्यक्रमों में पहुंचीं सैलजा ने कहा कि सरकार की नीतियों से गरीब और किसानों की सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा गंभीर रूप से प्रभावित हुई है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने वर्ष 2005 में मनरेगा कानून बनाकर ग्रामीण परिवारों को रोजगार का कानूनी अधिकार दिया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी नयी ग्रामीण रोजगार व्यवस्था में गरीबों के काम मांगने और समय पर रोजगार पाने के अधिकार से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।सफाई कर्मचारियों के आंदोलन पर सुश्री सैलजा ने कहा कि सफाई, सीवर और अग्निशमन कर्मचारी बुनियादी सेवाओं की रीढ़ हैं। सरकार को कर्मचारियों से टकराव का रास्ता चुनने के बजाय बातचीत के जरिये उनकी उचित मांगों का समाधान करना चाहिए।फसल बीमा योजना पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को बीमा कंपनी, नुकसान की सूचना देने की प्रक्रिया, सर्वे और मुआवजे की स्पष्ट जानकारी मिलनी चाहिए।प्रत्येक जिले में संबंधित कंपनी और जिम्मेदार अधिकारियों की जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए, ताकि फसल नुकसान का सर्वे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा हो सके और मुआवजा सीधे किसानों के खातों में हस्तांतरित किया जा सके।

# फड़णवीस ने जेन जी से साझा की राजनीतिक यात्रा कहा- लोकतंत्र किसी को भी मुख्यमंत्री बना सकता है

वार्ता



**नागपुर.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने रविवार को नागपुर में जेन जी से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अपनी राजनीतिक यात्रा, सार्वजनिक जीवन के दबावों और सामान्य व्यक्ति के राज्य के सर्वोच्च राजनीतिक पद तक पहुंचाने में संविधान एवं लोकतंत्र की भूमिका पर चर्चा की।बातचीत में युवाओं ने फड़णवीस से राजनीति में आने की प्रेरणा, एक पार्षद से मुख्यमंत्री बनने तक के सफर और इस जिम्मेदारी से जुड़े दबाव को संभालने के तरीकों के बारे में सवाल पूछे।

फड़णवीस ने कहा कि जब वे राजनीति में आये थे, तब उन्होंने पार्षद बनने की भी कल्पना नहीं की थी। शुरुआत में उनका इरादा विपक्ष में रहकर काम करने, आंदोलनों में भाग लेने और विभिन्न मुद्दों के लिए संघर्ष करने का था। उन्होंने कहा कि लोगों ने धीरे-धीरे उन पर अपना भरोसा जताया, जिससे वे राजनीति में आगे बढ़ सके और अंततः मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभाली। यही भारतीय लोकतंत्र और संविधान की ताकत है।युवाओं को संबोधित करते हुए श्री फड़णवीस ने कहा कि देश का कोई भी व्यक्ति दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़कर मुख्यमंत्री बनने की आकांक्षा रख सकता है, क्योंकि भारतीय संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था ऐसा अवसर प्रदान करती है। यह देश के संविधान और लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकतों में से एक है।दबाव से निपटने के सवाल फड़णवीस ने कहा कि राजनीति उनके लिए कोई पेशा नहीं, बल्कि मिशन है। उन्होंने कहा कि वे राजनीति को सामाजिक और आर्थिक बदलाव लाने का शक्तिशाली माध्यम मानते हैं।अपने शुरुआती राजनीतिक वर्षों को याद करते हुए फड़णवीस ने कहा कि 18 वर्ष की आयु में, वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ लाल चौक पर तिरंगा फहराने के लिए जम्मू-उधमपुर होते हुए श्रीनगर की ओर बढ़े थे। उन्होंने बताया कि उनके समूह को रोककर गिरफ्तार कर लिया गया था। बाद में, उन्होंने दिल्ली में तत्कालीन प्रधानमंत्री के आवास का घेराव किया और लाल चौक पर तिरंगा फहराने की मांग की। फड़णवीस ने 1992 में मुरली मनोहर जोशी और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लाल चौक पर तिरंगा फहराये जाने का भी उल्लेख किया।राम जन्मभूमि आंदोलन में अपनी भागीदारी याद करते हुए फड़णवीस ने कहा कि 20 वर्ष की उम्र में उन्होंने प्रयागराज से अयोध्या तक की यात्रा की थी। आंदोलन के दौरान उन्हें गोलीबारी, लाठीचार्ज और गिरफ्तारी का सामना करना पड़ा था। उन्हें बदायूं केंद्रीय कारागार में 18 दिन बिताये और 1992 में जब बाबरी ढांचा गिराया गया था, तब वे अयोध्या में मौजूद थे। फड़णवीस ने कहा कि उनकी राजनीतिक यात्रा चुनौतीपूर्ण माहौल में शुरू हुई थी और कम उम्र से ही आंदोलन, गिरफ्तारी और दबाव का सामना करने जैसे अनुभवों ने उन्हें सार्वजनिक जीवन में दबाव संभालने का अभ्यस्त बनाने में मदद की।

**एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने अवैध औषधि कारखाने पर मारा छापा**

# 100 करोड़ रुपए मूल्य की 50 किलोग्राम एमडी जब्त

**कोल्हापुर (वार्ता).** महाराष्ट्र एंटी-नारकोटिक्स (एमएएन) टास्क फोर्स ने बीती रात चंदगढ़ तहसील के हजगोली गांव में एक अवैध सिंथेटिक नशीला पाउडर मेफेड्रोन (एमडी) औषधि विनिर्माण कारखाने पर छापा मारा और छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया।जिला पुलिस के अनुसार, पुणे की एमएएन टास्क फोर्स टीम ने एक एमडी औषधि फैक्ट्री पर छापा मारकर लगभग 50 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी) जब्त की। इसके साथ ही कच्चे रसायन, मिक्सिंग कंटेनर, कांच के उपकरण, डिजिटल तराजू और हीटिंग उपकरण भी बरामद किये गये, जिनकी कुल कीमत लगभग 100 करोड़ रुपये है।पुलिस ने कर्नाटक-गोवा सीमा के पास काम कर रहे छह लोगों को हिरासत में लिया है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक त्रिशला गोधा द्वारा समाचार जगत, 11 जवाहर लाल नेहरू मार्ग, विद्याश्रम स्कूल के सामने, संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : शैलेन्द्र गोधा* । फोन : 3509888 (संपादकीय) : फैक्स : 0141-2708088
e-mail: samacharjagat@gmail.com, sjnews@samacharjagat.com
* पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी